नई दिल्ली
शुक्रवार, 20 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी+दशमी वर्ष : 29, अंक : 66
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 32
न्यून. 27


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## 8वें वेतन आयोग से डबल खुशी

# डबल हो जाएगी केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी, 1 जनवरी से होगा लागू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र ने 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। 8वां वेतन आयोग लागू होते ही देश के 1 करोड़ से ज्यादा केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स की सैलरी और पेंशन में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। संशोधित वेतन संरचना 1 जनवरी, 2026 से लागू होने की उम्मीद है। आधार वेतन समायोजन के अलावा, हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) और ट्रैवल अलाउंस (टीए) जैसे भत्तों में भी कर्मचारी पोस्टिंग और यात्रा आवश्यकताओं के आधार पर अपडेट देखने को मिल सकते हैं। नतीजतन, एक ही वेतन ग्रेड के दो कर्मचारियों की कुल आय उनके भत्ते के हक में भिन्नता के कारण अलग-अलग हो सकती है। इसके अलावा, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) और केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में योगदान भी प्रभावित होगा। वर्तमान में, सरकारी कर्मचारी अपने मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10% एनपीएस में योगदान करते हैं, जिसमें सरकार 14% योगदान देती है। वेतन ▶▶ शेष पेज 07 पर

## खबर संक्षेप

### लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट में आई खराबी



**नई दिल्ली।** गुरुवार सुबह 6 बजे दिल्ली से लेह जा रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई 2006 ) में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। विमान में 180 यात्री सवार थे, और सभी सुरक्षित हैं। यह चौथी घटना है।

### अब कोरोना के दो नए वैरिएंट आए चर्चा में



**नई दिल्ली।** तीन हफ्तों में ही देश में एक्टिव केस बढ़कर 7400 से अधिक हो गए थे। अब एक्टिव केस घटकर 5976 रह गए हैं। कोरोना के दो वैरिएंट्स निंबस और स्ट्राटस को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है। इन वैरिएंट्स की संक्रामकता दर ओमिक्रॉन के पिछले वैरिएंट्स की तुलना में ढाई गुना तक अधिक हो सकती है। पिछले एक महीने से अधिक समय से भारत सहित दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस का प्रकोप देखा जा रहा है।

### युद्ध के बीच ईरान से हुई 110 भारतीय छात्रों की स्वदेश वापसी, हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री ने किया स्वागत

# ईरान के बाद अब इजरायल से भारतीयों की सुरक्षित निकासी की तैयारी में भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंधु के तहत गुरुवार को ईरान से 110 भारतीय छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी हुई। राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने छात्रों का स्वागत किया और उनका हालचाल जाना। छात्रों ने केंद्र सरकार का धन्यवाद किया और सिंह के साथ अपने अनुभव भी साझा किए।

वहीं, विदेश मंत्रालय ने बताया कि ईरान के बाद अब भारत ने इजरायल से भी अपने नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी करने का निर्णय लिया है। यह वो तमाम भारतीय होंगे जो इजरायल और ईरान के बीच युद्ध की वजह से लगातार चुनौतीपूर्ण होते जा रहे हालात में अपने देश वापस लौटने के इच्छुक हैं। इजरायल के तेल अवीव में भारतीय दूतावास अपने नागरिकों की वतन वापसी से जुड़ी हुई तमाम व्यवस्था करेगा। इसलिए सभी से अनुरोध है कि वो अपना नाम व अन्य जरूरी जानकारी के साथ दूतावास के http://www.indembassy-israel.Gov.in/indian_national_reg लिंक पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराएं। नई दिल्ली का ये निर्णय एक ऐसे समय में भी सामने आया है। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत और इजरायल के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के बीच पश्चिम-एशिया तनाव पर हुई बातचीत



### जमीनी, हवाई सीमा का करेंगे उपयोग

*मंत्रालय ने कहा कि इजरायल से अपने नागरिकों को सुरक्षित भारत वापस लाने के लिए पहले जमीनी सीमा और उसके बाद हवाई सीमा का प्रयोग किया जाएगा। यह ठीक वैसी ही प्रक्रिया होगी जो भारत ने ईरान से अपने नागरिकों की वतन वापसी के लिए अपनाई है। भारत सरकार विदेशों में अपने नागरिकों की सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानती है। साथ ही वह दोनों देशों में बने हुए संपूर्ण घटनाक्रम पर लगातार कड़ी निगरानी बनाए हुए है। तेल अवीव में दूतावास ने पूर्व में जारी अपने तमाम परामर्शों में भी इजरायल में रह रहे भारतीय नागरिकों को हमेशा सतर्क रहने और इजरायल के अधिकारियों के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की अपील की है। दूतावास भारतीयों तक हर संभव मदद प्रदान करने के लिए लगातार उनके संपर्क में बना हुआ है। इसके अलावा किसी प्रकार की कोई और जानकारी प्राप्त करने के लिए मंत्रालय द्वारा चौबीसों घंटे की सुविधा के साथ स्थापित किए गए कंट्रोल रूम की भी मदद ली जा सकती है। तेल अवीव में भारतीय दूतावास ने +97254-3278392, +97254-3278392 हेल्पलाइन नंबरों और* **cons1.Telaviv@›mea.Gov.in** *पर संपर्क करने का आग्रह किया है।*

### अभियान में शामिल नहीं होगी वायुसेना

*उधर, नई दिल्ली हवाईअड्डे पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान से 110 भारतीय सुरक्षित देश वापस लौटे हैं। 19 जून को तुर्कमेनिस्तान से लोगों को निकालने के लिए एक और विमान भेजा जाएगा। हमारे तमाम मिशन ने निकासी अनुरोध प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन शुरू की है। जिस तरह से हालात आगे बढ़ेंगे। हम ईरान से सभी भारतीयों को निकालने के लिए और अधिक विमान भेजेंगे। तुर्कमेनिस्तान और आर्मेनिया के साथ भारत के अच्छे संबंध हैं। भारतीयों की सुरक्षा और उनका कल्याण हमारा कर्तव्य है। हम उनकी सुरक्षित वापसी के लिए सब कुछ करेंगे। अभी भारतीय वायुसेना को अभियान में शामिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है।*

### भारत-इजरायल के रक्षा अधिकारियों की बातचीत

*भारत के रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और इजरायल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (आरईएस) अमीर बारम के बीच टेलीफोन पर बातचीत हुई। रक्षा मंत्रालय ने बीते बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए कहा कि 18 जून को रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह को इजरायल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल बारम की तरफ से एक फोन कॉल की गई। जिसमें उन्होंने रक्षा सचिव को वर्तमान में पश्चिम एशिया में बने हुए ताजा घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।*



KOTHARI®
FREEDOM
VEST | TSHIRT | BRIEF | BOXER | BERMUDA | TRACK PANT
Kothari Hosiery Factory Private Limited
29, Strand Road, Mohta House 2nd Floor, Kolkata 700001
P 84208 26999, www.kotharihosiery.com

पतंजलि®

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वस्थ, समृद्ध और परम वैभवशाली भारत के निर्माण का संकल्प लें

योगमय भारत : स्वामी रामदेव जी का आह्वान



विश्व के सबसे बड़े योग गुरु
योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज से सीधा जुड़कर योग सीखें
आस्था LIVE — प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 7:30 व रात 8:00 बजे
INDIA TV — रोज सुबह 7:56 बजे



आइए, इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर स्वामी जी के नेतृत्व में योगव्रती और स्वदेशीव्रती बनकर एक स्वस्थ, समृद्ध, समर्थ, संगठित और परम वैभवशाली भारत का निर्माण करें।

पतंजलि के माध्यम से पिछले तीन दशकों में योग, आयुर्वेद और स्वदेशी ने विश्व के 200 देशों में 200 करोड़ से अधिक लोगों को रोगमुक्ति, नशामुक्ति और आध्यात्मिक जागृति का मार्ग दिखाया है। इससे न केवल लाखों करोड़ रुपये की बचत हुई, अपितु एक आध्यात्मिक, सनातन जीवन पद्धति की नींव भी रखी गई।

"जागरण के देवता"

देश के शीर्षस्थ संत सहित करोड़ों लोग स्वामी जी महाराज को ''जागरण के देवता'' के रूप में देखते हैं जिन्होंने देश भर में 25 लाख किलोमीटर की यात्रा करके दस करोड़ से अधिक लोगों को योग का प्रशिक्षण देकर, एक करोड़ निःस्वार्थ एवं निष्काम सेवा करने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता तैयार किए। पतंजलि के वे प्रशिक्षित योगी भाई-बहन देश के हर गांव, शहर, गली और मोहल्ले में एक लाख से अधिक योग शिविरों एवं नियमित योग कक्षाओं के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश दे रहे हैं। सुबह जल्दी उठकर योग करने की यह क्रांति भारत को नई दिशा दे रही है।

**निःस्वार्थ भाव से मानव कल्याण का अभियान** आज पूरे देश भर में पतंजलि के 10,000 से अधिक केंद्रों और 2,500 योग्य एवं प्रशिक्षित वैद्यों के माध्यम से योग, आयुर्वेद एवं स्वदेशी के क्षेत्र में बहुत बड़ी सेवा चल रही है। यदि इस सेवा का मूल्यांकन करें तो राष्ट्रसेवा में यह एक लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का योगदान है। पतंजलि का प्रत्येक प्रकल्प भारत माता की सेवा के लिए समर्पित है।

**स्वदेशी से समृद्धिः अर्थ से परमार्थ** ऑक्सफैम ग्लोबल यू.के. एवं अन्य स्रोतों के सर्वे के अनुसार, 1765 से 1900 के बीच विदेशी कंपनियों और आक्रांताओं ने भारत से 100 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की लूट की और आज भी यह लूट निरंतर जारी है। स्वामी जी स्वदेशी के माध्यम से इस लूट को रोकने और भारत को आर्थिक महाशक्ति की ओर ले जाने के लिए संकल्पित हैं। **"Prosperity for Charity":** पतंजलि ने 100% लाभ भारत माता की सेवा में लगाया है, लगा रहे हैं और आगे भी लगाएंगे।

**भारतीय शिक्षा बोर्ड द्वारा मैकाले की शिक्षा पद्धति से मुक्ति** 1835 से चली आ रही मैकाले की शिक्षा पद्धति से देश को मुक्त करने के लिए पतंजलि गुरुकुलम् और आचार्यकुलम् जैसे संस्थान भारतीय शिक्षा बोर्ड के साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व, चरित्र और नेतृत्व वाले बच्चों का निर्माण कर रहे हैं। आगे लाखों विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध कर हम एक नए भारत का निर्माण कर रहे हैं। अपने बच्चों को पतंजलि गुरुकुलम्, आचार्यकुलम्, पतंजलि विश्व विद्यालय में पढ़ाएं और **BSB** के साथ अपने विद्यालय को संबद्ध करके राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में अपनी भूमिका निभायें।

**स्वास्थ्य क्रांतिः निरोगी भारत** चरक, सुश्रुत, धन्वंतरी और पतंजलि जैसे महर्षियों के ज्ञान पर आधारित वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ पतंजलि वेलनेस, योगग्राम और निरामयम् जैसे विश्वस्तरीय इंटिग्रेटेड ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित किए गए हैं, जहां करोड़ों लोग निरोगी और स्वस्थ हो रहे हैं। स्वामी जी का आह्वान है कि प्रत्येक व्यक्ति स्वयं योग करे और दस लोगों को योग कराएं। यदि 1% जागरूक लोग भी सुबह योग करें एवं योगमय सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं, तो भारत का हेल्थ बजट शून्य हो सकता है।


**शोध और समाधानः विज्ञान और परंपरा का संगम** पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड पतंजलि मेडिसिन्स विकसित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को ठीक कर रही हैं। 5,000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जर्नल्स में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है।

**योग धर्म अब युगधर्म बनेः सनातन ही समाधान है** आज योग और सनातन धर्म विश्व की आवश्यकता हैं। तनाव, बीमारियां, सामाजिक और सांस्कृतिक पतन से जूझ रही दुनिया को पतंजलि योग और सनातन मूल्यों के माध्यम से नई दिशा दे रहा है। आइए, योगधर्म मूलक सनातन जीवन पद्धति को अपनाएं।

**पंच महाक्रान्तियों का शंखनाद** शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक एवं सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने एवं आर्थिक व आध्यात्मिक भारत बनाने के लिए पतंजलि एक लाख से अधिक गौ माता की सेवा कर रहा है और गौवंश को बचाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना पर कार्यरत है।

पतंजलि के शुद्ध एवं सात्विक प्रोडक्ट्स अपनाइए,
अपने बच्चों व परिवार को मिलावट के ज़हर से बचाइए।




श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
उच्च शिक्षा
की राह अब हुई
आसान
एजुकेशन लोन पर मिल रहा
ऋण ब्याज अनुदान
मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण
ब्याज अनुदान योजना
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

नई दिल्ली
शुक्रवार, 20 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, नवमी+दशमी वर्ष : 29, अंक : 66
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 27

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

कनाडा की संसद में पेश की गई वार्षिक रिपोर्ट में शीर्ष खुफिया एजेंसी का पहला आधिकारिक कबूलनामा

# कनाडा की धरती से बेरोकटोक जारी खालिस्तानियों की 'भारत विरोधी गतिविधियां'

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

आखिरकार कनाडा में खालिस्तानी चरमपंथियों की जिन नकारात्मक गतिविधियों का भारत ने कई बार तथ्यों के साथ खुलासा किया...वो सोलह आने सच साबित हुई हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं। क्योंकि अब खुद कनाडा की शीर्ष खुफिया एजेंसी (सीएसआईएस) ने अपनी एक ताजातरीन वार्षिक रिपोर्ट में इस तथ्य को संसद में पेश करते हुए स्वीकार किया है।

ये सीएसआईएस का मामले में किया गया पहला आधिकारिक कबूलनामा है। जिसमें उसने माना है कि खालिस्तानी चरमपंथी कनाडा की सीमाओं के अंदर से ही अपनी तमाम भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करने और भारत में हिंसा को बढ़ावा देने, योजना बनाने और उसके लिए धन जुटाने के लिए कनाडा की धरती का उपयोग एक बेस यानी आधार के रूप में कर रहे हैं। यहां बता दें कि कनाडा की खुफिया एजेंसी ने अपनी यह रिपोर्ट बीते बुधवार को उस वक्त सार्वजनिक की। जब कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें कार्नी ने कहा कि मामले पर हमने चर्चा की। इस पर कनाडा में कानूनी प्रक्रिया जारी है और मुझे विषय पर कुछ भी बोलने से पहले सतर्क होने की आवश्यकता है। ▸▸ शेष पेज 7 पर



### समुदायों, नेताओं को करते प्रभावित

*रिपोर्ट में ये आरोप लगाया गया है कि भारतीय अधिकारी जिनमें उनके कनाडा के छद्म एजेंट शामिल हैं। देश में कई तरह की गतिविधियों में शामिल हैं। इसमें कनाडा के समुदाय और नेताओं को प्रभावित करना मुख्य रूप से शामिल है। चेतावनी भरे लहजे में विदेशी दखल से जुड़ी हुई कपटी और धमकी वाली गतिविधियों को लेकर चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, निज्जर मामले से भारत सरकार और अपराधी नेटवर्क के बीच संबंधों का खुलासा हुआ है। भारत ने काफी पहले ही साफ तौर पर ओटावा के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए निज्जर की हत्या में अपने देश की किसी भी तरह की भागीदारी से साफ तौर पर इंकार किया है।*

वर्ष 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं

## दिनेश के. पटनायक होंगे कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त!

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली



भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच कनानसकीस में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान हुई पहली हालिया मुलाकात के बाद दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध एक बार फिर से सामान्य होते हुए नजर आ रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो अनुभवी राजनयिक दिनेश.के.पटनायक कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त हो सकते हैं। वह वर्ष 1990 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के वरिष्ठ अधिकारी हैं और वर्तमान में स्पेन में भारत के राजदूत हैं। बीते करीब दो साल पहले 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत, कनाडा के द्विपक्षीय संबंध अत्यधिक तनाव के साथ बेहद निचले स्तर पर जा पहुंचे हैं। मामले से अवगत लोगों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वहीं, दोनों शीर्ष नेताओं ने अपनी मुलाकात में संबंधों में स्थिरता लाने के लिए जरूरी रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई थी। जिसमें नई दिल्ली और ओटावा में जल्द से जल्द उच्चायुक्तों की फिर से नियुक्ति का मामला भी शामिल है।

### स्पेन में होगी जयंत खोबरागड़े की नियुक्ति



कनाडा में पटनायक की नियुक्ति के बाद स्पेन में भारत के अगले राजदूत जयंत खोबरागड़े होंगे। जो कि वर्तमान में दक्षिण एशियाई आसियान देशों (एएसईएएन) में भारत के राजदूत हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मार्क कार्नी के बीच कनाडा में हुई बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिनसे इन्हें मजबूती प्रदान की जा सके। वर्ष 2023 में कनाडा के तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर लगाए गए आरोपों की वजह से दोनों देशों के संबंधों में काफी गिरावट देखने को मिली है। इस संबंध में वो कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर पाए थे।

### 2024 में चरम पर पहुंचा कूटनीतिक तनाव

संबंधों में बढ़ते तनाव के बीच पिछले साल अक्टूबर 2024 में भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों को वापस स्वदेश बुला लिया था। इसी के साथ समान संख्या में नई दिल्ली में तैनात कनाडाई राजनयिकों की उनके देश रवानगी की गई। लेकिन इन सबके बीच इस साल के मध्य में लिबरल पार्टी के नेता मार्क कार्नी को कनाडा के संसदीय चुनावों में मिली जीत के बाद दोनों देशों के आपसी संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा रही थी। जिसके स्पष्ट प्रमाण अब मिलने शुरू हो गए हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एअर इंडिया विमान में तकनीकी खामी, लौटा



**दिल्ली।** दिल्ली से 130 यात्रियों को लेकर वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर जा रहा एअर इंडिया का उड़ान एआई388 रवाना होने के तुरंत बाद 'एहतियाती उपाय' के तौर पर राष्ट्रीय राजधानी लौट आया। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि 19 जून को विमान ने सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंडिंग की और सभी यात्रियों को उतार लिया गया।

### 25 करोड़ की ड्रग्स जब्त, तीन गिरफ्तार



**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 24.66 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त किया गया है और इस मामले में दो यात्रियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने बताया कि यह मादक पदार्थ थाईलैंड से तस्करी कर भारत लाया गया था। गिरफ्तार लोगों में वह व्यक्ति भी शामिल है, जो मादक पदार्थ की इस खेप को लेने आया था।

### अनंतनाग में आतंकियों का सहयोगी पकड़ा गया




**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले चेहरों की पहचान करने वाली प्रणाली लगाई गई है जिसकी मदद से आतंकवादियों के एक सक्रिय सहयोगी को पकड़ा गया है। पुलिस ने कहा कि अनंतनाग पुलिस ने लंगनबल नाके पर हाल में चेहरों की पहचान करने वाली प्रणाली लगाई है। इस प्रणाली द्वारा चिह्नित एक संदिग्ध आतंकीवादियों के सहयोगी को पकड़ा गया है।

पहली बार ट्रंप ने माना, भारत-पाकिस्तान के दो 'बहुत ही समझदार' नेताओं ने ही रोका संघर्ष

# आखिरकार पीएम मोदी की समझाई हुई बात राष्ट्रपति ट्रंप के दिमाग में बैठ ही गई..

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कनाडा में हालिया आयोजित किए गए जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर टेलीफोन पर बातचीत में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति को साफ शब्दों में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकने में दोनों देशों के अलावा किसी तीसरे देश यानी उनकी किसी तरह की कोई भी भूमिका को सिरे से खारिज करने के तुरंत बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 360 डिग्री यू-टर्न लेते हुए पहली बार यह स्वीकार किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 7 से 10 मई 2025 तक चले सैन्य संघर्ष को रोकने में उनकी या उनके देश की किसी तरह की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के दो बेहद समझदार नेताओं (पीएम मोदी और जनरल असीम मुनीर) ने पिछले महीने हुए एक ऐसे संघर्ष को रोकने का निर्णय लिया। जो परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था। यह जानकारी अमेरिका के राष्ट्रपति ने बीते बुधवार को पाकिस्तान के सेनाप्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में दोपहर के भोजन पर मेजबानी करने के बाद मीडिया से बातचीत में दी। ▸▸ शेष पेज 7 पर


फाइल फोटो

### भारत-पाक संग होगा व्यापार समझौता

*ट्रंप ने पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष के साथ हुई बातचीत को लेकर कहा कि उन्हें अमेरिका बुलाने के पीछे मेरा उद्देश्य उन्हें युद्ध न करने, संघर्ष खत्म करने के लिए उनका शुक्रिया करना था। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कुछ समय पहले अमेरिका की यात्रा की थी। जिसके लिए भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं। हम भारत और पाकिस्तान दोनों देशों के साथ व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। कनाडा में पीएम मोदी के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत से पहले भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की कनानसकीस में एक प्रत्यक्ष मुलाकात तय थी। लेकिन ट्रंप के जी-7 सम्मेलन को अचानक बीच में छोड़कर चले जाने की वजह से यह मुलाकात नहीं हो सकी। हालांकि बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को कनाडा के बाद अमेरिका की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया था। जिसे अपनी पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं की वजह से प्रधानमंत्री ने स्वीकार नहीं किया।*

### भारत की डिक्शनरी में मध्यस्थता का शब्द नहीं

गौरतलब है कि कनाडा में हुई भारत-अमेरिका के राष्ट्राध्यक्षों की बातचीत कुल 35 मिनट तक चली। जिसमें पीएम ने डोनाल्ड ट्रंप को ये भी कहा कि भारत ने इतिहास में कभी भी किसी देश की मध्यस्थता न तो स्वीकार की थी, न ही वर्तमान में ऐसा कुछ किया है और न ही भविष्य में इसकी दूर-दूर तक कोई गुंजाइश है। भारत अब सीमा पार आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं लेगा। बल्कि उसे एक पूर्ण युद्ध के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति को ये भी बता दिया है कि भारत की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई है। यह सैन्य अभियान अभी भी जारी है।

### अमेरिकी वीजा अधिकार नहीं, विशेषाधिकार

उधर, इन सबके बीच नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका का वीजा विशेषाधिकार है, किसी का अधिकार नहीं है। एक बार वीजा जारी करने के बाद ऐसा बिलकुल नहीं है कि उसकी निगरानी रुक जाती है। बल्कि वह लगातार चलती रहती है। अगर कोई हमारे देश का कानून तोड़ेगा तो अधिकारी जारी किए गए ▸▸ शेष पेज 7 पर

## भारत ने शुरू की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की विकास की प्रक्रिया



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में विकसित करने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना का क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। जिससे देश की हवाई क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा।

रक्षा मंत्रालय के तहत आने वाली एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी ने इस बाबत एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) जारी किया है। जिसके जरिए विमान का प्रोटोटाइप विकसित किया जाएगा। प्रोटोटाइप विकास के लिए कोई एक कंपनी, संयुक्त साझेदारी और कंपनियों का संघ इच्छा जाहिर कर सकता है। परियोजना के तहत सरकार की योजना विमान के 5 प्रोटोटाइप विकसित करने की है। पांचवीं पीढ़ी के विमान के विकास के साथ ही तेजस को वायुसेना अपने युद्धक बेड़े में प्रमुखता से शामिल करना चाहती है।

यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला, करीब 100 कंपनियों के आने का दावा

## 55 के हुए राहुल गांधी, कांग्रेस ने दिल्ली में किया 'मेगा जॉब फेयर' का आयोजन, 20 हजार युवाओं का हुआ रजिस्ट्रेशन!

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



देश में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर लगातार सरकार को घेरने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब अपने जन्मदिन पर इस मुद्दे पर एक पहल की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 55वें जन्मदिन के मौके पर पार्टी की दिल्ली इकाई और इंडियन यूथ कांग्रेस मिलकर राष्ट्रीय राजधानी में एक मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया। दिल्ली के टॉकीटोर स्टेडियम में गुरुवार को लगा यह मेला कांग्रेस की राजनीति को जमीनी स्तर पर ले जाने की कोशिश है। यह मेला सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के मुताबिक अब तक करीब 20 हजार बेरोजगार युवाओं ने इसमें हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है। मेले में लगभग 100 कंपनियों के शामिल होने की उम्मीद है, जो करीब 5,000 नौकरियों के मौके लेकर आएंगी। देवेंद्र यादव ने कहा कि यह रोजगार मेला राहुल गांधी की युवाओं की चिंता को दर्शाता है। उन्होंने कई बार संसद और जनसभाओं में बेरोजगारी का मुद्दा उठाया है ▸▸ शेष पेज 7 पर



जस्टिस वर्मा के कैश कांड पर कमेटी की रिपोर्ट

## जस्टिस वर्मा को फंसाने का दावा खारिज उनके घर के स्टोररूम में कैश मिला था

- *सीसीटीवी डेटा गायब होने का दावा खारिज*
- *जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तलवार*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कैश कांड में दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वर्मा की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर कैश मिलने के आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने एक रिपोर्ट पेश की है। कमेटी में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधावालिया और कर्नाटक हाई कोर्ट की जज अनु शिवरामन शामिल थीं। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ गंभीर निष्कर्ष निकाले हैं। कमेटी ने उनके इस दावे को भी खारिज कर दिया है कि यह सब उन्हें फंसाने के लिए किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस वर्मा के घर के स्टोररूम में कैश मिला था। कमेटी की रिपोर्ट में कम से कम दस चश्मदीदों ने जले हुए कैश को देखा था। ये सभी दिल्ली फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस के अधिकारी थे। इस रिपोर्ट के बाद जस्टिस वर्मा पर महाभियोग की तलवार लटक गई है।

### रिपोर्ट की खास बातें

- ▸▸ **इलेक्ट्रॉनिक सबूतों से पुष्टि:** चंडीगढ़ की केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा प्रमाणित वीडियो रिकॉर्डिंग और तस्वीरों ने गवाहों के बयानों की पुष्टि की है। जस्टिस वर्मा ने मौके पर लिए गए वीडियो का खंडन नहीं किया है।
- ▸▸ **कर्मचारियों की वफादारी:** कमेटी ने पाया कि जस्टिस वर्मा के कर्मचारी उनके खिलाफ गवाही नहीं देंगे क्योंकि वे उनके प्रति वफादार हैं, जबकि स्वतंत्र गवाहों के बयान जस्टिस वर्मा के खिलाफ जाते हैं। जस्टिस वर्मा का सीसीटीवी डेटा खोने का दावा खारिज कर दिया गया। कमेटी ने कहा कि उनके पास डेटा सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।
- ▸▸ **बेटी का बयान:** कमेटी ने जस्टिस वर्मा की बेटी, दीया वर्मा के गलत बयानों ▸▸ शेष पेज 7 पर

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की ताजा रिपोर्ट में भारत को सराहा

भारत से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका

## दुनिया का तीसरा सबसे तेज बिजली उत्पादन करने वाला देश बना भारत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता में सबसे तेज वृद्धि दर्ज करने वाले देशों में तीसरे स्थान पर रहा है। वहीं भारत से आगे सिर्फ चीन और अमेरिका हैं। आईईए ने कहा कि भारत में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, जिसकी वजह है शहरी और ग्रामीण इलाकों में तेजी से निर्माण, घरों में एयर कंडीशनर और अन्य उपकरणों का बढ़ता उपयोग, और औद्योगिक क्षेत्रों की ऊर्जा जरूरतें हैं।

### कुल निवेश का 83% स्वच्छ ऊर्जा में



वहीं 2024 में देश के बिजली क्षेत्र में कुल निवेश का 83% हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं में गया। भारत 2024 में स्वच्छ ऊर्जा के लिए डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टिट्यूशंस से सबसे ज्यादा वित्तीय सहायता पाने वाला देश बना।

### वैश्विक उर्जा क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ी

*रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले दो वर्षों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में गिरावट आई है, जिसका कारण वैश्विक आर्थिक स्थिति और ऊर्जा क्षेत्र की कुछ चुनौतियां हैं। दीर्घकालिक दृष्टिकोण से यह क्षेत्र निवेश के लिए सकारात्मक बना हुआ है। आईईए की इस रिपोर्ट से साफ है कि भारत न केवल बिजली उत्पादन में तेजी से आगे बढ़ रहा है, बल्कि साफ और नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने में भी दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है।*

तीन दिवसीय दौरे पर आज उत्तराखंड की राजधानी पहुंची महामहिम

राष्ट्रपति निकेतन 24 जून से जनता के लिए खुल जाएगा

## आज देहरादून के नव निर्मित राष्ट्रपति निकेतन का लोकार्पण करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

- *शुक्रवार को राष्ट्रपति के 67वें जन्मदिन के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण गतिविधियों के लिए खास है*

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

हरिभूमि फॉलोअप



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड की राजधानी देहरादून पहुंचीं। राष्ट्रपति 20 को अपना जन्मदिन देहरादून स्थित नवनिर्मित राष्ट्रपति निकेतन में मनायेंगी। अगले दिन 21 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में विशेष रूप से शिरकत करने के बाद विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी, और जनता के लिए राष्ट्रपति निकेतन को समर्पित करेंगी। राष्ट्रपति देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन (राष्ट्रपति आशियाना) में रुकेंगी, जो 186 वर्ष पुराना और 22 एकड़ में फैला ऐतिहासिक परिसर है। जिसे नये साज सज्जा के साथ आमलोगों के लिए वैसे ही खोला गया जैसे दिल्ली स्थित राष्ट्रपति का मुगल गार्डन खोला जाता है। देहरादून में जनता राष्ट्रपति निकेतन के नये नवेले उद्यान के नये रूपरंग का आनंद लेने के लिए टिकट खरीदना होगा। बडा सा टिकटिंग काउंटर बनाया गया है। राष्ट्रपति ने आज राष्ट्रपति निकेतन परिसर में एक रंगशाला (एम्फीथिएटर) का उद्घाटन किया। यह रंगशाला सांस्कृतिक और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए एक नया केंद्र होगा। उन्होंने स्टाफ क्वार्टर, अस्तबल, और बैरकों की आधारशिला रखी, जिससे परिसर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा। जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सड़क मार्ग के माध्यम से राष्ट्रपति निकेतन पहुंचने के बाद उन्होंने विश्राम किया। इस दिन कोई अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित नहीं था। ▸▸ शेष पेज 7 पर

### राष्ट्रपति उद्यान और तपोवन

*राष्ट्रपति 19.5 एकड़ में फैले राष्ट्रपति तपोवन को जनता के लिए समर्पित करेंगी। यह हरित क्षेत्र देहराद के लिए एक नया पर्यटक आकर्षण होगा। वे 132 एकड़ में प्रस्तावित राष्ट्रपति उद्यान की आधारशिला रखेंगी। यह उद्यान विश्वस्तरीय सुविधाओं, नवीन डिजाइन, और टिकाऊ व्यवस्था के साथ तैयार किया जाएगा। यह अगस्त 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है और इसमें स्वास्थ्य, सांस्कृतिक, और पर्यावरणीय गतिविधियों के लिए स्थान होंगे।*

## खबर संक्षेप

### पारा गिरकर सामान्य से चार डिग्री नीचे पहुंचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इन दिनों मौसम कुछ राहत प्रदान करने के मूड में है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार मानसून अपने तय समय से दो से तीन दिन पहले दिल्ली पहुंच सकता है। यानी की मानसून 25 जून 2025 तक दिल्ली में दस्तक दे सकता है। जबकि आमतौर पर दिल्ली में मानसून आगमन की तारीख 27 जून रहती है। वहीं मौसम की बात करे तो वर्तमान में भविष्यवाणी के बावजूद ,खबर लिखे जाने तक बारिश व तेज आंधी दर्ज नहीं हुई। लेकिन अब भी दिल्ली में अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री से ज्यादा नीचे दर्ज हो रहा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.2 डिग्री नीचे है। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान के बराबर है।

### पदयात्रा से लोगों को जागरूक कर रहा निगम प्रशासन



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के शाहदरा दक्षिणी जोन के संपत्ति कर विभाग द्वारा 'संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) 2025-26' के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनता को उपरोक्त आम माफी योजना के प्रति जागरूक करने के लिए संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता हरीश चन्द्र कश्यप के नेतृत्व में स्टाफ ने विकास मार्ग पर एक पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा का उद्देश्य नागरिकों को संपत्ति कर की माफी योजना सुनियो के बारे में नागरिकों को अवगत कराना था ताकि अधिक से अधिक संपत्ति कर दाता इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के माध्यम से दिल्ली नगर निगम का उद्देश्य अधिक से अधिक संपत्ति कर दाताओं को जोड़ कर निगम के राजस्व में वृद्धि कराना है।

### यात्रियों ने डीएमआरसी को खरी-खोटी लिखते हुए जमकर साधा निशाना

# मजेंटा लाइन पर तकनीकी खराबी के कारण 45 मिनट तक रही सेवा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ गत सप्ताह भी पिंक लाइन व ब्लू लाइन में खराबी आने से यात्रियों को उठानी पड़ी थी परेशानी

दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) की मजेंटा लाइन पर सुबह के समय आइर तकनीकी खराबी ने कुछ समय के लिए दिल्ली मेट्रो रेल सेवा को बाधित किया। लेकिन डीएमआरसी ने करीब 45 मिनट में तकनीकी खराबी को ठीक करते हुए पुन सेवाएं बहाल कर दी। प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार को डीएमआरसी ने सुबह 7.24 पर अपने अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स पर बकायदा पोस्ट करके बताया कि बोटेनिकल गार्डन से कालकाजी मंदिर तक मेट्रो सेवा बाधित है। इसलिए सभी यात्रियों को अन्य वैकल्पिक कॉरिडोर से यात्रा करने की सलाह दी गई। लगभग 45 मिनट तक यात्री परेशान रहे। जिसके बाद एक बार पुन डीएमआरसी ने सुबह 7.54 बजे एक्स पर बकायदा पोस्ट करके यात्रियों को बताया भी कि अब मेट्रो सेवाएं बहाल कर दी गई है। मेट्रो में सुबह ड्यूटी के समय आई इस खराबी को लेकर यात्रियों ने इस बार भी डीएमआरसी को खरी खोटी लिखते हुए जमकर निशाना साधा। यात्रियों में इस बात को लेकर नाराजगी रहती है कि किराया ज्यादा होने के बावजूद मेट्रो में सुविधाएं बहुत कम मिलती है। ऐसे में मेट्रो में समय समय पर आने वाली कमियों की वजह से यात्रियों को कई समस्याएं उठानी पड़ती है। गत सप्ताह भी दिल्ली मेट्रो की पिंक लाइन व ब्लू लाइन में खराबी आने से यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी थी।

## विकास और सेवा के साथ कार्य कर रही है भाजपा सरकारः सचदेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आप सरकार के समय नहीं होती थी यमुना की सफाई

विकास, समर्पण और सेवा के साथ जो काम भाजपा की दिल्ली सरकार कर रही है, वह कोई और नहीं कर सकता। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा गुरूवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो को साझा कर उसके माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने कहा है कि यमुना जैसी जीवनदायिनी नदी की सफाई का संकल्प अगर किसी ने ईमानदारी से लिया है, तो वो सिर्फ भाजपा सरकार ने लिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की पूर्व दिल्ली सरकार के समय यमुना की सफाई नहीं होती थी और अब पिछले करीब तीन चार माह से यहां सफाई का कार्य जारी है और अब पहले से साफ और सफाई यदि ऐसे ही यह सफाई चलती रही तो यमुना जी पर बहुत से श्रद्धालु लोग आने लगेंगे। बता दें कि केजरीवाल की दिल्ली सरकार के समय सचदेवा ने आरोप लगाया था कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना सफाई के नाम पर दिल्ली की जनता को धोखा दिया है और 8500 करोड़ रुपये जो केंद्र सरकार ने यमुना जी की सफाई के लिए दिए थे, वह भ्रष्टाचार में हजम कर गए।

# एलजी ने की सीएम व स्वास्थ्य मंत्री के साथ समीक्षा बैठक

### सामने आई समस्याओं व लापरवाही के लिए रेखा गुप्ता ने पूर्व की अरविंद केजरीवाल व आतिशी सरकार को ठहराया जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने गुरुवार को एक आपातकालीन बैठक बुलाकर चुनिंदा अस्पतालों में सुरक्षा एवं सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए है। राजनिवास में हुई इस अहम बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह और कई चिकित्सा संस्थानों के डीन और निदेशक आदि मौजूद थे। चर्चा के दौरान सामने आई समस्याओं व लापरवाही के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पूर्व की अरविंद केजरीवाल व आतिशी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। राजनिवास सचिवालय द्वारा दी गई जानकारी अनुसार इस बैठक में मुख्य रूप से मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी), लोकनायक अस्पताल, जी.बी. पंत अस्पताल (जी.आई.पी.एम.ई.आर.) और गुरु नानक आई सेंटर कॉम्प्लेक्स में सुरक्षा, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं की समीक्षा की गई। यह बैठक इन्हीं अस्पतालों के डीन और निदेशकों के अनुरोध पर बुलाई गई थी। राज निवास के अनुसार एलजी की अगुवाई में हुई बैठक में यह बात निकलकर सामने आई कि पिछले कुछ वर्षों में छात्रों और डॉक्टरों की सुरक्षा, आवास की भारी कमी, नागरिक बुनियादी ढांचे की कमी और अतिक्रमण के कारण जगह की भारी कमी के संबंध में अत्यंत गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। बैठक में मौजूद डीन एमएएमसी ने बताया कि 1958 में स्थापित मेडिकल कॉम्प्लेक्स में केवल 200 छात्रों के लिए आवास था, जबकि वर्तमान में यह क्षमता 3200 से अधिक है। ऐसी स्थिति पैदा हो गई है कि दो लोगों के रहने के लिए बने कमरे में 6-7 छात्र रह रहे हैं, जिससे पढ़ने के लिए टेबल तक नहीं बची है। आवास की कमी के कारण रेजिडेंट डॉक्टरों को गलियारों और नर्सिंग स्टेशनों के बाहर सोने और आराम करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह बताया गया कि पीडब्ल्यूडी, जिसे छात्रों और निवासियों के लिए पर्याप्त आवास विकसित करना था, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

क्योंकि विस्तार के लिए मौजूद जमीन पर अतिक्रमणकारियों और भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। इसके अलावा, परिसर के पास कुछ एएसआई संरक्षित स्मारकों के अस्तित्व ने स्थिति को और भी कठिन बना दिया है, क्योंकि एएसआई द्वारा निर्माण और मरम्मत की अनुमति नहीं मिल पा रही है। एमएएमसी के डीन ने एलजी को बताया कि वर्ष 2023-24 में मौजूद संरचनाओं में आवश्यक मरम्मत और रखरखाव कार्य करने के लिए एएसआई द्वारा तीन महीने की अवधि प्रदान की गई थी। हालांकि, तत्कालीन सरकार द्वारा धन स्वीकृत न किए जाने के कारण ऐसा नहीं किया जा सका और एमएएमसी को क्राउडफंडिंग के माध्यम से मामूली मरम्मत करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

बैठक में एलजी, सीएम और मंत्री के संज्ञान में लाया गया कि यह इमारतें बेहद जीर्ण-शीर्ण स्थिति में थीं। जिनमें प्लास्टर और कंक्रीट के टुकड़े अक्सर गिरते रहते थे और छात्रों और डॉक्टरों की सुरक्षा और जीवन को खतरा रहता है, इसलिए अगर तुरंत मरम्मत नहीं की गई, तो कोई भी दुर्घटना घट सकती है। डीन ने बताया कि शौचालय, जिनकी संख्या वैसे भी कम थी, का भी अनधिकृत रूप से उपयोग किया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप वे बेहद अस्वास्थ्यकर और अनुपयोगी हो गए थे।

### टोल टैक्स फास्ट टैग हटाने के लिए होगा बड़ा आंदोलन : संजय

**नई दिल्ली।** ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन पूरे भारत से फास्ट टैग या टोल टैक्स हटाने के लिए जल्द ही पूरे भारत में आंदोलन करेंगी क्योंकि यह टोल या फास्टैग भ्रष्टाचार करने का साधन है जिसमें आम जनता को नुकसान हो रहा है। इसलिए पूरे भारत में रोड से टोल वसूल करना बंद होना चाहिए। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर्स के अध्यक्ष संजय सम्राट ने केंद्र सरकार को चेताते हुए यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई 3000 का फास्टैग नहीं लेना चाहता तो सरकार हर गाडी वाले पर जबरदस्ती यह 3000 का फास्टैग अनिवार्य ना करें। क्योंकि काफी लोग दिल्ली से बाहर अपनी प्राइवेट कार लेकर सालों साल नहीं जाते है और अगर एक साल में दिल्ली से बाहर जाये और फास्टैग का टोल 200 रुपए ही लगे तो 2800 रुपए तो बेकार ही जाएंगे। संजय सम्राट ने कहा कि अगर यह योजना लानी थी तो कमर्शियल टैक्सी बसों के लिए लानी थी। जो की सरकार लाई नहीं है। यह एक तरह से सरकार की बड़ी साजिश है टैक्सी बसों को महंगा टोल लगाकर हमारे ट्रांसपोर्ट के धंधे को कमजोर करने की।

## कल सोनिया विहार में यमुना रिवरफ्रंट पर योग करेंगी सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ दिल्ली सरकार के योग समारोह में 20 हजार से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

दिल्ली सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए व्यापक तैयारियां की हैं और शनिवार, 21 जून की सुबह मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सैकड़ों प्रतिभागियों के साथ यमुना विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब (वजीराबाद ब्रिज के पास) में सुबह 6 बजे योग करेंगी। दिल्ली सरकार राजधानी भर में 11 अलग-अलग स्थानों पर विशेष योग सत्र आयोजित कर रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरूवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि योग मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देता है और कहा कि योग दिवस पर पूरा शहर स्वास्थ्य और कल्याण की भावना से गूंजेगा। दिल्ली सरकार के योग समारोह में 20 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंने की उम्मीद जताई है। सीएम ने बताया कि योग सत्र यमुना विहार वाटर स्पोर्ट्स क्लब (सोनिया विहार), छत्रसाल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम, ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, झिलमिल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बवाना में राजीव गांधी स्टेडियम, प्रहलादपुर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भारत नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नजफगढ़ स्टेडियम, सेक्टर-6 द्वारका क्रिकेट ग्राउंड और अशोक नगर हॉकी स्टेडियम जैसे प्रमुख स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे और सभी कार्यक्रम सुबह 6 बजे से शुरू होंगे।

# दिल्ली में ना हो जलभराव, पार्षद ने लिखा एलजी सहित दर्जनों को पत्र

### पत्र में दिए गए सुझाव, लोक निर्माण विभाग और एमसीडी में समन्वय नहीं, 60 फीट और उससे अधिक की सड़कों को एमसीडी को फिर देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मानूसन के दौरान दिल्ली में जलभराव ना हो सके इसके लिए दिल्ली नगर निगम के वार्ड संख्या 57 पीतमपुरा से पार्षद डॉ अमित नागपाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना, दिल्ली की मुख्यमंत्री सहित करीब एक दर्जन संबंधित विभागों को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने सुझाव दिया है कि लोक निर्माण विभाग और एमसीडी में समन्वय नहीं है जिसके चलते जलभराव हो सकता है और 60 फीट और उससे अधिक की सड़कों को एमसीडी को फिर देने की मांग की है। पार्षद डॉ अमित नागपाल ने बताया कि दिल्ली के विभिन्न भागों में जलभराव की समस्या को लेकर यह पत्र है। हर मानसून के मौसम में जलभराव की समस्या निवासियों को परेशान करती है। इस समस्या का मूल कारण मुख्य रूप से कई नागरिक एजेंसियों, विशेष रूप से दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और लोक निर्माण विभाग के बीच समन्वय की कमी है।

उन्होंने कहा कि अतीत में, यह प्रस्ताव किया गया था कि 60 फीट और उससे अधिक चौड़ाई वाली सड़कों को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित किया जाना चाहिए, जिसमें उनकी नालियों की जिम्मेदारी भी शामिल है। हालांकि, व्यवहार में, ऐसी कई सड़कों को उचित सीमांकन या अंतर्निहित सेवाओं जैसे कि ड्रेन, सीवर लाइन और उपयोगिता नालियों को सौंपे बिना स्थानांतरित कर दिया गया था। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो गई है जहां लोक निर्माण विभाग के पास सतही जलभराव की समस्या है।

#### जन कल्याण के लिए तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध

*पत्र में पार्षद डॉ नागपाल ने कहा कि दिल्ली भर में सड़क और जल निकासी क्षेत्राधिकार की तत्काल समीक्षा की जाए। सड़कों (विशेष रूप से 60 फीट और उससे अधिक) को एमसीडी को फिर से हस्तांतरित करना जहां पीडब्ल्यूडी संबंधित भूमिगत सेवाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में असमर्थ है। लोक निर्माण विभाग और दिल्ली नगर निगम के बीच नालियों के रखरखाव के लिए बेहतर समन्वय और स्पष्ट रूप से परिभाषित जिम्मेदारी। प्रत्येक एजेंसी द्वारा निभाई जाने वाली वास्तविक सड़क की लंबाई और जिम्मेदारियों के आधार पर रखरखाव निधि का तर्कसंगत पुनर्वितरण।*

### करीब 10 हजार से अधिक युवाओं ने लिया भाग : यादव

# राहुल के जन्मदिन पर मेगा जॉब फेयर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर प्रदेश कांग्रेस व युवा कांग्रेस ने तालकटोरा स्टेडियम में संयुक्त रूप से एक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस आयोजन को सफल बताते हुए दावा किया इस मेगा जॉब फेयर में मौजूद 3391 बेरोजगारों की नियुक्ति विभिन्न कंपनियों में हुई। यादव ने कहा कि यह राहुल गांधी के सपने को साकार करने के लिए एक रचनात्मक पहल है, जिसमें करीब 10 हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इसके अलावा यादव ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी 24 अकबर रोड पहुँच कर राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। वहीं बाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना की और पंचकुईयां रोड़ स्थित अंध महाविद्यालयों में छात्रों को स्टीक आदि बांटी। जॉब फेयर में कामयाब युवाओं को कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल व सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कंपनियों द्वारा चयनित किए गए बेरोजगार युवाओं और युवतियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर यादव के अलावा राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब, दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, कांग्रेस कमेटी के सचिव नीरज कुंदन, पूर्व मंत्री डा0 नरेन्द्र नाथ, एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज जतिन शर्मा आदि मौजूद थे। यादव ने कहा कि बेरोजगारी से जूझ रहे 12वीं पास से लेकर तकनीकी विशेष सहित मास्टर डिग्री प्राप्त दिल्ली के हजारों युवाओं को एक छत के नीचे रोजगार अवसर देने की नई पहल है। जॉब फेयर ने कांग्रेस पार्टी ने युवाओं को रोजगार के अवसर देने के लिए 100 से भी अधिक कम्पनियां को आमंत्रित किया था जिन्होंने अपने-अपने स्टॉल लगाकर मौके पर ही युवाओं के साक्षात्कार करके उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी दी गई। आज के मेगा जॉब फेयर में 3391 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में नौकरी दी और सैंकड़ों युवाओं को कम्पनियों में दूसरे साक्षात्कार के लिए बुलाया है। जॉब फेयर में शामिल होने के लिए 10 हजार से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया था। मेगा जॉब फेयर में फ्लिपकार्ट, एयरटेल, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा, अमेजन, जेप्टो, टाटा, सैमसंग, हीरो, बजाज, वोल्टास, जस्ट डायल, वोडाफोन, ब्लिंकिट और रेडिसन जैसी प्रमुख कंपनियां सहित लगभग 100 से अधिक कंपनियां के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**कलस्टर बस संचालकों को जल्द मिल सकती है राहत**

## आगामी एक दो दिन में जारी हो जाएगी 300 करोड़ की राशि

दया राम ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में विधानसभा चुनाव 2025 के बाद दिल्ली के कलस्टर बस संचालकों की दिल्ली सरकार के पास करीब 300 करोड़ रुपए की रूकी हुई राशि आगामी दो से तीन दिनों में मिलने की प्रबल संभावना है। दिल्ली परिवहन विभाग में बस परिवहन संचालन के कार्य को देखने वाले संयुक्त बस आयुक्त पीयूष सिंह ने गुरूवार को यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि बैंकिंग संबंधित कार्यपूरा होने में कुछ समय लग रहा है। वहीं, इस देय राशि को लेकर करीब 20 दिन पहले दिल्ली परिवहन विभाग की आयुक्त निहारिका ने बताया था कि इस पर कार्य चल रहा है और जल्द ही यह राशि जारी कर दी जाएगी।

बता दें कि दिल्ली में सरकार बदलने के बाद बस संचालकों को बस संचालन के लिए हर माह मिलने वाली राशि रोक दी गई थी जिसके चलते बस संचालक अपनी बसों के संचालन को काफी परेशान हो रहे हैं और इसी समस्या के चलते करीब एक माह पहले दिल्ली देहात के सेक्टर 37 डिपो में बस चालकों व संवाहकों ने वेतन नहीं मिलने के चलते एक दिन की सांकेतिक हड़ताल भी की थी। वहीं, इसे लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी बस संचालक मिले थे और उनको सभी जानकारी दी गई थी कि यदि बसों का संचालन रूका तो दिल्ली में लाखों की संख्या में यात्री परेशान होंगे और सरकार के लिए परेशानी भी बढ़ जाएगी।

## छात्रों से जुड़ी योजनाओं को लेकर मंत्री इन्द्राज ने की समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली।** समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण, चुनाव एवं सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने गुरुवार को सचिवालय में एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों से जुड़ी स्कॉलरशिप योजनाओं और अन्य सुविधाओं को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इन्द्राज ने एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण अधिकारियों को शिक्षा विभाग और दिल्ली के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर स्कॉलरशिप योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के आदेश दिए। उन्होंने बैठक में मिले सुझावों के अनुरूप स्कॉलरशिप के आवेदन के लिए ऑनलाइन पोर्टल तैयार करने के लिए भी कहा। बैठक में दिल्ली के प्रमुख विश्वविद्यालयों से आए कुलपति व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को मिलने वाली आर्थिक मदद व अन्य सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री इंद्राज ने कहा कि इन सुझावों को राज्य की योजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए शामिल किया जाएगा।

### 15 लाख से ज्यादा की ठगी का खुला मामला

# चीनी ठगों से जुड़े गिरोह के तीन जालसाज अरेस्ट

**ठगी की रकम से खरीदते थे क्रिप्टो करेंसी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस टीम ने 15 लाख से ज्यादा की ठगी के मामले में शामिल रहे तीन जालसाजों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के तार चीनी ठगों से भी लिंक पाये गये हैं। आरोपी टेलीग्राम के जरिए चीनी ठगों के सम्पर्क में थे। पकड़े गए ठगों के नाम महेंद्र सिंह राजावत, आरिफ खान और लक्ष्मी नारायण हैं। इनके पास से छह मोबाइल फोन, कॉलिंग डिवाइस और सिम कार्ड आदि सामान बरामद किया गया हैं। पता चला कि ठगी की रकम को आगे क्रिप्टो करेंसी में इंवेस्ट किया जाता था। डीसीपी अमित गोयल के अनुसार के. कांत नाम के एक पीड़ित ने 15.8 लाख की चीटिंग की शिकायत दर्ज कराई थी। बताया कि आरोपियों ने उनसे व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए संपर्क किया और उन्हें पार्ट टाइम काम के बदले अच्छे रिटर्न का ऑफर दिया था। उन्हें होटल और रेस्तरां के लिए ऑनलाइन पॉजिटिव रिस्पांस पोस्ट करवाया गया और उसके बदले अमाउंट भी दिया गया। उसके बाद पीड़ित को झांसे में लेकर उनके क्रेडिट स्कोर में सुधार का लालच देकर 15.8 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए। बाद में उन्हें ब्लॉक कर दिया गया था। एसएचओ प्रवेश कौशिक की देखरेख में एसआई विशाल यादव, हेडकांस्टेबल अमित और सुख लाल की टीम ने आरोपियों के ट्रांजेक्शन डिटेल की जांच की और प्राप्त डाटा का गहनता से विश्लेषण किया। इसके बाद पुलिस ने जयपुर और अजमेर में छापेमारी कर महेंद्र सिंह राजावत को गिरफ्तार किया। जयपुर से अरेस्ट इस शख्स ने पूछताछ में अपने साथियों आरिफ खान और लक्ष्मी नारायण के बारे में जानकारी दी। आगे की छापेमारी में बाकी दोनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों के कई और साथियों की जानकारी मिली है। उनकी तलाश में जांच पड़ताल जारी है।

### चीनी ठगों के सम्पर्क में थे आरोपी

पूछताछ में यह पता चला है कि तीनों आरोपी कॉलिंग डिवाइस के जरिए चीनी नागरिकों के सम्पर्क में रहते थे। आरोपी ठगी के पैसों को क्रिप्टो करेंसी में बदलकर चीनी नागरिकों को भेजते थे। इसके लिए महेन्द्र अपने साथी सर्वेश की मदद लेता था। सर्वेश अभी फरार चल रहा है। आरोपियों ने बताया कि वह चीनी नागरिकों को अमाउंट ट्रांसफर करने के लिए अलग अलग प्लेटफार्म का इस्तेमाल करते थे।

## कांवड़ यात्रा को लेकर आशीष सूद ने ली समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा, गृह और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने गुरूवार को दिल्ली सचिवालय में कांवड़ यात्रा : 2025 की तैयारियों को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दिल्ली पुलिस, दिल्ली नगर निगम, बिजली वितरण कंपनियां, ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, फायर विभाग, होम गार्ड्स, शहरी विकास विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के बाद सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह निर्णय किया है कि कांवड़ यात्रा में सभी धार्मिक यात्री अपनी धार्मिक आस्था का विशेष ध्यान रखें। साथ ही साथ दिल्ली की जनता को किसी प्रकार की बाधा उनके न आए और दिल्ली भी सुचारू रूप से चले यह भी हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार के आने के बाद यह हमारा पहला बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें श्रद्धालु बहुत दूर राज्यों से आते हैं। उन्हें दिल्ली में सभी सुविधाएं मिले सरकार इन बात का विशेष ध्यान रखेगी।

## छोटे-बड़े नालों की ठीक तरह से की जाए सफाई: पंकज

नई दिल्ली। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों, इंजीनियरों साथ सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस अहम बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने मानसून आने से पहले सीवर और सभी छोटे-बड़े नालों की साफ-सफाई प्रभावी ढंग से कराने के साथ ही जल जमाव से होने वाली जल जनित बीमारियों की प्रभावी रोकथाम को लेकर विस्तार से चर्चा की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र विकासपुरी के पूरे इलाके में मानसून के आने से पहले जलभराव की समस्या को देखते हुए आधुनिक हाइड्रो जेटिंग मशीनों के साथ ऑटोमेटिक डिसेंटर मशीनों और सुपर सकर मशीनों से ड्रेनेज सिस्टम और इलाके के सभी छोटे-बड़े नालों की ठीक तरह से सफाई करवाने के सख्त निर्देश दिए। ताकि बरसात होने पर किसी भी इलाके में जल भराव जैसी समस्या का दिल्लीवासियों को सामना नहीं करना पड़े। मंत्री पंकज सिंह ने अधिकारियों को विकासपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की सभी क्षतिग्रसत पाइप लाइन को तुरंत ठीक करने, सीवर लाइन को दुरुस्त करने के साथ बारिश के मौसम से पहले सभी खुले मेनहोल को ढक्कन लगाकर तुरंत बंद करने के निर्देश भी दिए हैं। मंत्री ने कहा कि ओम विहार, विद्या विहार समेत विकासपुरी के जिस भी वार्ड में सीवर पाइप लाइन बिछाने काम चल रहा है। उसे जल्द से जल्द पूरा करें। ताकि बारिश होने पर इलाके के लोगों को जल जमाव की समस्या का सामना नहीं करने पड़े।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इगेओनु इकेना जोबेचि पुत्र श्री ओबि निवासी म. नं. डी–84, प्रथम तल, कृष्णा पार्क, खानपुर, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 5712021 अन्तर्गत धारा 14 फोरिनर एक्ट थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इगेओनु इकेना जोबेचि** मिल नही रहा हैं, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **इगेओनु इकेना जोबेचि** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 5712021 अन्तर्गत धारा 14 फोरिनर एक्ट थाना नेब सराय, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इगेओनु इकेना जोबेचि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.08.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**निधि सिंह**
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
(दक्षिण), कमरा नं. 212
साकेत न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/7582/SD/2025**
**(Court Matter)**

## तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक को मारी टक्कर

**रेलिंग व डिवाइडर तोड़कर अंदर घुसी कार**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन इलाके में गुरुवार तड़के एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर अपने माता पिता के साथ सवार एक साल की बच्ची घायल हुई है। डीसीपी हेमंत तिवारी ने बताया कि घायल बच्चे को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी ऑडी चालक को अरेस्ट कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा गुरुवार तड़के करीब सवा तीन बजे भोगल एरिया में हुआ। आश्रम की तरफ जाने वाले फ्लाईओवर की तरफ रेलिंग व डिवाइडर तोड़ते हुये एचपी 63ई 9933 रजिस्ट्रेशन नंबर की कार ने मोटर साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार अपनी पत्नी और छोटी बच्ची के साथ जा रहा था। बच्ची और उसके माता पिता को एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया। बच्ची को भी बाद में अस्पताल से छुट्टी मिल गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि कार की स्पीड काफी तेज थी। आरोपी चालक शराब के नशे में था। कार में चालक के अलावा एक अन्य युवक भी सवार था। आसपास के लोगों का कहना है कि यह कार अक्सर यहां से तेज रफ्तार में फर्राटा भरती थी। पहले भी कार सवारों को हुड़दंग करते हुये देखा गया था। वहीं पुलिस का कहना है कि हजरत निजामुद्दीन थाने में हादसे की सूचना तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर मिली। आईओ मौके पर पहुंचे। उन्हें डीएल3एसडीई6448 नंबर की बाइक व ऑडी कार क्षतिग्रस्त हालत में मिली। बाइक पर परवेज उसकी पत्नी और एक साल की बच्ची सवार थी। परवेज हाजी कालोनी, जामिया नगर, ओखला का रहने वाला है। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कार के चालक ओल्ड राजेंद्र नगर निवासी राशित कुमार (21) पुत्र सुनील कुमार को अरेस्ट कर लिया गया है।

## साउथ वेस्ट और ईस्ट से 29 बांग्लादेशी नागरिक पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

वसंत कुंज साउथ थाने की पुलिस एक नवजात बच्चे समेत 17 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। यह लो अवैध रूप से भारत में घुसे थे और अलग अलग पहचान के जरिये रह रहे थे। उनके पास से कोई भी वैध कागजात बरामद नहीं हुआ। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है और उन्हें डिपोर्ट करने के लिए एफआरआरओ सेंटर भेजा गया है। इनमें एक बांग्लादेशी महिला ने पकड़े जाने के बाद सफदरजंग अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है।

पुलिस के अनुसार यह सभी जंगल के रास्ते बॉर्डर क्रॉस करके भारत में घुसे थे। फिर पश्चिम बंगाल से ट्रेन और अलग-अलग साधनों से दिल्ली पहुंचे। पता चला कि यहां अलग-अलग इलाकों में रहकर अपनी पहचान छुपाकर लेबर का काम करते थे। अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों की वेरिफिकेशन ड्राइव के दौरान इनके बारे में पता चला था।

### आनंद विहार से 12 बांग्लादेशी नागरिक दबोचे

पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ ने आनंद विहार इलाके से 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अवैध आव्रजन के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत 18 जून को यह सफलता हासिल की गई। इनमें छह नाबालिग भी शामिल है। सभी व्यक्ति भारत-बांग्लादेश सीमा पर अनधिकृत नदी मार्गों के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर गए थे और बिना वैध दस्तावेजों के रह रहे थे। इस पहल के शुरू होने के बाद से अब तक कुल 37 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा गया है और निर्वासित किया गया जा चुका है।

जब इनके डॉक्यूमेंट की जांच की गई तो पता चला कि यह सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं। इन्हें डिपोर्ट करने के लिए लीगल कार्रवाई शुरू की जा चुकी है। पुलिस हिरासत में ही इनमें से एक गर्भवती महिला को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। उसने एक बच्चे को जन्म दिया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दर्शन कौर उर्फ अर्मित कौर, पुत्रीः स्व. कनहिया सिंह, पताः म.नं. सी–84, द्वितीय तल, पांडिया गुरुद्वारा के पास, गणेश नगर, तिलक नगर, दिल्ली** ने **FIR No. 467/2019, U/s 419/420/468/471 IPC & 12 PP Act, पुलिस थाना आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दर्शन कौर उर्फ अर्मित कौर** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दर्शन कौर उर्फ अर्मित कौर** फरार हो गई है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 467/2019, U/s 419/420/468/471 IPC & 12 PP Act, पुलिस थाना आईजीआई एयरपोर्ट, नई दिल्ली** के अभियुक्त **दर्शन कौर उर्फ अर्मित कौर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री प्रणव जोशी**
अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी–01
02, भूतल
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/7910/IGIA/2025**

### हत्या में शामिल नाबालिग समेत तीन दबोचे

**नई दिल्ली।** जहांगीरपुरी इलाके के सनसनीखेज हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस सिलसिले में एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। दो आरोपियों के नाम किशन और सुरेश कुमार उर्फ अप्पू है। केस में कुछ आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस को 17 जून को जहांगीरपुरी थाने में चाकू मारने के संबंध एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉलर ने बताया कि उसके भतीजे को जी-ब्लॉक, जहांगीर पुरी में पेट में चाकू मारा गया था। पुलिस बीजेआरएम अस्पताल पहुंची, जहां बॉबी सिंह उर्फ पीयूष (18) निवासी झुग्गी नंबर 402, जी-ब्लॉक चाकू के घाव के साथ बेहोशी की हालत में भर्ती पाया गया।

## फिंगर प्रिंट ब्यूरो और बम निरोधक दस्ते के प्रतीक चिन्हों का किया अनावरण

**फिंगर प्रिंट ब्यूरो एक विशेष फोरेंसिक इकाई है जो फिंगरप्रिंट का विश्लेषण करके अपराधों को सुलझाने में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में फिंगर प्रिंट ब्यूरो (एफपीबी) और बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) के आधिकारिक प्रतीक चिन्हों का अनावरण किया। यह राजधानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने में इन विशिष्ट इकाइयों की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने और सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन प्रतीकों को इन इकाइयों और कर्मचारियों द्वारा अपने जैकेट और आधिकारिक पत्राचार आदि पर गर्व से प्रदर्शित किया जाएगा।

क्राइम ब्रांच के स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस के पास विभिन्न विशेष फोरेंसिक अपराध जांच सहायता इकाइयां उपलब्ध हैं। उनमें से दो फिंगर प्रिंट ब्यूरो और बम निरोधक दस्ता पुलिस बल की महत्वपूर्ण इकाइयां और रीढ़ हैं। फिंगर प्रिंट ब्यूरो एक विशेष फोरेंसिक इकाई है जो फिंगरप्रिंट का विश्लेषण करके अपराधों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। 1983 में स्थापित यह



दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के तहत कार्य करता है और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के पांच लाख से अधिक अपराधियों का डेटाबेस रखता है। अब तक ब्यूरो अपराध स्थलों पर पाए गए फिंगरप्रिंट को अपने डेटाबेस से उठाने और तुलना करने के लिए पाउडर और पराबैंगनी प्रकाश सहित विभिन्न तकनीकों का उपयोग करते थे। लेकिन अब फिंगर प्रिंट ब्यूरो FPIS, NAFIS और CRIS सिस्टम जैसे आधुनिक एप्लिकेशन/सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा है।

ये एप्लिकेशन पुलिस कर्मियों के लिए अपराधों को अपराधियों से जोड़ने के लिए बहुत उपयोगी हैं। सितंबर 2022 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रणाली एप्लिकेशन यानी NAFIS के शुभारंभ के बाद से इस प्रणाली के माध्यम से अपराध स्थलों से उठाए गए निशानों की पहचान की जाती है, जिससे कई अपराधियों की गिरफ्तारी होती है।

इसी तरह बम निरोधक दस्ता दिल्ली के भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों में बम की धमकियों, संदिग्ध वस्तुओं और विस्फोटक उपकरणों से निपटने में अहम भूमिका निभाता है। दिल्ली पुलिस के बम निरोधक दस्ते और बम डिटेक्शन टीम की स्थापना वर्ष 2002 में की गई थी और तब से वे बम की धमकियों का मुकाबला करने और विस्फोटक उपकरणों से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 249 दिनांक 17.06.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे –**



नाम - सन्दीप
पिता/पति- पुत्र सुरेन्द्र
पता - निवासी लाखनमाजरा हाल किरायेदार गांव टिटौली जिला रोहतक
उम्र-20 वर्ष
कद - 5 फुट 4 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, बायें कान में बाली पहने हुए।
पहनावा संतरी रंग की टी शर्ट, स्लेटी रंग की लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।

दिनांक 17.06.25 को सन्दीप पुत्र सुरेन्द्र निवासी लाखनमाजरा हाल किरायेदार गांव टिटौली जिला रोहतक अपने मामा के घर शिव कालोनी रोहतक गया था। जो उसके मामा का लडका उसको जींद बाईपास पर छोडकर काम पर चला गया। उसके बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9466252238

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 251 दिनांक 18.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना शहर रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - जोगेन्द्र सिंह
पिता/पति-
पता - निवासी बडसी नगर रोहतक
उम्र- 45 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा ।
पहनावा क्रीम रंग की शर्ट, हरे रंग की पैंट व पैरों में जूते पहने हुए।

दिनांक 18.06.25 को जोगेन्द्र सिंह निवासी बडसी नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468387817

पीआरडीएच-1084/11/3539/2026/35805/88/7 दि. 19.06.2025

### दिया था ऑनलाइन इंवेस्टमेंट का झांसा

# 21 लाख की ठगी में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले की साइबर पुलिस द्वारा 21 लाख की ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी के जिम्मेदार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शेयर बाजार में निवेश से मिलने वाले आकर्षक रिटर्न के नाम पर पीड़ित को ठगा था। इनसे धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए एटीएम कार्ड, चेक बुक, पासबुक, बैंक खाते से जुड़े सिम कार्ड और मोबाइल हैंडसेट बरामद किए गए है। चीनी नागरिकों की संलिप्तता का पता भी चला है। अपराध को अंजाम देने के लिए आरोपी नेपाल तक गए थे। अपराध से संबंधित नेपाल के होटल बिल और हवाई टिकट भी बरामद हुये हैं।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पकड़े गये दोनों जालसाजों के नाम पवन पुत्र लेफ्टिनेंट सतपाल निवासी दादू माजरा कॉलोनी, चंडीगढ़ और मनकीरत पुत्र अजीत सिंह निवासी मॉडल टाउन, फिरोजपुर, पंजाब हैं। अशोक विहार निवासी मीनाक्षी शर्मा नामक महिला से शेयर बाजार निवेश के नाम पर धोखाधड़ी की एक ऑनलाइन शिकायत मिलने के बाद यह जांच व कार्रवाई की गई। जालसाजों ने महिला को एक फर्जी निवेश एप्लिकेशन दिखाकर लालच दिया, जिसमें वास्तविक ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म के समान लाभ, हानि और निवेश विवरण प्रदर्शित किया गया था। पीड़िता ने 21 लाख की रकम तीन अलग-अलग लेन-देन में धोखेबाजों द्वारा दिए गए बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी थी। आरोपी महिला से टेलीग्राम और व्हाट्सएप चैट के जरिए संपर्क में थे। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी पवन टेलीग्राम चैनलों और समूहों के जरिए चीनी नागरिकों के संपर्क में था। वह अपने आसपास के लोगों से बैंक खाते खरीद रहा था और उन्हें टेलीग्राम के जरिए कमीशन के आधार पर चीनी नागरिकों को मुहैया करा रहा था। आर्थिक तंगी से जूझ रहे आरोपी मनकीरत ने पते के विवरण में हेरफेर करके अपनी पत्नी के नाम पर चालू खाता खुलवाया था। इस खाते का इस्तेमाल बाद में चीनी नागरिकों की सहायता से अपराध की आय प्राप्त करने के लिए किया गया था।

### यूपीआई अकाउंड बना खाते से उड़ाये दो लाख से ज्यादा

उत्तर पूर्वी जिले की साइबर पुलिस ने भी 2.36 लाख से जुड़ा मामला सुलझाया है। इस सिलसिले में एक जालसाज को गिरफ्तार किया गया है। धोखाधड़ी की गई रकम में से 35 हजार रुपये जब्त किये गये हैं। अपराध में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन और दो सिम कार्ड भी बरामद हुये हैं।

पुलिस के अनुसार 4 जून को 2.36 लाख रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें शिकायतकर्ता गरीब नाथ गुप्ता निवासी सोनिया विहार ने बताया कि वह सीलमपुर बस स्टैंड पर एक छोटी सी चाय की दुकान चलाते हैं। उनका कीपैड मोबाइल फोन 27 मई को खो गया था। 28 मई और 2 जून के बीच किसी ने खोए हुए सिम कार्ड का इस्तेमाल करके यूपीआई लेनदेन के माध्यम से उनकी पत्नी के बैंक खाते से 2.36 लाख रुपये निकाल लिए थे। केस दर्ज कर जांच के दौरान यह पाया गया कि धोखाधड़ी वाले लेनदेन एयरटेल पेमेंट्स बैंक खाते के माध्यम से किए गए थे। जो आगे एक अन्य चोरी हुए मोबाइल फोन से जुड़ा था। साक्ष्य के आधार पर टीम ने सफलतापूर्वक आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मोहम्मद मोनीश (21) निवासी गली नंबर 27, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, जाफराबाद के रूप में हुई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह एक मोबाइल फोन रिपेयर मैकेनिक के रूप में काम करता है और चोरी किए गए मोबाइल फोन खरीदता था। फिर वह उन नंबरों से जुड़े बैंक/यूपीआई खातों से पैसे निकाल लेता था। आरोपी से जुड़े अन्य सहयोगियों या लिंक को उजागर करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क टीबी जांच कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** डबुआ कॉलोनी स्थित जैन कान्वेंट स्कूल में नागरिक अस्पताल बीके द्वारा



निःशुल्क टीबी जांच कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 46 लोगों ने बीपी, शुगर, बलगम की जांच कराई। यहां पर लोगों को टीबी बीमारी के होने के लक्षण व रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती सारिका जैन ने जांच करने पहुंची टीबीएचबी प्रियंका शर्मा आदि।

### रैपिड एक्शन फोर्स ने फ्लैग मार्च निकाला

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता व किशोर कुमार कमान्डेंट के निर्देशन पर रैपिड



एक्शन फोर्स बी-194 बटालियन की एक प्लाटून 16 से 21 जून 2025 तक जिला फरीदाबाद हरियाणा में परिचित अभ्यास कर रही है। गुरुवार को रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून ने पुलिस थाना कोतवाली के थाना प्रभारी मंजीत सिंह, सारण के थाना प्रभारी रण सिंह ने फ्लैग मार्च एवं मोबाइल पैट्रोलिंग के द्वारा ग्रामीणों को शांति व सद्भावना का संदेश दिया।

### मकान का छज्जा गिरने से 1 की मौत, एक घायल

**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र में जर्जर एक तीन मंजिला मकान का छज्जा गिरने से



एक प्याज का ठेला लगाने वाले 60वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। इस दुःखद घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक छाया हुआ है। पुलिस ने मृतक के शव को मलबे से निकालकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। घटना बुधवार देर रात की है। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि देर रात्रि थाना शालीमार गार्डन पर सूचना प्राप्त हुई कि एक मकान के थर्ड फ्लोर की रेलिंग का छज्जा गिर जाने के कारण मकान के नीचे ठेली लगाने वाले 02 व्यक्ति घायल हो गये हैं।

# एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर पर अवैध पोस्टर और ब्रांडिंग के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

एनसीआरटीसी ने नमो भारत कॉरिडोर के पिलर्स और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को खराब करने और अवैध प्रचार सामग्री चिपकाने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (एनसीआरटीसी) ने नमो भारत कॉरिडोर के पिलर्स और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों को दूषित करने और अवैध प्रचार सामग्री चिपकाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। अभी तक अभियान में 300 से अधिक पिलर्स से अवैध पोस्टर हटाए जा चुके हैं।

## 300 से अधिक पिलर्स से हटाए अवैध पोस्टर

- अवैध प्रचार में संलिप्त लोगों के खिलाफ भेजा जाएगा नोटिस
- यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी
- अवैध प्रचार करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई




### सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना अपराध है

*एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि अब यह अभियान कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में भी विस्तारित किया जा रहा है। यह अभियान इस कॉरिडर की स्वच्छता, संरचनात्मक सुंदरता और सार्वजनिक गरिमा को बनाए रखने की दिशा में एनसीआरटीसी द्वारा उठाया गया एक अहम कदम है। उन्होंने कहा कि एनसीआरटीसी की यह संपत्तियाँ सार्वजनिक संपत्तियाँ हैं, और उन पर किसी भी प्रकार का अवैध पोस्टर चिपकाना, दीवारों को गंदा करना या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना, न सिर्फ एक सार्वजनिक अपराध है, बल्कि यह एक दंडनीय कानूनी अपराध भी है। इन गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुसार जुर्माना लगाया जा सकता है या अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इसके साथ ही जिन व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा यह अवैध प्रचार किया गया है, उन्हें चिन्हित कर कानूनी नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। यह प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी।*

## नीट परीक्षा में टॉप करने वाली बेटी को मुख्यमंत्री सैनी ने किया सम्मानित

# अब फरीदाबाद की बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल आ रही हैं: मंत्री नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर-37 फरीदाबाद में रहने वाले डॉक्टर आशुतोष अग्रवाल और डॉक्टर नेहा की बेटी अविका अग्रवाल ने नीट परीक्षा में देश में पांचवा स्थान प्राप्त किया। जिन्हें मंत्री एवं स्थानीय विधायक राजेश नागर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आशीर्वाद दिलवाया है। इससे परिवार बड़ा खुश है। उनका कहना है कि सरकार हर क्षेत्र में अच्छा कर रही है जिसका लाभ हर व्यक्ति को प्राप्त हो रहा है।

मंत्री राजेश नागर ने बताया कि हमारे फरीदाबाद हरियाणा की बेटी अविका अग्रवाल को एनईईटी एमबीबीएस परीक्षा में देश में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। उन्हें 720 में से 680 अंक प्राप्त हुए हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है। उनके परिजनों का मन था कि बिटिया को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आशीर्वाद दिलवाया जाए। जिस पर मैंने प्रयास किया और बहुत सहज सरल हृदय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बेटी को खूब आशीर्वाद दिया और जीवन में इसी प्रकार आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**खास बातें**

- हरियाणा की बेटी अविका को देश में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ
- सीएम सैनी के आशीर्वाद से परिवार हुआ खुश



### बेटियों को खूब पढ़ाएं, आगे बढ़ाएं ताकि वे देश और समाज का नेतृत्व कर सकें

*मंत्री राजेश नागर ने बताया कि अविका अपने परिवार के साथ मेरी विधानसभा क्षेत्र के हेमिल्टन हाइट, सेक्टर 37 फरीदाबाद में रहती हैं और उनके परिजन डॉक्टर हैं। मैं भी अभी का और उनके पूरे परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह देख सुनकर अच्छा लगता है कि बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। बेटियां अब किसी से काम नहीं हैं। वह डॉक्टर इंजीनियर से लेकर हवाई जहाज तक उड़ने का काम कर रही हैं। सरकार और प्रशासन में बहुत अच्छा काम कर रही हैं। मेरी तो सभी से अपील है कि बेटियों को खूब पढ़ाएं जिससे कि वह आगे बढ़ सकें और देश समाज का नेतृत्व कर सकें। उन्होंने बताया कि केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार और हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली आदि हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं जिसका लाभ आज हर वर्ग को मिल रहा है और उसके सुखद नतीजे सामने आ रहे हैं।*

## हरनंदी पुरम योजना को धरातल पर साकार करने की दिशा में प्राधिकरण को मिली कामयाबी

### योजना के दो अन्य किसानों ने जीडीए के पक्ष में किए जमीन के बैनामें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के नेतृत्व में प्राधिकरण की अतिमहत्वपूर्ण हरनंदी पुरम योजना को धरातल पर साकार करने की दिशा में चल रही मुहिम में जीडीए को गुरुवार को एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई।

योजना के अन्य किसानों के द्वारा अपनी जमीन के बैनामें जीडीए के पक्ष में कर दिए। किसानों के द्वारा अभी तक जीडीए के पक्ष में तीन बैनामें किए जा चुके है। राजनगर निवासी अभय सिंघल पुत्र प्रमोद सिंघल के द्वारा ग्राम चम्पत नगर के खसरा संख्या 270 के



रकबा 0.1420 जमीन का बैनामा जीडीए के पक्ष में कर दिया गया। प्रतिकर के तौर पर 45 लाख 89 हजार 440 राशि का भुगतान कर दिया गया। शाहपुर निज मोरटा निवासी किरण पाल त्यागी पुत्र त्रिलोक चंद के द्वारा ग्राम शमशेर के खसरा संख्या 837 के रकबा 0.3455 जमीन को जीडीए के पक्ष में बैनामा किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सोनू, पुत्रः** स्वर्गीय श्री मुकेश, **पताः** ई–7/348 सुल्तान पुरी, दिल्ली **FIR No. 471/2011, U/s: 363 IPC, पुलिस थानाः सुल्तान पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सोनू, FIR No. 471/2011, U/s: 363 IPC, पुलिस थानाः सुल्तान पुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सान्या दलाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर–पश्चिम, कोर्ट रूम नं.–102
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7887/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश कुमार भारद्वाज पुत्र** ए. एम. भारद्वाज, **निवासी** BU-32, प्रथम तल, पीतमपुरा, नई दिल्ली–34, ने **FIR No. 9330/2016, U/S 406/409/420/34 IPC, पुलिस स्टेशन सुभाष प्लेस, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार भारद्वाज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार भारद्वाज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 9330/2016, U/S 406/409/420/34 IPC, पुलिस स्टेशन सुभाष प्लेस, उत्तर–पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राकेश कुमार भारद्वाज** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सान्या दलाल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01, उत्तर–पश्चिम,
कोर्ट नं.–102, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7876/NW/2025
(Court Matter)

# मेयर जोशी ने एनटीपीसी फरीदाबाद में बालिकाओं से संवाद कर किया प्रोत्साहित

## चयनित 40 प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बालिका सशक्तिकरण अभियान जीईएम-2025 के अंतर्गत एनटीपीसी फरीदाबाद द्वारा आयोजित एक प्रेरणादायक संवाद सत्र प्रेरक संवाद में फरीदाबाद नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने प्रतिभागी बालिकाओं से संवाद किया।

कार्यक्रम का आयोजन डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में किया गया, जहां जीईएम के अंतर्गत चयनित 40 प्रतिभाशाली बालिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



जीईएम एनटीपीसी की एक प्रमुख सीएसआर पहल है, जिसका उद्देश्य आसपास के सरकारी स्कूलों की बालिकाओं में आत्मविश्वास, जीवन कौशल और सशक्तिकरण की भावना का विकास करना है। मेयर ने अपने जीवन के अनुभव सांझा करते हुए बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनने, शिक्षा को प्राथमिकता देने और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं को पार कर अपने सपनों को साकार करने की ताकत हर बेटी में होती है। उनकी संवेदनशील और प्रेरणादायक बातों ने बालिकाओं को गहराई से प्रभावित किया। इस अवसर पर एनटीपीसी फरीदाबाद के अधिकारीगण, सुकीर्ति महिला संघ की सदस्याएं और जीईएम परियोजना से जुड़े प्रशिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जीईएम बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। एनटीपीसी फरीदाबाद अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सतत प्रतिबद्ध है कार्यक्रमों के माध्यम से समावेशी विकास को निरंतर प्रोत्साहित करता है।

# वासुदेव अरोड़ा ने किया पंतजलि योगपीठ द्वारा आयोजित अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ

## इस वर्ष अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गुरुवार को पंतजलि योगपीठ द्वारा चार दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का आरंभ योगगुरू सतीश वधवा ने ओम नमो योग पार्क सेक्टर-7 सी में हुआ जिसमें समाजसेवी वासुदेव अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने ज्योति प्रज्वलित करके योग शिविर का शुभारंभ किया।

वासुदवे अरोड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के कारण 21 जून को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग



दिवस के रूप में घोषित किया तब से योगगुरू सतीश वधवा ने इसी पार्क में समाज को योग के प्रति जागरूक करना आरंभ किया जो कि आज के विशाल रूप ले चुका है और रोज़ सुबह सैंकड़ों की तादात में लोग योग करने व सीखने आते हैं। उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर पंतजलि योगपीठ यहां विशाल योग शिविर लगाते हैं। तथा मुझे विधिवत तरीके से इसका शुभारंभ करने का अवसर देते हैं जिसके लिए मैं इनकी पूरी टीम का आभारी हूं। योगगुरू सतीश वधवा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की 11वीं वर्षगांठ है जिसकी थीम है एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग तथा इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। इस मौके पर बहुत योगभक्तों ने भाग लिया और योग का लाभ लिया।

## जोड़ो ज्ञान एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला

**फरीदाबाद।** पीएम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3 फरीदाबाद में जोड़ो ज्ञान एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आधारभूत संख्यात्मकता पर तीन दिवसीय कार्यशाला 19 जून 2025 से 21 जून 2025 तक आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त गुरुग्राम संभाग संजीत कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला की शुरुआत की। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती भारती कुक्कल ने मुख्य अतिथि, जोड़ो ज्ञान फाउंडेशन के संसाधकों एवं गुरुग्राम संभाग के विभिन्न विद्यालयों से आए 9 मुख्य अध्यापकों एवं 53 प्राथमिक शिक्षकों सभी का स्वागत किया। सहायक आयुक्त ने सभी प्रतिभागियों को दिशा निर्देश एवं शुभकामनाएं दी और कहा कि आज के समय में शिक्षा छात्रों के लिए रोचक और व्यवहारिक होनी चाहिए। गणित शिक्षा का अभिन्न हिस्सा है। गणित शिक्षण छात्रों के लिए रोचक और प्रभावी बनाना प्रत्येक अध्यापक का कर्तव्य है।

# हरियाणा प्रदेश संगठन सृजन को लेकर बड़खल विधानसभा में बैठक का आयोजन

## कांग्रेसियों ने केक काटकर धूमधाम से मनाया राहुल गांधी का जन्मदिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश संगठन सृजन अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुरुवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र में किया गया। जिसमें हमारे फरीदाबाद जिले के प्रभारी एआइसीसी ऑब्जर्वर एवं लोकसभा सांसद मानिक टैगोर, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर वीरेन्द्र पाल साह, रोहतास बेदी एवं सुधीर चौधरी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़खल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे चौधरी विजय प्रताप ने की। इस मौके पर सभी ने मिलकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया। संगठन विस्तार को लेकर आयोजित



बड़खल कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। ऑब्रजवर ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया और जिला अध्यक्ष को लेकर उनकी राय ली। सेक्टर-21 स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित बड़खल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की इस बैठक में ऑब्जवर एवं सांसद मनिकम टैगोर ने संगठन विस्तार को लेकर कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अलग-अलग मुलाकात की और सभी ने अपने-अपने विचार सांझा किए। माणिकम ने कहा कि जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन आ चुके हैं। लंबे समय बाद जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है। ऐसे में मजबूत जिलाध्यक्ष चुना जाएगा, जो पार्टी को मजबूती दे सके और लंबे समय से पार्टी में अपनी सेवाएं दे रहा हो। सामाजिक व आर्थिक रुप से मजबूत हो और सभी को साथ लेकर चल सके।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि (भ व प) | पानीपत में सिविल हॉस्पीटल में मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास और एक अन्य। | 20.06.2025 26.06.2025 | 22.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 2 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण, फायर टेक. और आई.एस.एम.)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत कम्प्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्क रखरखाव)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | मशीनरी एवं उपकरण की खरीद (स्टेट स्कीम्स के तहत 7 एम एंड ई मदें)। | 19.06.2025 23.07.2025 | एनए | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि (भ व प) कैथल | पीडब्ल्यू 2025-2026 के तहत कैथल निर्वाचन क्षेत्र के 2 अदद रोड की विशेष मरम्मत (I) कैथल-जीन्द रोड से कैथल खनौरी रोड को जोड़ने के लिए नया बाईपास (आईडी 10087) (II) कैथल जिले में कैथल देवबन रोड से गांव पेओडा (आईडी 7105)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 337.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि (भ व प) कैथल | कैथल जिले में डब्ल्यूपी 2025-2026 (कैथल निर्वाचन क्षेत्र) के तहत 4 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) संघान से बरता रोड (आईडी 10089) (II) सजुमा ब्रिज से धुंधेरी (आईडी 10091) (III) गुहना से सिनाध (आईडी 10099) (IV) नौच कवारतान रोड से जसवंती (आईडी 11748)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 416.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896070157 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज नारनौल | निजामपुर ब्लॉक निजामपुर – उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 8 कार्य। | 17.06.2025 24.06.2025 | 216.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prxeeng.nrl@gmail.com |
| 8 | लोनिवि (भ व प) हिसार | हिसार जिला कार्य कार्यक्रम 2025-26 (बरवाला निर्वाचन क्षेत्र) (स्मार्ट रोड) (ग्रुप नं. 2) में धांसु से सुलखानी रोड आरडी 0.00 से 7.00 (रोड आईडी 4842) तक रोड का मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 358.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | पीजीआईएमएस, रोहतक में न्यू ओटी में सेंट्रल एयर कंडीशनिंग प्लांट हेतु एएमसी (एयर करटेंस का प्रावधान) + 1 कार्य। | 18.06.2025 25.06.2025 | 3.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि (भ व प) करनाल | करनाल जिले में घरौंडा निर्वाचन क्षेत्र में घरौंडा में एनसीसी अकेडमी का निर्माण (मेस ब्लॉक का बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 206.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि (भ व प) जीन्द | जीन्द जिले में सफीदों निर्वाचन क्षेत्र में 4 अदद रोड्स को चौड़ा करना और मजबूतीकरण तथा विशेष मरम्मत, 1. हरिगढ़ से रामनगर रोड (रोड आईडी 12521), 2. निम्नाबाद से खाटला रोड (रोड आईडी 12518), 3. बगरू से राजावाली सड़क (रोड आईडी 12520), 4. पानीपत-सफीदों रोड से भुसलाना रोड (रोड आईडी 6712) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 9.82 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 12 | लोनिवि (भ व प) जीन्द | जीन्द जिले में नंदगढ़ से ढिगाना रोड (निर्वाचन क्षेत्र - जुलाना) को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 11859) (वर्ष 2025-26 हेतु ओडीआर का कार्य कार्यक्रम) + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2025 | 13.92 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 13 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में कि.मी. 0.000 से 5.300 तक काहनी से मोई रोड पर पुनर्निर्माण (रोड आईडी 10519) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 391.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 14 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में 3 अदद कार्य (I) रोहतक जिले में कि.मी. 3.000 से 3.500 तक पाकस्मा से मोरखेड़ी वाया कसरेंटी रोड पर सीसीपी (रोड आईडी 1890, 1898), (II) रोहतक जिले में कि.मी. 0.930 से 3.830 तक खेड़ी सांपला से दत्तौड़ रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1687) (III) रोहतक जिले में कि.मी. 0.330 से 3.000 तक सांपला डीघल रोड पर इस्माईला से बालाजी मंदिर तक चौड़ा करना और मजबूतीकरण (रोड आईडी 9730) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | 18.06.2025 28.06.2025 | 378.63 लाख | https://dlcsupva.ac.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 15 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | रोहतक जिले में 3 अदद कार्य (I) कि.मी. 0.000 से 0.400 और 2.850 से 3.065 तक जसिया से रिठाल रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1721) (II) रोहतक जिले में आरडी 0.000 से 0.965 तक वार से सुखपुरा से लाढौत रोड पर 80 मिमी आईपीबी के प्रावधान और बिछाने द्वारा मजबूतीकरण (रोड आईडी 1854) (III) रोहतक जिले में कि.मी. 0.000 से 3.96 तक लाढ़ौत से शिव मंदिर किलोई रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी 1855) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 434.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |
| 16 | लोनिवि (भ व प) रोहतक | 05 कार्य (I) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.820 तक घिलौड से छिछड़ाना रोड तक मजबूतीकरण (रोड आईडी-10078) (II) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 3.345 तक काहनी से घिलौड रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-1733) (III) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.100 तक किलोई से पोलंगी वाया मंढक (मंदिर) रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-9727) (IV) रोहतक जिले में किमी 0.000 से 4.300 तक भालौट से किलोई रोड पर मजबूतीकरण (रोड आईडी-1867) (V) रोहतक जिले में गढ़ी सांपला किलोई निर्वाचन क्षेत्र में कि.मी. 0.000 से 0.140 तक गांव जसिया में स्पोर्ट्स स्टेडियम अप्रोच रोड पर 80 मिमी आईपीबी का प्रावधान व बिछाने द्वारा चौड़ा करना व मजबूतीकरण (रोड आईडी-11035) कार्य कार्यक्रम 2025-26. | 18.06.2025 28.06.2025 | 426.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416046666 pwd-eepd1-rohtak@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/320/35802/I/88/7 दि. 19.06.25

## योगी सरकार का बड़ा फैसला

# यूपी में अब लोमड़ी और सियार के हमले मौत पर मिलेगा चार लाख का मुआवजा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

**सीएम योगी ने अब लोमड़ी और सियार के हमले को भी राज्य आपदा की श्रेणी में शामिल कर लिया है। अब राज्य आपदा की सूची में कुल 11 जंगली जानवर शामिल हो गए हैं।**

उत्तर प्रदेश में अगर किसी व्यक्ति की मौत लोमड़ी या सियार के काटने से होती है तो उसके परिवार को सरकार की ओर से 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार ने अब लोमड़ी और सियार के हमले को भी अब राज्य आपदा की श्रेणी में शामिल कर लिया है। इस फैसले के बाद अब राज्य आपदा की सूची में कुल 11 जंगली जानवर शामिल हो गए हैं, जिनके हमले से मौत होने पर मुआवजा दिया जाएगा।

यूपी सरकार ने लोमड़ी और सियार इन दोनों वन्य जीवों को मानव-वन्यजीव संघर्ष की कैटेगरी-दो में रखा है। सरकार ने इस श्रेणी को दो भागों में विभाजित किया है। इसमें पहली श्रेणी में बाघ, तेंदुआ, भेड़िया, लकड़बग्घा, मगरमच्छ, हाथी, गैंडा और जंगली सुअर शामिल हैं और दूसरी कैटेगरी में लोमड़ी और सियार को जोड़ा गया है।

### खास बातें

- राज्य आपदा की सूची में 11 जंगली जानवर शामिल हो गए हैं
- अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली आपदा में शामिल



### दो कैटेगरी में किया गया विभाजित

*कैटेगरी एक में रखे गए जानवरों के हमलों में अगर किसी की मौत होती है तो पीड़ित परिवार को पांच लाख का मुआवजा दिया जाता है। कैटेगरी दो में रखे गए जानवरों के हमले अगर किसी की मृत्यु होती है तो उनके परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।*

### ये घटनाएं भी राज्य आपदा में शामिल

*जानवरों के हमले के अलावा राज्य में और भी आपदाएं पहले से घोषित हैं। इनमें बेमौसम भारी बारिश, अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली, आंधी, तूफान, लू प्रकोप, नाव दुर्घटना, सर्पदंश, सीवर सफाई, गैस रिसाव, बोरवेल में गिरने से हादसा, नाला, गड्ढा, जल प्रपात या किसी अन्य जल स्रोत में डूबने से होने वाली मौतें शामिल हैं। वहीं नीलगाय और सांड से टकरा कर हुए हादसे को भी राज्य आपदा घोषित किया जा चुका है। मुख्य सचिव ने मधुमक्खी के हमले से होने वाली मौत को भी राज्य आपदा घोषित किए जाने की सिफारिश की थी हालांकि इस प्रस्ताव को अभी मंजूरी नहीं दी गई है।*

## भ्रष्टाचार की शिकायत के बाद एक्शन में मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के आरोपों ओ देखते हुए एक बड़ा फैसला लिया है। सीएम योगी ने यूपी में स्टाम्प और रजिस्ट्री विभाग के सभी निबंधकों और उप निबंधकों के ट्रांसफर पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। सीएम ने ट्रांसफर पर रोक के साथ साथ ट्रांसफर में हुए कथित भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराने को भी निर्देशित किया है।

### सहायक निबंधन के ट्रांसफर भी रोके गए

यूपी में मई और जून महीने में सभी विभाग कर्मचारियों की मांग और विभाग की जरूरत के हिसाब से ट्रांसफर कर सकते हैं। इस ट्रांसफर सीजन में स्टाम्प एवं राजस्व विभाग में 58 उप निबंधकों के अलावा हाल ही में प्रमोट हुए 29 उप निबंधकों के ट्रांसफर को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। इसके अलावा क्लर्क लेवल के 114 कनिष्ठ सहायक निबंधन के ट्रांसफर भी रोके गए हैं।

## जेकेट का शेष

### ईरान के बाद अब...

जब ईरान की मिसाइल इजरायल के बीरसेबा इलाके में एक अस्पताल पर जा गिरी। ईरान और इजरायल में भारतीय नागरिकों की कुल संख्या करीब 30 हजार है। जिसमें ईरान में रह रहे 10 हजार और इजरायल में मौजूद 20 हजार भारतीय शामिल हैं।

### डबल हो जाएगी...

संशोधन के बाद, ये योगदान तदनुसार बढ़ जाएगा। सीजीएचएस के लिए सदस्यता दरें वेतन स्लैब से जुड़ी हुई हैं, इस प्रकार, मूल वेतन में वृद्धि के परिणामस्वरूप सीजीएचएस शुल्क में भी वृद्धि होगी।

## पेज एक का शेष

### कनाडा की धरती से...

मामले पर रसातल में पहुंचे संबंध : बताते चलें कि खालिस्तानी चरमपंथियों के मामले को भारत बीते कुछ वक्त से लगातार कनाडा के समक्ष मजबूती से उठा रहा है। जिसमें साफ तौर पर ये कहा गया है कि भारत, कनाडा की जमीन से चल रही भारत विरोधी गतिविधियों, खालिस्तानी चरमपंथियों को दिए जा रहे कनाडा के राजनीतिक संरक्षण को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। इन पर तत्काल रोक लगाई जानी चाहिए। लेकिन कनाडा की पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो की सरकार की तरफ से मामले पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। उलटे उन्होंने 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में हुई खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता का झूठा और भ्रामक आरोप भी लगाया था। इस संबंध में बाद में हालांकि कनाडा अपनी तरफ से कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। मामला इतना बढ़ा कि दोनों देशों के कूटनीतिक संबंध बेहद निचले स्तर तक पहुंच गए। दोनों देशों ने अपने-अपने उच्चायोगों में उच्चायुक्त समेत अन्य कर्मियों की संख्या को काफी कम कर दिया। लेकिन दोनों प्रधानमंत्रियों की बातचीत से अब यह उम्मीद जगी है कि जल्द ही भारत और कनाडा की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही व्यापार वार्ता भी भविष्य में परवान चढ़ेगी। **1980 से जारी खालिस्तानी चरमपंथ की कहानी:** ओटावा की खुफिया एजेंसी का कहना है कि बीते करीब साढ़े चार दशक से (वर्ष-1980) कनाडा आधारित खालिस्तानी चरमपंथी (सीबीकेई) पंजाब के भीतर खालिस्तान नामक एक स्वतंत्र राज्य बनाने के लिए हिंसात्मक रूप से अपना अभियान चला रहे हैं। कनाडा में राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद (पीएमवीई) का खतरा मुख्यतः कनाडा स्थित खालिस्तानी चरमपंथियों (सीबीकेई) के जरिए ही सामने आया है। लोगों के एक छोटे समूह को खालिस्तानी चरमपंथी माना जाता है। लेकिन वहां उभरने वाला वास्तविक और कथित खालिस्तानी चरमपंथ कनाडा में भारतीय विदेशी हस्तक्षेप गतिविधियों को संचालित करना जारी रखता है। नई दिल्ली का सालों से ओटावा पर ये आरोप है कि वो कनाडा में जारी भारत विरोधी तत्वों के मामले में आंखें मूंदे बैठा है। लंबे इंतजार के बाद सीएसआईएस की यह स्वीकारोक्ति सबके सामने आ गई है। खुफिया एजेंसी ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि चीन, रूस, ईरान और पाकिस्तान के साथ ही भारत, कनाडा में विदेशी दखल और जासूसी का एक मुख्य अपराधी है।

### आखिरकार पीएम मोदी...

यहां बता दें कि पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कई बार भारत और पाकिस्तान संघर्ष को रोकने के लिए दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करने का दावा किया था।

### अमेरिकी वीजा अधिकार...

वीजा पर रोक यानी प्रतिबंध लगा सकते हैं। एक्स पर दिए बयान में अमेरिकी दूतावास ने यह जानकारी दी। जो कि दूतावास के पूर्व में जारी किए गए बयान से काफी हद तक मेल खाता है।

### 55 के हुए राहुल गांधी...

और बताया है कि सरकार के वादे सिर्फ कागजों पर ही रह गए हैं। **दावाः जेप्टो से लेकर एचडीएफसी तक बड़ी कंपनियां आईं :** कांग्रेस द्वारा जारी प्रचार सामग्री के अनुसार, जिन कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया उनमें जेप्टो, एयरटेल, ब्लिंकिट, टाटा, एचडीएफसी बैंक, फ्लिपकार्ट व महिंद्रा और एक्सिस बैंक जैसी जानी-मानी कंपनियां शामिल हैं। **उधर, भाजपा का तंजये सारे दावे हास्यास्पद :** कांग्रेस के दावों का भाजपा ने मजाक उड़ाया। कांग्रेस के दावों पर तंज कसते हुए भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि 20 हजार युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराने का दावा हास्यास्पद है। **12वीं पास युवा ले सकते थे हिस्साः** युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने बताया कि इस मेले में कम से कम 12वीं पास युवा हिस्सा ले सकते थे। 20 हजार रजिस्ट्रेशन में से 10 हजार ऑनलाइन किए गए हैं, जबकि बाकी 258 ब्लॉक स्तरीय कैंपों के जरिए जुटाए गए। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अप्रैल में राजस्थान में इसी तरह का मेला आयोजित किया गया था, जहां 3,500 रजिस्ट्रेशन में से 1,400 युवाओं को नौकरी मिली थी।

### रिपोर्ट की खास बातें...

पर सवाल उठाया, जिन्होंने वीडियो और जली हुई नकदी के बारे में गलत जानकारी दी और बाद में अपने बयान से पलटने की कोशिश की।

**▶▶ स्टोररूम तक पहुंच कमेटी:** कमेटी ने इस तर्क को खारिज कर दिया कि स्टोररूम सभी के लिए खुला था और किसी ने नकदी फंसाने के लिए रखी थी। स्टोररूम तक पहुंच केवल जस्टिस वर्मा या उनके परिवार के सदस्यों के पास थी।

**▶▶ घटना की रिपोर्ट नहीं की, ट्रांसफर स्वीकार किया:** जस्टिस वर्मा या उनके परिवार ने इस घटना की रिपोर्ट नहीं की और न ही सीसीटीवी फुटेज प्राप्त की। घटना के बाद उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अपने ट्रांसफर का प्रस्ताव बिना विरोध के स्वीकार कर लिया।

**▶▶ नकदी का हिसाब देने में विफल:** जस्टिस वर्मा जली हुई नकदी का हिसाब देने में विफल रहे और यह बताने में भी विफल रहे कि नकदी कहां से आई या यह किसकी थी।

**▶▶ घरेलू कर्मचारियों ने हटाई जली हुई नकदी:** कमेटी ने निष्कर्ष निकाला कि जस्टिस वर्मा के दो सबसे भरोसेमंद कर्मचारियों ने आग लगने के बाद स्टोररूम से जली हुई नकदी को हटाने में मदद की थी।

### आज देहरादून के नव...

**राष्ट्रपति निकेतन का जनता के लिए उद्घाटन:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति निकेतन को आम जनता के लिए खोलेंगी। यह ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि यह परिसर पहली बार सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध होगा। उद्घाटन के दौरान वे आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया, और स्मारिका दुकान जैसी सुविधाओं का शुभारंभ करेंगी, जो पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए सुगम होंगी। राष्ट्रपति निकेतन 24 जून 2025 से जनता के लिए पूरी तरह खुल जाएगा, और प्रवेश पास राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध होंगे। **राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान का दौरा:** राष्ट्रपति देहरादून में राष्ट्रीय दृष्टि बिंदु निशक्तजनिक सशक्तीकरण संस्थान का दौरा करेंगी। वे एक प्रदर्शनी और मॉडल स्कूल विज्ञान प्रयोगशाला का अवलोकन करेंगी। इस दौरान वे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से बातचीत करेंगी और उनके लिए आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। यह कदम सामाजिक समावन और शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। **नैनीनाल में डाक टिकट जारी:** शाम को, राष्ट्रपति राजभवन, नैनीति के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट जारी करेंगी। यह आयोजन ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। **जन्मदिन समारोह:** राष्ट्रपति अपना 67वां जन्मदिन देहरादून में ही मनाएंगी। हालांकि, उनके जन्मदिन का कोई बड़ा सार्वजनिक आयोजन नहीं होगा, लेकिन यह दौरा उनके लिए व्यक्तिगत और प्रतीकात्मक रूप से महत्वपूर्ण है। **21 जून (तीसरा दिन):** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस: राष्ट्रपति सुबह देहरादून के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर योग के महत्व को बढ़ावा देने का हिस्सा है। **दिल्ली प्रस्थान:** योग कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति दिल्ली के लिए रवाना होंगी, जिसके साथ उनका तीन दिवसीय दौरा समाप्त होगा।

## सीएम सैनी ने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन पर घर पहुंचकर जताया शोक



गुजरात में विजय रूपाणी के परिजनों से मिलते सीएम नायब सैनी।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया। संवेदनाएं प्रकट करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि विजय रूपाणी जी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक- दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दुःख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

## एसजीटीयू के पत्रकारिता प्लेसमेंट ड्राइव में जुटे दिग्गज मीडिया हाउस हमारा लक्ष्य सक्षम प्रोफेशनल तैयार करना



**गुरुग्राम।** श्री गुरु गोबिंद सिंह त्रिशताब्दी (एसजीटी) विश्वविद्यालय ने एक बार फिर साबित किया है कि वह अपने छात्रों की सफलता के लिए पूरी तरह संकल्पित है।आज फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी ने मीडिया प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित की, जिसमें एलुमनी के साथ बीएजेएमसी और एमएजेएमसी के 40 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक एवं पूर्ण आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। यह ड्राइव छात्रों की रुचियों और करियर की आकांक्षाओं के अनुसार आयोजित की गई थी। इंडिया न्यूज़, राष्ट्रीय सहारा, नवभारत टाइम्स (एनबीटी), अमर उजाला, हिंदुस्तान टाइम्स, ज़ी मीडिया, दैनिक भास्कर, ओम कौशिक फिल्म्स और एडा स्टोरी जैसे प्रमुख मीडिया हाउस इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) हेमंत वर्मा, कुलपति, एसजीटी विश्वविद्यालय ने कहा, ₹हमारा लक्ष्य सक्षम प्रोफेशनल तैयार करना है जो तेजी से बदलते उद्योग में आगे बढ़ सकें और सफलता प्राप्त करें।₹प्रो. (डॉ.) आभा सिंह, प्रो-वाइस चांसलर, एसजीटी विश्वविद्यालय ने कहा,₹मीडिया का मूल उद्देश्य सही जानकारी को चुनना और उसे लोगों तक पहुंचाना होता है। अगर छात्र इस गुण को अपने अंदर विकसित कर लें, तो उनके लिए कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। अभिषेक दुबे, डीन, फैकल्टी ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी ने कहा, ₹एसजीटी विश्वविद्यालय की शिक्षा सिर्फ कक्षा तक सीमित नहीं है। हमारा मानना है कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को रोजगार योग्य बनाना होना चाहिए।₹उन्होंने कहा कि प्रैक्टिकल लर्निंग, उद्योग से जुड़ाव और प्रोफेशनल ग्रूमिंग पर ध्यान देते हुए, एसजीटी विश्वविद्यालय शिक्षा और मीडिया उद्योग के बीच एक मजबूत पुल बना रहा है ताकि छात्रों को आत्मविश्वासी, सक्षम और नौकरी के लिए तैयार किया जा सके।

## तेजस्वी को हर हाल में बनाना है सीएम, नए अध्यक्ष को दी बधाई

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल चीफ लालू यादव ने एक बार फिर से कहा कि तेजस्वी यादव को हर हाल में मुख्यमंत्री बनाना है। गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को सत्ता में भागीदारी दिलानी है। आरएसएस और नीतीश को हटाकर अपनी सरकार बनानी है। राजद चीफ ने कहा कि जो पार्टी के लिए काम करेगा, उसे ही विधान सभा चुनाव का टिकट मिलेगा। ये बातें राजद अध्यक्ष लालू यादव ने गुरूवार को पटना के ज्ञान भवन में राजद राज्य परिषद की बैठक के उद्घाटन समारोह में कही। इस दौरान आरजेडी के नए प्रदेश अध्यक्ष मंगनीलाल मंडल को विशेष तौर पर बधाई दी। साथ ही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के काम को भी सराहा है। कहा कि मंगनी लाल मंडल जी को हमने ही बुलाया था।

## अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की जेल में खातिरदारी पकड़ाई

**प्रयागराज।** केंद्रीय कारागार नैनी की हाई सिक्योरिटी सेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के पास से नकदी मिलने के मामले मे जेल प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। डीआईजी जेल की जांच रिपोर्ट में दोषी पाए गए डिप्टी जेलर और एक चीफ वार्डन को डीआईजी जेल ने निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई बुधवार रात को की गई है। डीआईजी जेल ने मंगलवार को अली की बैरक की तलाशी की थी। बता दें केंद्रीय कारागार नैनी में माफिया अतीक अहमद के बेटे अली बीते कई वर्षों से बंद है। जेल प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से उसे हाई सिक्योरिटी सेल में रखा हुआ है।


## रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन)/समय-सारणी/मार्ग में परिवर्तन

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली से चलने वाली/पर समाप्त होने वाली निम्नलिखित रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) को आनन्द विहार (ट.)/दिल्ली जं./हजरत निजामुद्दीन स्टेशनों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

**रेलगाड़ियों के टर्मिनल (प्रारंभिक/गंतव्य स्टेशन) में परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान टर्मिनल | वर्तमान समय-सारणी | | संशोधित टर्मिनल | संशोधित समय-सारणी | | तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | |
| 12801 | पुरी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 04:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 03:50 | --- | 18.08.2025 |
| 12802 | नई दिल्ली | पुरी | नई दिल्ली | --- | 22:40 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 22:50 | 20.08.2025 |
| 12523 | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 12:00 | --- | आनन्द विहार (ट.) | 11:55 | --- | 19.08.2025 |
| 12524 | नई दिल्ली | न्यू जलपाईगुड़ी | नई दिल्ली | --- | 15:10 | आनन्द विहार (ट.) | --- | 15:20 | 20.08.2025 |
| 14681 | नई दिल्ली | जलंधर शहर | नई दिल्ली | --- | 14:45 | दिल्ली जं. | --- | 14:35 | 15.07.2025 |
| 14682 | जलंधर शहर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 13:15 | --- | दिल्ली जं. | 13:15 | --- | 15.07.2025 |
| 14679 | नई दिल्ली | अमृतसर | नई दिल्ली | --- | 13:50 | दिल्ली जं. | --- | 13:45 | 15.07.2025 |
| 14680 | अमृतसर | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 14:25 | --- | दिल्ली जं. | 14:15 | --- | 15.07.2025 |
| 22209 | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | नई दिल्ली | 15:55 | --- | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | --- | 18.08.2025 |
| 22210 | नई दिल्ली | मुंबई सेन्ट्रल | नई दिल्ली | --- | 22:10 | हजरत निजामुद्दीन | --- | 22:20 | 19.08.2025 |

**रेलगाड़ी संख्या 14681 के टर्मिनल एवं समय-सारणी में परिवर्तन**

| स्टेशन | वर्तमान समय-सारणी | | संशोधित समय-सारणी दिल्ली जं. से 15.07.2025 से प्रभावी | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| नई दिल्ली | ----- | 14:45 | ----- | ----- |
| दिल्ली जं. | ----- | ----- | ----- | 14:35 |
| गाजियाबाद | 15:23 | 15:25 | 15:13 | 15:15 |
| मोदीनगर | 15:49 | 15:51 | 15:39 | 15:41 |
| मेरठ शहर | 16:08 | 16:10 | 15:58 | 16:00 |
| मेरठ छावनी | 16:16 | 16:18 | 16:06 | 16:08 |
| सकौती टाण्डा | 16:34 | 16:36 | 16:24 | 16:26 |
| मुजफ्फरनगर | 16:58 | 17:00 | 16:48 | 16:50 |
| देवबंद | 17:18 | 17:20 | 17:08 | 17:10 |
| सहारनपुर | 18:25 | 18:35 | 18:25 | 18:35 |

**रेलगाड़ी संख्या 12204/12203 अमृतसर-सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस के मार्ग में संशोधन**
**(यह रेल सेवा नई दिल्ली स्टेशन पर नहीं ठहरेगी तथा इसे दिल्ली जं. स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा)**

| रेलगाड़ी सं. | स्टेशन से | स्टेशन तक | वर्तमान मार्ग एवं ठहराव: मार्ग | नई दिल्ली आगमन | नई दिल्ली प्रस्थान | संशोधित मार्ग एवं ठहराव (अमृतसर से 17.08.2025 से तथा सहरसा से 18.08.2025 से प्रभावी): दिल्ली जं. आगमन | दिल्ली जं. प्रस्थान | मार्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 12204 | अमृतसर | सहरसा | आदर्श नगर दिल्ली–नई दिल्ली–तिलक ब्रिज–साहिबाबाद | 10:50 | 11:05 | 10:50 | 11:05 | आदर्श नगर दिल्ली–दिल्ली जं.–दिल्ली शाहदरा–साहिबाबाद |
| 12203 | सहरसा | अमृतसर | साहिबाबाद–तिलक ब्रिज–नई दिल्ली–आदर्श नगर दिल्ली | 13:55 | 14:05 | 13:55 | 14:10 | साहिबाबाद–दिल्ली शाहदरा–दिल्ली जं.–आदर्श नगर दिल्ली |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

1838/2025

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें



## टाटा स्मारक केंद्र / TATA MEMORIAL CENTRE

परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान
A Grant-in-Aid Institution under Department of Atomic Energy, Government of India.

Advt. No.: TMC/AD-67/2025 उपलब्ध पद / POSITIONS AVAILABLE 10.06.2025

टाटा स्मारक केंद्र (टीएमसी) निम्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है / Tata Memorial Centre(TMC) invites applications for the following posts:

**स्थान LOCATION : एचबीसीएच/एमपीएमएमसी, वाराणसी HBCH/MPMMC, VARANASI**

1. कन्सल्टंट 'ई' (प्लास्टिक सर्जरी) / CONSULTANT 'E' (PLASTIC SURGERY)
2. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (बोन मॅरो ट्रांसप्लांट) (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (BONE MARROW TRANSPLANT) (MEDICAL ONCOLOGY)
3. कन्सल्टंट 'ई' (गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी) / CONSULTANT 'E' (GASTROENTEROLOGY)
4. कन्सल्टेंट 'ई' (रेडियोडायग्नोसिस) / CONSULTANT 'E' (RADIODIAGNOSIS)
5. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) (एडल्ट हेमटोलिम्फोईड) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY) (ADULT HAEMATOLYMPHOID)
6. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) (सॉलिड ट्युमर) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY) (SOLID TUMOR)
7. कन्सल्टंट 'ई' (युरो ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'E' (URO ONCOLOGY)
8. कन्सल्टंट 'डी' (जनरल मेडिसिन) / CONSULTANT' (GENERAL MEDICINE)
9. कन्सल्टंट 'डी' (बायोकेमिस्ट्री) / CONSULTANT 'D' (BIOCHEMISTRY)
10. कन्सल्टंट 'डी' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'D' (MEDICAL ONCOLOGY)
11. वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (रेडियो डायग्नोसिस) /SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (RADIO DIAGNOSIS)
12. वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (ऑक्युपेशनल थेरपी) /SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (OCCUPATIONAL THERAPY)
13. क्लिनिकल सायकोलॉजिस्ट / CLINICAL PSYCHOLOGIST
14. टेक्नीशियन 'सी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) / TECHNICIAN 'C' (MOLECULAR PATHOLOGY)
15. टेक्नीशियन 'सी' (रेडियोडायग्नोसिस) / TECHNICIAN 'C' (RADIODIAGNOSIS)
16. सहायक प्रशासनिक अधिकारी (क्रय एवं भंडार) /ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER (PURCHASE AND STORES)

**स्थान / LOCATION: टीएमएच मुंबई/ TMH, MUMBAI**

1. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (अॅनेस्थेसियोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (ANESTHESIOLOGY)
2. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (INTERVENTIONAL RADIOLOGY)
3. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (MEDICAL ONCOLOGY)
4. कन्सल्टंट 'डी' (जनरल मेडिसिन) / CONSULTANT 'D' (GENERAL MEDICINE)
5. कन्सल्टंट 'डी' (डेंटल एवं प्रोस्थेटिक सर्जरी) / CONSULTANT 'D' (DENTAL & PROSTHETIC SURGERY)
6. वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (पॅथोलॉजी) / SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (PATHOLOGY)
7. वैज्ञानिक सहायक 'बी' (रेडियोडायग्नोसिस) / SCIENTIFIC ASSISTANT 'B' (RADIODIAGNOSIS)
8. वैज्ञानिक सहायक 'बी' (सूचना प्रौद्योगिकी - प्रोग्रामर) I SCIENTIFIC ASSISTANT 'B' (INFORMATION TECHNOLOGY -PROGRAMMER)
9. टेक्नीशियन 'ए' (मैकेनिकल) / TECHNICIAN 'A' (MECHANICAL)

**स्थल / LOCATION: बीबीसीआय, गुवाहाटी / BBCI, Guwahati**

1. कन्सल्टंट 'ई' (प्लास्टिक सर्जरी) / CONSULTANT 'E' (PLASTIC SURGERY)
2. कन्सल्टंट 'ई' (रेडियोडायग्नोसिस) / CONSULTANT 'E' (RADIODIAGNOSIS)
3. असिस्टंट प्रोफेसर 'ई' (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) / ASSISTANT PROFESSOR 'E' (SURGICAL ONCOLOGY)
4. कन्सल्टंट 'डी' (मेडिकल ऑन्कोलॉजी) / CONSULTANT 'D' (MEDICAL ONCOLOGY)
5. सहायक चिकित्सा अधीक्षक 1/ ASSISTANT MEDICAL SUPERINTENDENT - 1
6. वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (न्युक्लियर मेडिसिन) (रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर लेवल III/SCIENTIFIC OFFICER 'D' (NUCLEAR MEDICINE) (RADIATION SAFETY OFFICER LEVEL - III)
7. वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (मॉलिक्यूलर लॅबोरेटरी) SCIENTIFIC OFFICER 'D' (MOLECULAR LABORATORY)
8. वैज्ञानिक अधिकारी 'डी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) / SCIENTIFIC OFFICER 'D' (MOLECULAR PATHOLOGY)
9. वैज्ञानिक अधिकारी 'सी' (मॉलिक्यूलर पॅथोलॉजी) /SCIENTIFIC OFFICER 'C' (MOLECULAR PATHOLOGY)
10. वैज्ञानिक अधिकारी 'एसबी' (ट्रायल कोऑरडीनेटर) /SCIENTIFIC OFFICER 'SB' (TRIAL COORDINATOR)
11. महिला नर्स 'सी' / FEMALE NURSE 'C'
12. महिला नर्स 'ए' / FEMALE NURSE 'A'
13. सहायक प्रशासनिक अधिकारी / ASSISTANT ADMINISTRATIVE OFFICER

ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 11.07.2025 है/ Last date for online application is 11.07.2025 (शाम 05.30 बजे तक) (upto 05.30 PM; IST)

अधिक विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें / For details, please visit our website: http://tmc.gov.in and click "Careers" Advt. No.67/2025

CBC-48149/12/0002/2526

## चिंतन

# ईरान और इजरायल के बीच बढ़ती कटुता शांति में बाधक

इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध भीषण रूप लेता जा रहा है। दोनों मुल्क एक-दूसरे को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ईरान ने इजरायल में नागरिक अस्पताल को मिसाइल से निशाना बनाया तो इजरायल की चेतावनी राष्ट्र प्रमुख के वजूद को खत्म करने तक पहुंच गई। यह दोनों देशों के बीच बढ़ रही अदावत का परिचायक है। इजरायल व ईरान के बीच युद्ध समाप्त कराने के लिए ताकतवर देश की ओर से किसी भी स्तर पर कूटनीतिक प्रयास होते नहीं दिख रहे हैं। उल्टे उत्तेजना से भरे बयान आ रहे हैं। जो अमेरिका रूस व यूक्रेन जंग से तंग आकर इसे समाप्त कराने की दिशा में पहल कर रहा था, वही अब ईरान व इजरायल जंग को हवा देने में लिप्त है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान को चेतावनी भरे बयान कहीं से भी अमेरिकी राष्ट्रपति की गरिमा और कूटनीति की मर्यादा के अनुरूप नहीं हैं। पश्चिम एशिया में जारी इस जंग में विश्व दो ग्रुप में भी बंटता दिखाई दे रहा है। अमेरिका खुले तौर पर इजरायल का साथ देने का ऐलान कर रहा है, वह सैन्य साजो-सामान से तेल अवीव की मदद कर रहा है और ईरान को बुरे अंजाम के प्रति चेता रहा है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ईरान के साथ हैं और युद्ध जल्द खत्म करने के पक्ष में हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी इजरायल व ईरान के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने में भूमिका निभाने की बात कही है। अमेरिका व इजरायल किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार नहीं बनाने देने की अपनी योजना पर अड़े हुए हैं। ईरान के साथ अगर इजरायल का युद्ध लंबा खिंचता है तो विश्व के अधिकांश देशों के लिए ऊर्जा का संकट पैदा हो सकता है। बेशक ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध हो, लेकिन ईरान कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। चीन बड़ा खरीदार है। इसलिए चीन की कोशिश जंग को जल्द से जल्द खत्म कराने की है, रूस भी यही चाहता है कि जंग जारी न रहे, लेकिन अमेरिका लंबी योजना लेकर चल रहा है। इसलिए उसने पाकिस्तान से अपनी दोस्ती को बढ़ाया है, ताकि ईरान के खिलाफ पाक के सैन्य बेस का इस्तेमाल हो सके। इसी के साथ पाकिस्तान को ईरान खेमे में जाने व उसे मदद करने की संभावना को भी यूएस ने रोक दिया है। पाकिस्तान अमेरिका की चाल समझे या नहीं, पर ट्रंप ने पाक जनरल असीम मुनीर को लंच पर बुलाकर सोची समझी कूटनीतिक चाल चली है। अमेरिका को सऊदी अरब, कतर, यूएई, जॉर्डन, मिस्र आदि देशों में अपने सैन्य बेस की बढ़त है। हमास के आतंकी हमले से शुरू सैन्य संघर्ष ने इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध का रूप ले लिया है। इजरायल अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ईरान ने अपने प्रायोजित आतंकी गुटों हमास, हिजबुल्लाह व हूती के जरिये इजरायल को घेर रखा है। भारत ने हमेशा शांति की अपील की है और वार्ता के जरिये मुद्दों को हल करने की बात कही है, लेकिन ईरान व इजरायल के बीच युद्ध में अमेरिका इस तरह से कूदा हुआ है कि हाल-फिलहाल वार्ता की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। रूस खुद युद्ध में लिप्त है, तो वह किस मुंह से शांति का पैगाम देगा। चीन की प्राथमिकता भी निष्पक्ष नहीं है, भारत व पाक के बीच सैन्य संघर्ष में वह खुलकर पाकिस्तान के पक्ष में आ गया था। इसलिए वह भी नैतिक रूप से शांति का पैरोकार नहीं है, अभी भी वह ईरान के पक्ष में है। ईरान व इजरायल को युद्ध छोड़ वार्ता के टेबल पर आना चाहिए और बाहरी प्रभावों से मुक्त होना चाहिए, वरना बढ़ती कटुता शांति में बाधा बनती रहेगी।

## विश्लेषण

डॉ. रमेश ठाकुर



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर किफायती होगी नई टोल भुगतान नीति

टोल टैक्स पर आए दिन घटित होती नाना प्रकार की सामान्य-असामान्य घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आखिरकार केंद्र सरकार ने एक दफा फिर पुरानी टोल्स नीतियों में बदलाव करते हुए नए फास्टैग नियम लागू करने का ऐलान किया है। बदले नियमों को केंद्र सरकार ने 'सुपरफास्ट फास्टैग' बताया है। हालांकि, ये नवीनतम योजना दो महीने बाद यानी आगामी 15 अगस्त से देशभर में अमल में आएगी। इसके संबंध में मोटी-मोटी सूचनाएं विभागीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए देशवासियों से साझा की। नए नियमों को लेकर लोगों के जेहन में सिर्फ दो सवाल प्रमुखता से उठ रहे हैं। अव्वल, क्या अब टोल टैक्स पर लगने वाली लंबी-लंबी कतारें कम होंगी। वहीं दूसरा, क्या इससे वाहन चालकों को थोड़ी बहुत रियायत मिल पाएगी? गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी मंत्री नितिन गडकरी ने एक ऐलान किया था कि 60 किमी अंतराल में आने वाले टोल से वसूली नहीं की जाएगी। लेकिन अफसोस वह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। कम दूरी वाले किसी टोल को बंद नहीं किया गया, आज भी टोल्स पर वसूली बदस्तूर जारी है। ज्यादातर पुराने टोल की दूरी 60 किमी से काफी कम हैं। 30-40 किमी की दूरी में ही बने हैं। विगत सालों पहले सरकार ने टोल से नगद वसूली के नियमों को बदलकर जब से फास्टैग योजना को लागू किया था, तब से उसकी आमदनी में चार चांद लग गए। दरअसल, फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली है, जिसे एनएचएआई लीड करती है। फास्टैग से टोल वसूली का पैसा सरकार के खजाने में जाता है। वित्तीय वर्ष-2024 में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर टोल संग्रह राजस्व का मूल्य 648 बिलियन भारतीय रुपये से अधिक रहा। यही कारण है कि सरकार इस सब्जेक्ट को इतनी गंभीरता से लेकर चल रही है। सरकार का मकसद है कि नए नियमों का फायदा ग्राहकों को भी हो और उनकी आमदनी में भी इजाफा हो? केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम-1956 और शुल्क नियम-2008 के तहत टोल प्लाजा के माध्यम से शुल्क वसूलती है। नियमों में बदलाव पहले भी कई मर्तबा किए गए। पर, बीते एकाध दशक से टोल वसूली में बेतहाशा इजाफा हुआ, जिसे कम करने का आमजन का भारी दबाव सरकार पर है। आम लोगों को मिलने वाली किफायत की जहां तक बात है, तो नई पॉलिसी फिलहाल निजी वाहनों पर लागू होगी। तीन हजार रुपये का वैध वार्षिक पास बनवाने के बाद ग्राहक सालभर की अवधि में 200 टोल टैक्स क्रॉस कर सकेंगे। ये पास मौजूदा फास्टैग में ही संचालित होगा, नया बनवाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, इसमें एक पेंच फंसाया गया है। योजना सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों में प्रयोग होगी। राज्य स्तरीय मार्गों-सड़कों, निकाय और नगर निगम की अधिकृत सड़कों को इससे नहीं जोड़ा गया है। योजना से ग्राहकों को जो फायदा होगा, वह ये है कि अभी तक अमूमन प्रत्येक एनएचएआई टोल टैक्स पर भुगतान करने की कीमत 50 रुपये से लेकर 200 रुपये के बीच होती है। 3 हजारी वैध पास के बाद मात्र 15 रुपये ही प्रत्येक टोल पर वसूले जाएंगे। ये फायदा निजी वाहन चालकों को सीधे तौर पर होगा। योजना की एक अच्छी बात ये है कि चालक अगर साल में 200 टोल्स को क्रॉस नहीं करता है, तो उसकी वैधता अगले वर्ष भी जारी रहेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों पर रोजाना चलने वालों के लिए 'सुपरफास्ट फास्टैग' योजना निश्चित रूप से कारगर साबित होने वाली है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय पर बीते कुछ वर्षों से टोल प्लाजा पर ट्रैफिक को कम करने का भारी प्रेशर पड़ा है। रोज कहीं न कहीं मारपीट की घटनाएं होती रही हैं। इन सभी से छुटकारा पाने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस योजना को लागू किया। भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों का विशाल नेटवर्क बिछ चुका है। वर्ष-2014 तक राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई 91,287 किलोमीटर थी, जो अब बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो चुकी है। अगले 10 सालों में राजमार्गों की लंबाई डेढ़ गुनी तक बढ़ने की संभावनाएं हैं और उसमें नए टोल भी जुड़ेंगे। इसलिए सरकार के लिए ये क्षेत्र कमाई का बड़ा जरिया बन गया है। सरकार को नेशनल हाईवे से प्रति वर्ष टोल बूथों पर टैक्स के तौर पर 1.44 लाख करोड़ रुपये की कमाई हो रही है। कमाई बढ़े अच्छी बात है, पर सड़कों की सुरक्षाओं को लेकर वाहन चालकों के प्रति जो चिंताएं हैं वह भी कम होनी चाहिए। सरकार को सुविधाओं पर भी ध्यान देना होगा। निर्बाध और सुगम सड़क यात्राओं की इच्छाएं सभी में हैं।

(लेखक राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान के सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# युद्ध खत्म कराने का संकल्प न ले सके



जी-7 समिट

विकेश कुमार बडोला

गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। यह सम्मेलन केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है।

कनाडा के कनानैस्किस, अल्बर्टा में 17 जून को आयोजित जी-7 का 51वां सम्मेलन कई वैश्विक समस्याओं के समाधान, विश्व में शांति, स्थिरता के उपादान व संतुलित विकास कार्यक्रम संचालन के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यमंच के रूप में अपेक्षित था, किंतु इस दिशा में गंभीर एवं कठोर कार्यनीतियों के सत्यनिष्ठ संकल्प प्रदर्शित करने के स्थान पर जी-7 का प्रमुख सामूहिक वक्तव्य विश्व के मध्य पूर्व में स्थित इजरायल और ईरान के युद्ध पर केंद्रित होकर रह गया। समूह ने इस क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता तो दिखाई है, पर प्रश्न ये है कि समूह के पांच देशों में से किसी भी देश ने अभी तक इजरायल की स्वायत्तता की रक्षा हेतु उसे अपना प्रत्यक्ष सैन्य सहयोग नहीं दिया है। अमेरिका, जर्मनी, जापान, फ्रांस, इंग्लैंड, इटली व कनाडा ने हालांकि समूह के सामूहिक वक्तव्य के रूप में ये अवश्य कहा है कि इजरायल को अपनी रक्षा का अधिकार है और वे उसकी सुरक्षा के लिए अपना समर्थन प्रकट करते हैं, किंतु नवीनतम वैश्विक कूटनीति को देखकर तो यही प्रतीत होता है कि इजरायल के साथ मिलकर ईरान के परमाणु कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक ध्वस्ताधूत करने के लिए धरातल पर उसका सैन्य-सहयोग करने या न करने, कब व किस स्तर पर करने का अंतिम निर्णय अमेरिका को छोड़ शेष छह देशों के हाथों में है ही नहीं। समूह ने पूरे मध्य पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के महत्व की भी पुष्टि की है।

समूह ने खुलकर ये भी कहा है कि ईरान जो है वो क्षेत्रीय अस्थिरता एवं आतंक का मुख्य स्त्रोत है। अपने पहले कार्यकाल से ही अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ट्रंप द्वारा बारंबार ये दावा किया जाता रहा है कि ईरान के पास परमाणु कार्यक्रमों की विस्तृत योजना है और उसने कुछ परमाणु बम बना भी लिए हैं। लेकिन चूंकि ईरान का परमाणु कार्यक्रम स्वतंत्र रूप में चला आ रहा है और इसमें अमेरिका की ओर से सहयोग, रखरखाव, अनुरक्षण और परमाण्विक प्रौद्योगिकी या तकनीक हस्तांतरण के लिए कोई हस्तक्षेप नहीं है, इस बिंदु पर अमेरिका आरंभ से ही असहज था। वह मध्य पूर्व के अपने क्षेत्रीय सहयोगी इजरायल के माध्यम से किसी तरह ईरान के परमाणु ठिकानों, कार्यक्रमों और इनसे जुड़े हुए वैज्ञानिकों, अनुसंधानकर्ताओं, सैन्य प्रमुखों तथा नेताओं को खत्म कर देना चाहता था। लेकिन नव अमेरिकी शासन में राष्ट्रीय गुप्तचर निदेशक तुलसी गेबार्ड के इस वक्तव्य ने ईरान के संदर्भ में स्वयं अमेरिका, इजरायल और विश्व के दूसरे देशों के लिए ऊहापोह की स्थितियां उत्पन्न कर दी हैं कि ईरान के पास कोई परमाणु कार्यक्रम नहीं है और उसके सर्वोच्च नेता ने नया परमाणु कार्यक्रम स्वीकृत नहीं किया है। ऐसा ही वक्तव्य अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को छोड़ समूह सात के अन्य राष्ट्र प्रमुखों का भी है। उनके अनुसार वे लगातार स्पष्ट कर रहे हैं कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकता। इस परिस्थिति में ईरान और उसके परमाणु हथियारों के संबंध में सत्य व असत्य के दो पक्ष उभर आए हैं। इसके आलोक में पहला प्रश्न ये उभरता है कि जब ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं थे या हैं, तो वह गत आठ-दस वर्षों से अमेरिकी प्रतिबंधों के प्रतिकार के लिए क्यों ये धमकी देता रहता था कि वह परमाणु शक्ति से संपन्न है और अमेरिका या किसी भी



अन्य देश से अपनी स्वायत्तता की सुरक्षा भलीभांति कर सकता है। दूसरा प्रश्न ये है कि यदि वास्तव में उसका कोई परमाणु कार्यक्रम था ही नहीं, तो उसने इस संदर्भ में अमेरिका को आवश्यक सूचनायें व जानकारियां क्यों नहीं दीं। अमेरिकी राष्ट्रपति को प्राप्त होने वाली कोई भी गुप्तचर सूचना व्यर्थ नहीं हो सकती है और ना ही इजरायल की राष्ट्रीय गुप्तचर एजेंसी मोसाद को हलके में लिया जा सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति और मोसाद के नेतृत्व में इजरायल का प्रामाणिक दावा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अधिक सीमा तक आगे बढ़ चुका है और उसने कुछ परमाणु बम, हथियार, मिसाइलें बना भी ली हैं और वह उन्हीं के प्रभाव में अमेरिका पर हमला करने तथा इजरायल का अस्तित्व समाप्त करने की धमकियां देता रहा है। और अंततः ईरान की इसी अकड़ को तोड़ने के लिए इजरायल ने उसके चिन्हित सैन्य व परमाणु ठिकानों पर छह दिन पहले हवाई हमले आरंभ कर दिये थे, जिसके बाद अभी भी दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे पर मिसाइलों, ड्रोनों से लगातार हमले किये जा रहे हैं। इस संघर्ष में जहां ईरान में 400 से अधिक तो इजरायल में 50-100 के लगभग लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ईरान की राजधानी तेहरान समेत इजरायल हवाई हमलों से ध्वस्त दूसरे नगरों को छोड़कर अन्य देशों में जाने वाले ईरानियों व विदेशी नागरिकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय प्रधानमंत्री ने कनाडा में आयोजित समूह सात के सम्मेलन में सम्मिलित होने से पहले क्रोएशिया व साइप्रस में भी अपने कूटनीतिक पड़ाव डाले हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि कनाडा में कनाडा तथा अन्य छह राष्ट्र प्रमुखों के साथ प्रमुख बिंदुओं पर उपयोगी विचार-विमर्श की तुलना में मोदी के लिए क्रोएशिया व साइप्रस में रुकना अधिक लाभदायी रहा। दुनिया, भारत-अमेरिका को अपेक्षा थी कि जी-7 में ट्रंप व मोदी की भेंट से वैश्विक अस्थिरताओं के संदर्भ में कुछ समाधानमूलक कार्यबिंदु निकलेंगे, किंतु ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रौंदते भारत को युद्ध समाप्त करने के लिए मनवाने का 14 बार दावा कर चुके ट्रंप का मोदी के कनाडा पहुंचने से पहले ही बीच में जी-7 की बैठक छोड़ इजरायल-ईरान के युद्ध के संदर्भ में आवश्यक निर्णय लेने वाशिंगटन जाने का बहाना, समूह सात की समग्र कार्यनीतियों के समक्ष भावी अनिर्णय की स्थिति छोड़ गया।

संभवतः यह पहला अवसर होगा जब समूह सात का सम्मेलन बिना किसी ठोस कार्यसंकल्प और पारस्परिक सहयोगात्मक व समन्वयकारी संवाद के समाप्त हो गया। वैसे भी चीन, भारत का नई आर्थिक शक्तियों के रूप में उभरने के बाद समूह सात की व्यावहारिक उपयोगिता वर्ष-प्रतिवर्ष कम होती जा रही है। इटली, कनाडा, जापान, इंग्लैंड व फ्रांस से बड़ी आर्थिक शक्तियां तो एशिया के भारत व चीन हैं। ऐसे में समूह सात अब केवल अमेरिका व जर्मनी के प्रतिनिधित्व के साथ प्रासंगिक नहीं रह सकता।

अमेरिकी ट्रंप प्रशासन तो वैसे भी समूह सात, समूह बीस, संयुक्त राष्ट्र, इत्यादि सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व संगठनों के प्रति अपने पहले व पिछले कार्यकाल में भारी हतोत्साहना प्रदर्शित कर ही चुका है। ऐसे में कनाडा में संपन्न 51वें समूह सात सम्मेलन में विश्व के लिए कुछ ठोस और उपयोगी कार्यक्रम निर्धारित करने की परिस्थिति बनी ही नहीं है। कह सकते हैं कि यह सम्मेलन केवल और केवल कोरी औपचारिकताओं का सम्मेलन बनकर ही व्यतीत हुआ है। बता दें कि आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की पुष्टि करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 के नेताओं से आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को गति देने का आग्रह किया और इसे ''बढ़ावा देने और समर्थन'' देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# सत्य के प्रति जागने में ही है 'जीवन की महत्ता'



संकलित

## दर्शन

प्रत्येक व्यक्ति का इस जगत में आना एक संयोग है और यह संयोग परमात्मा की कृपा की देन है, लेकिन संसार में सभी के आने का संयोग कुछ पाने के लिए है, खोने के लिए नहीं। इसलिए कि खोना आसान है, परंतु पाना बहुत ही कठिन है। संसार में प्रायः लोग सोने वाले हैं, जागने वाले कम। जागने वाले ही कुछ पाते हैं और सोने वाले सब कुछ खो देते हैं। जागने वाले ही इस संसार में जीवित हैं और सोने वाले मृत। सच्चाई के लिए जागना ही है, जड़ता का त्याग। जड़ता के त्याग के बिना पशुता की स्थिति से उबरना संभव नहीं है। जड़ता सुषुप्ति की अवस्था है और जड़ता का त्याग जागृतावस्था। जागृतावस्था में जीवन के उत्थान, विकास, महानता प्राप्ति का संयोग है और सुषुप्तावस्था में मृत्यु, पतन, अवनति, निंदा, दुखभरी स्थिति है। जागने में भलाई है और सोने में बुराई है। यह पतन की ओर ले जाने वाला है। व्यक्ति जन्म के समय न कुछ लेकर आता और न ही मृत्यु के समय कुछ लेकर जाता है। झूठ बोलकर की गई सारी कमाई यहीं रह जाती हैं, लेकिन सत्य की कमाई सदा साथ रहती है। त्याग, प्रेम, सत्य, जिम्मेदारी के प्रति जागना ही जीवन में सत्कर्म है और यह सत्कर्म ही पुण्य की कमाई है, जो कभी नष्ट नहीं हो सकती। परमात्मा तो सिर्फ सत्य मार्ग पर चलने वाले का साथ देता है और कुमार्गगामी को दंड भी देता है। सत्य के प्रति सजगता ही चेतना का ऊर्ध्वमुखी होना होता है। इसके विपरीत असत्य के प्रति चेतना की जागृति विनाश, पतन का मूल है। परमात्मा प्रदत्त यह काया क्षणभंगुर है, पर इसके अंदर स्थित आत्मा अविनाशी है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित

## प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़यिा कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारों कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोले- गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बरसात में सावधान- सतर्क रहने की जरूरत

पहाड़ी इलाकों में बरसात कभी-कभी पर्यटकों की जान पर भारी पड़ जाती है। देश में बरसात का मौसम अपने पूरे यौवन पर आ रहा है। ज्यादा बारिश होने से पहाड़ियों की मिट्टी कमजोर पड़ जाती है जिस कारण पहाड़ियों के खिसकने की संभावना ज्यादा प्रबल हो जाती है। सडकों का भी ऐसा ही हाल बेहाल हो जाता है। प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के दूसरे पहाड़ी राज्यों में ऐसी स्थिति होती है। इसलिए इस मौसम में इन पहाड़ी क्षेत्रों में जाने से पर्यटकों को परहेज करना चाहिए। और वहां के स्थानीय लोगों को भी पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी चाहिए। सरकार और प्रशासन को चाहिए कि वो इन पहाड़ी इलाकों में आने वाले पर्यटकों पर कड़ी नजर रखें। कुछ पर्यटक खतरनाक क्षेत्रों में सेल्फी और रील्स लेने की कोशिश भी करते हैं, जो कि उनकी जान पर भारी पड़ सकता है।

*- संतोष ठाकुर, बसना*

## ट्रेंड

### कश्मीर की असली आत्मा



पहलगाम में नृशंस आतंकी हमले की जगह का दौरा किया और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की, जिन्होंने इस क्षेत्र को फिर से जीवंत बना दिया है और रोज़मर्रा की ज़िंदगी की लय में ला दिया है। यही कश्मीर की असली आत्मा है।

- गजेन्द्र सिंह शेखावत, केंद्रीय पर्यटन मंत्री

### सहयोगात्मक प्रयास



गोवा प्रौद्योगिकी संघ की नवगठित प्रबंध समिति के साथ राज्य में अधिक रोजगार सृजन और उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सहयोगात्मक प्रयासों की योजना बनाने के लिए उपयोगी चर्चा हुई।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाएंगे



सिकल सेल रोग उन्मूलन के राष्ट्रीय संकल्प को मध्यप्रदेश दृढ़ता से साकार कर रहा है। विश्व सिकल सेल रोग जागरूकता दिवस पर संकल्प लें कि इसके उन्मूलन के प्रयासों में योगदान देकर स्वस्थ मध्यप्रदेश के निर्माण में सहभागी बनेंगे।

- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### सिख धर्म के प्रति सम्मान



मैंने पावंटा साहिब में आयोजित जनसभा में किसी भी समुदाय विशेष के बारे कोई भी टिप्पणी नहीं की है। मेरी गुरु गोविन्द सिंह के प्रति अगाध श्रद्धा है और सिख धर्म के प्रति बहुत सम्मान है। अतः मेरी बात को ग़लत तरह से न लिया जाए।

- जयराम ठाकुर, पूर्व सीएम

## करंट अफेयर


# म्यांमार के गृहयुद्ध में उतरे रोहिंग्या मुस्लिम



म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध ने सबसे ज्यादा प्रभाव रखाइन राज्य पर डाला है। रखाइन में बीते महीनों में अराकान आर्मी (एए) ने लगातार जुंटा शासन के खिलाफ बढ़त बनाई है और राज्य के ज्यादातर हिस्से पर कब्जा कर लिया है। एए का रुख स्थानीय रोहिंग्या मुस्लिमों के खिलाफ रहा है। इसकी वजह से रोहिंग्याओं को बड़ी तादाद में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसका नतीजा ये हो रहा है कि कई विद्रोही समूह रखाइन में एए के खिलाफ लड़ाई में जुंटा के साथ शामिल हो गए हैं। इससे बांग्लादेश में शरण लिए रोहिंग्याओं का संकट बढ़ सकता है। बांग्लादेश में ही ये गुट लड़ाकों की भर्ती कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेशनल क्राइसिस ग्रुप (आईसीजी) की एक नई रिपोर्ट कहती है कि रोहिंग्या विद्रोही समूहों ने रखाइन के लिए लड़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों को नियंत्रित करने के लिए वर्षों से चल रहे युद्ध को रोक दिया है। ये गुट जुंटा सैनिकों या संबद्ध मिलिशिया के साथ एए के खिलाफ लड़ रहे हैं। म्यांमार में रखाइन राज्य में पिछले 18 महीनों में सैन्य सरकार ने सबसे अधिक जमीन खोई है। अराकान आर्मी ने उत्तरी रखाइन के अधिकांश हिस्से पर नियंत्रण कर लिया है और पूरे राज्य पर कब्जा करने की तैयारी में है।

## ऑफ बीट

# आंत रोग की कुछ स्थितियां पार्किंसंन के लिए जिम्मेदार



कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं, जैसे निगलने में कठिनाई, कब्ज और आंत विकार (आईबीएस) पार्किंसंन रोग के जोखिम से जुड़ी हो सकती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी सामने आई है। पार्किंसंन एक मस्तिष्क विकार है, जिसके कारण शरीर में कंपकंपी, ऐंठन और संतुलन एवं समन्वय बैठाने में कठिनाई होती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि पूर्व में आंत की कुछ समस्याओं को पक्षाघात या मस्तिष्क धमनी विकार या अल्जाइमर रोग जैसी बीमारियों का कारण बनने से जोड़ा गया है। पत्रिका 'गट' में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन में अमेरिकी राष्ट्रव्यापी मेडिकल रिकॉर्ड नेटवर्क (ट्राइनेटएक्स) के 24,624 लोगों के आंकड़ों का उपयोग किया गया, जिन्हें अज्ञात कारण से पार्किंसंन रोग हुआ था। ऐसे लोगों की तुलना उन लोगों से की गई, जो अन्य मस्तिष्क विकार स्थितियों जैसे अल्जाइमर रोग (19,046) या सेरेब्रोवास्कुलर रोग से ग्रसित (23,942) या इनमें से कोई भी नहीं (24,624) पाए गए थे। पार्किंसंन रोग से पीड़ित लोगों का उनके इस रोग का पता चलने से औसतन 6 साल पहले के इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड में शामिल आंत रोग स्थितियों की आवृत्ति की तुलना करने के लिए उम्र, लिंग और अन्य विवरणों के आधार पर अन्य समूहों के लोगों के साथ मिलान किया गया था।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत का रिकॉर्ड

# रैंकिंग में देश के 54 संस्थान शामिल, आईआईटी दिल्ली टॉप पर

### शिक्षा मंत्री प्रधान ने दी जानकारी, इसे बताया 'क्रांति का परिणाम'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में इस बार 54 भारतीय उच्च शिक्षण संस्थानों ने जगह बनाई है। यह अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है, जिसकी जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि 2014 में जहां केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय इस वैश्विक सूची में शामिल थे, वहीं आज यह संख्या पांच गुना बढ़कर 54 हो गई है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में लागू की गई शिक्षा सुधार नीतियों और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का नतीजा बताया। इस साल की रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली को 123वां स्थान मिला है, जो भारत का सर्वोच्च स्थान है। इसके अलावा कई अन्य आईआईटी और प्रमुख विश्वविद्यालयों ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

**2014 में केवल 11 भारतीय विवि थे शामिल**



**यह देश की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण**



एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने लिखा कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में रिकॉर्ड 54 संस्थानों की भागीदारी भारत की शिक्षा प्रणाली में आए परिवर्तन और प्रगति का प्रमाण है। यह सिर्फ बदलाव नहीं, बल्कि एक शैक्षिक क्रांति है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत अब जी 20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ती शिक्षा प्रणाली है और अमेरिका, यूके और चीन के बाद चौथा सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।

#### लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म कर रही रैंकिंग

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग का प्रकाशन लंदन स्थित वैश्विक उच्च शिक्षा विश्लेषण फर्म क्यूएस्क्युरेली साइमंज्स द्वारा किया जाता है। यह रैंकिंग कई मानकों (जैसे- अकादमिक प्रतिष्ठा, फैकल्टी-स्टूडेंट अनुपात, शोध प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की उपस्थिति और स्नातकों की रोजगार क्षमता) पर आधारित होती है।

#### भारत बना चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधि देश

इस साल भारत से 8 नए संस्थानों को पहली बार रैंकिंग में शामिल किया गया है। अब भारत इस सूची में अमेरिका (192), यूके (90), और चीन (72) के बाद चौथा सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व वाला देश बन चुका है।किसी भी अन्य देश ने इस साल रैंकिंग में इतनी अधिक संख्या में संस्थानों को शामिल नहीं किया है।

*प्रधानमंत्री ने भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर बताया*

### दिल्ली ने 2 वर्ष में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठा प्राप्त की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग' 2026 भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। इस



रैंकिंग में भारत के 54 संस्थानों को शामिल किया गया है। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी 2026 रैंकिंग हमारे शिक्षा क्षेत्र के लिए बहुत अच्छी खबर लेकर आई है। हमारी सरकार भारत के युवाओं के लाभ के लिए अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गुरुवार सुबह जारी रैंकिंग के अनुसार, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-दिल्ली सर्वोच्च रैंकिंग वाला भारतीय संस्थान है। संस्थान ने दो वर्षों में 70 से अधिक पायदान चढ़कर प्रतिष्ठित सूची में 123वां स्थान प्राप्त किया है।

---

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर कटे मिले युवक-युवती के शव

**मुरादाबाद।** बिलारी क्षेत्र में गुरुवार सुबह सनसनीखेज घटना सामने आई। बिलारी-चंदौसी रेलवे लाइन



पर स्थित कुआं खेड़ा हाल्ट के पास युवक और युवती के ट्रेन से कटे शव मिलने से सनसनी फैल गई। भोला उर्फ सुशांत पुत्र राजपाल सिंह और युवती आशी पुत्री मित्र पाल दोनों सैफपुर जगना गांव के निवासी थे।भोला गांव में रहकर खेती करने के साथ ट्रैक्टर भी चलाता था।

### झारखंड में भारी बारिश से 3 बच्चों की मौत

**रांची।** झारखंड में पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश ने खूब तबाही मचाई है। सूबे के खूंटी जिले



की मुरहू पंचायत में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे एक निर्माणाधीन कुआं ढह गया। इस हादसे में दो स्कूली बच्चे, जिनकी उम्र 9 और 10 साल थी, मिट्टी के मलबे में दब गए। बताया जा रहा गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे दोनों बच्चों के शव मलबे से निकाले गए।

### लोकल ट्रेन दुर्घटना में घायल समेत 5 मौतें

**ठाणे।** ठाणे जिले के मुंब्रा स्टेशन के पास 9 जून को हुई उपनगरीय ट्रेन दुर्घटना में घायल एक यात्री की



गुरुवार को एक निजी अस्पताल में मौत होने के बाद इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 5 हो गई। ठाणे के तहसीलदार उमेश पाटिल ने कहा कि घायल यात्री अनिल मोरे का निजी अस्पताल में इलाज हो रहा था और आज 11 बजे उनकी मौत हो गई।

### खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर को उतारा

**कोच्चि।** तट की नियमित गश्त पर निकले तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर को गुरुवार को खराब



मौसम के कारण एहतियातन केरल के कॉलेज के मैदान में उतरना पड़ा। चेतक गश्त से लौट रहा था तभी मौसम खराब हो गया। चालक दल ने एर्नाकुलम के कोठामंगलम के पास चेलाड में सेंट ग्रेगोरियस डेंटल कॉलेज के फुटबॉल मैदान में एहतियातन उतारा।

### सतारा में बस पेड़ से टकराई, 20 घायल

**सतारा।** महाराष्ट्र के सतारा जिले में गुरुवार सुबह राज्य परिवहन की एक बस के सड़क किनारे पेड़ से



टकराने के कारण कम से कम 20 यात्री घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब आठ बजे ढेबेवाडी-पाटण रोड पर जणुगादेवी गांव के पास हुई, जब महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) के पाटण डिपो की एक बस ढेबेवाडी जा रही थी।

---

### गृहमंत्री ने कहा- देश को समझने के लिए विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं

# बदलाव का समय निकट आया, आगामी समय में अंग्रेजी बोलने में 'शर्म' आएगी

**भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए यह टिप्पणी की**




**भाषा विवाद के बीच शाह का बड़ा ऐलान**

**दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया**



**भाषा विवाद और 'हिंदी थोपना'**

*गृहमंत्री शाह की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दक्षिणी और विपक्षी शासित राज्यों ने केंद्र पर 'त्रि-भाषा फार्मूले' के कार्यान्वयन के माध्यम से हिंदी थोपने का आरोप लगाया है। ये नई शिक्षा नीति (एनईपी) का एक हिस्सा है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्र की पहचान उसकी अपनी भाषा से होती है। भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विरासत को दोबारा प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि इस देश में अंग्रेजी बोलने वालों को जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है, केवल दृढ़ निश्चयी लोग ही बदलाव ला सकते हैं। मेरा मानना है कि हमारे देश की भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। अपनी भाषाओं के बिना हम सच्चे भारतीय नहीं हैं। अपने देश, अपनी संस्कृति, अपने इतिहास और अपने धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती है।

#### औपनिवेशिकता को बताया गुलामी का प्रतीक

शाह ने यह भी भविष्यवाणी की कि दुनिया भर में अंग्रेजी को औपनिवेशिक गुलामी के प्रतीक के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश, हमारी संस्कृति, हमारे इतिहास और हमारे धर्म को समझने के लिए कोई भी विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं हो सकती। अधूरी विदेशी भाषाओं के माध्यम से संपूर्ण भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि मुझे पूरा अहसास है कि यह लड़ाई कितनी कठिन है, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि भारतीय समाज इसे जीतेगा। एक बार फिर, आत्मसम्मान के साथ, हम अपने देश को अपनी भाषाओं में चलाएंगे और दुनिया का नेतृत्व भी करेंगे।

#### प्रधानमंत्री के पंच प्रण का किया जिक्र

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के पंच प्रण का जिक्र किया। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता, प्रत्येक नागरिक में कर्तव्य की भावना जगाना। उन्होंने कहा कि ये पांच प्रतिज्ञाएं देश के नागरिकों का संकल्प बन गई हैं। 2047 के विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

#### पूर्व आईएएस की पुस्तक का किया विमोचन

शाह पूर्व आईएएस आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक 'मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं' के विमोचन में गुरुवार को शामिल हुए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण मॉडल में सहानुभूति लाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि यह मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, इसलिए यहां सहानुभूति की कोई जगह नहीं है। मेरा मानना है कि कोई शासक अगर सहानुभूति के बिना शासन करता है, तो वह अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकता है।

#### रायपुर में नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की नींव रखेंगे, जवानों से मिलेंगे

**कल आएंगे छत्तीसगढ़**



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को 2 दिनी दौरे पर छत्तीसगढ़ आएंगे। इस दौरान वे यहां नवा रायपुर अटल नगर में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) और राज्य की फॉरेंसिक लैब की आधारशिला रखेंगे। राज्य के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने बताया कि शाह बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों के एक शिविर का भी दौरा करेंगे। अपने दौरे के दौरान नक्सल विरोधी अभियानों पर एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने नवा रायपुर में एनएफएसयू के लिए 40 एकड़ जमीन आवंटित की है। केंद्र सरकार इस यूनिवर्सिटी को करीब 400 करोड़ की लागत बनाएगी। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य फोरेंसिक लैब एनएफएसयू के करीब ही छह से सात एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाह अगले दिन सुरक्षाबलों के एक शिविर (बस्तर क्षेत्र में) का दौरा करेंगे।

---

**ओडिशा में भाजपा सरकार का एक वर्ष का शासन**

### महिलाओं व बच्चियों के लिए बेहद खतरनाक और असुरक्षितः कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने ओडिशा में भाजपा सरकार के पिछले एक वर्ष के शासन को महिलाओं व बच्चियों के लिए बेहद खतरनाक और असुरक्षित बताया है। कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में पत्रकार वार्ता करते हुए महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, ओडिशा महिला कांग्रेस अध्यक्ष मीनाक्षी बाहिनीपति, ओडिशा की विधायक सोफिया फिरदौस ने राज्य में व्याप्त असुरक्षित माहौल पर गंभीर सवाल उठाए। लांबा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओडिशा के चुनाव प्रचार में उतरे और आधी आबादी से उनकी सुरक्षा का वादा करके वोट हासिल किए। लेकिन राज्य में महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ओडिशा की महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रावती परिदा ने स्वयं स्वीकार किया है कि 11 महीनों में 28,000 महिलाएं और बच्चियां अत्याचार का शिकार हुई हैं।

कुछ प्रमुख घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक दुष्कर्म के आरोपी ने जमानत पर छूटने के बाद पीड़िता की हत्या कर दी और उसके शव के टुकड़े सड़क पर फेंक दिए। उन्होंने स्कूलों और अस्पतालों में हुए यौन उत्पीड़न और दुष्कर्म की घटनाओं के अलावा बालासोर में एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गंभीर वारदात का भी उल्लेख किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर अपराधियों को इतनी हिम्मत कहां से मिल रही है? लांबा ने ओडिशा में 36,000 महिलाओं और 8,400 बच्चियों के गायब होने का मुद्दा उठाते हुए पूछा कि सरकार अब तक कितनी महिलाओं और बच्चियों को वापस ला पाई है? फिरदौस ने कहा कि राज्य में महिलाओं की शक्ति को समर्पित रज पर्व मनाया जाता है। लेकिन दुर्भाग्यवश इस पर्व के दौरान महज तीन दिनों के भीतर राज्य में 3 सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं घटित हुईं। गोपालपुर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल पर एक लड़की के साथ 10 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़िता को खुद जाकर पुलिस में शिकायत दर्ज करानी पड़ी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के गृह जिले क्योंझर में छोटी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। एक शादीशुदा महिला के साथ होटल में 4 लोगों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म किया गया। फिरदौस ने न्याय में देरी एवं अपराधियों के बेखौफ होने पर सवाल उठाए और जोर देकर कहा कि तीन दिनों में सामूहिक दुष्कर्म की तीन घटनाएं सामान्य नहीं मानी जा सकतीं। उन्होंने बताया कि आदिवासी क्षेत्र में स्कूल की छात्रा ने हॉस्टल में बच्चे को जन्म दिया। फिरदौस ने बताया कि राज्य में प्रतिदिन महिलाओं के खिलाफ औसतन 15 अपराध हो रहे हैं।

---

**सामाजिक न्याय पर सीजेआई गवई ने कहा**

### सामाजिक-आर्थिक न्याय अहम, संविधान की वजह से ही तोड़ पाया जाति की बेड़ियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई ने कहा है कि समाज के बड़े हिस्से को हाशिए पर रखने वाली असमानताओं पर ध्यान दिए बिना कोई भी देश असल में प्रगतिशील या लोकतांत्रिक होने का दावा नहीं कर सकता। उन्होंने कहा है कि समाज में स्थिरता, सामंजस्य और सतत विकास करने के लिए सामाजिक-आर्थिक न्याय सबसे अहम है। सीजेआई बुधवार को मिलान में सामाजिक-आर्थिक न्याय प्रदान करने में संविधान की भूमिकाः भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' विषय पर बोलने के लिए आमंत्रित किया गया था।

#### भारतीय संविधान कठिन संघर्ष के बाद बना

'भारतीय संविधान के 75 वर्षों के प्रतिबिंब' पर दिए उद्गार



जस्टिस गवई ने कहा कि मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय संविधान के निर्माता इसके प्रावधानों का मसौदा तैयार करते समय सामाजिक-आर्थिक न्याय की अनिवार्यता को लेकर सचेत थे। संविधान को लंबे और कठिन संघर्ष के बाद तैयार किया गया था।

**संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं :** उन्होंने कहा, मैं आज यहां फिर दोहराता हूं कि समावेश और परिवर्तन के इस संवैधानिक दृष्टिकोण के कारण ही मैं भारत के प्रधान न्यायाधीश के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। मैं उन्हीं संवैधानिक आदर्शों का उत्पाद हूं, जो अवसरों को लोकतांत्रिक बनाने और जाति की बेड़ियों को तोड़ने की मांग करते हैं।

### भारी बारिश से छग से गुजरने वाली ट्रेनों की चाल बिगड़ी

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर रेल मंडल के टाटानगर स्टेशन यार्ड में वर्षा के कारण जल भराव हो गया है, जिससे बिलासपुर



होकर मुंबई और हरिद्वार की ओर जाने वाली ट्रेनें घंटों विलंब से बिलासपुर पहुंच रही हैं। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के टाटानगर स्टेशन यार्ड में अत्यधिक वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति बन चुकी है। इसकी वजह से ट्रेनों के पहियों की गति धीमी होने के कारण लेट लतीफी का सिलसिला बना हुआ है।

---

**सिकल सेल दिवस पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी जानकारी**


**'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान'**

### इस बीमारी का पता लगाने के लिए 5.72 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अब तक लगभग 5.72 करोड़ लोगों की जांच की है। यह सब 'भारत सिकल सेल मुक्त भविष्य अभियान' के तहत हो रहा है। इसकी जानकारी भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को सिकल सेल दिवस के मौके पर दी। विश्व सिकल सेल दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को सिकल सेल बीमारी (एससीडी) के बारे में जागरूक करना होता है।

#### समय पर इलाज नहीं तो यह खतरनाक बन जाएगी



एससीडी एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर है, जो सीधे हमारे खून की लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करती है। इस बीमारी में शरीर में आरबीसी की संख्या कम हो जाती है, जिससे शरीर के अंगों तक सही मात्रा में ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाता। ऐसे में थकान, दर्द और कमजोरी जैसी परेशानियां हो सकती हैं। अगर वक्त पर इसका इलाज न हो, तो यह बीमारी खतरनाक भी बन सकती है।

**देश को इससे मुक्त करेंगे :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा कि इस विश्व सिकल सेल दिवस पर, भारत अब सिकल सेल मुक्त भविष्य की तरफ एक कदम और बढ़ गया है।

---

**सांसद थरूर ने पार्टी के अंदर चर्चा करने की बात कही**

# पार्टी में मेरे कुछ मतभेद, मैं देशसेवा से पीछे नहीं हटूंगा

**पीएम मोदी के साथ केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के मामलों पर की थी चर्चा**

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

तिरुवनंतपुरम लोकसभा से सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात कबूल की है। उन्होंने कहा है कि पीएम मोदी के साथ बातचीत पर कहा है कि वो चर्चा केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। उन्होंने कहा कि देश की सेवा के लिए वे हमेशा तैयार हैं। तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से साथ थरूर ने कहा कि मैं पिछले 16 सालों से कांग्रेस में काम कर रहा हूं। पार्टी के साथ मेरे कुछ मतभेद हैं, और मैं पार्टी के अंदर इस पर चर्चा करूंगा। समय आने दीजिए।



#### थरूर को लेकर सियासत गरम

थरूर समेत सभी प्रतिनिधिमंडल के नेता जब विदेश दौरों के बाद वापस आए थे, तो पीएम मोदी ने उनसे मुलाकात की थी और उनसे उनके एक्सपीरियंस भी जाने थे। थरूर को लेकर सियासत इसलिए भी गरम है क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने डेलिगेशन के लिए जिन नेताओं के नाम भेजे थे, उसमें थरूर का नाम नहीं था। पर, भारत सरकार ने थरूर को न केवल डेलिगेशन में शामिल किया, बल्कि उन्हें एक डेलिगेशन का मुख्य लीडर भी बनाया था।

#### पीएम मोदी के साथ बात पर दी सफाई

पीएम मोदी के साथ चर्चा को लेकर थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ चर्चा सिर्फ सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से जुड़े मामलों पर थी। जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़े होना हमारी जिम्मेदारी है। जब देश को मेरी सेवा की जरूरत होगी, तो मैं हमेशा तैयार हूं।

**ट्रंप के साथ मुनीर के लंच का 'उड़ाया मजाक'**

#### 'फूड फॉर थॉट' मिला होगा

**नई दिल्ली।** थरूर ने पाक के सेना प्रमुख आसिम मुनीर के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ लंच पर तंज कसा है। थरूर ने उम्मीद जताई कि मुनीर को ट्रंप के साथ भोजन करते समय 'फूड फॉर थॉट' (सोचने के लिए कुछ) मिला होगा। मुनीर ने कहा था कि ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए।इसके तुरंत बाद उन्हें व्हाइट हाउस में भोजन से पुरस्कृत किया गया।

---

**कर्नाटक में हासन की फिल्म रिलीज केस**

### सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से अड़चन पर सख्त एक्शन लेने को कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



एक्टर कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' की कर्नाटक में अटकी रिलीज पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य में फिल्म की स्क्रीनिंग में अड़चन डालने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाए।

17 जून को आदेश में कहा था कि इस फिल्म को राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि कानून के अनुसार सीबीएफसी मंजूरी वाली फिल्म को हर राज्य में रिलीज किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने राज्य सरकार का यह आश्वासन दर्ज किया कि यदि राज्य में फिल्म प्रदर्शित की गई तो वह सिनेमाघरों को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराएगी। पीठ ने कहा कि वह ऐसी स्थिति पैदा नहीं होने देना चाहती, जिसमें किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे और फिल्म की रिलीज रोक दी जाए।

## खबर संक्षेप

### कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 150 रुपए टूटा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 150 रुपये टूटकर 1,00,560 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट देखी गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे की गिरावट के साथ 86.73 पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत होने तथा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर के मुकाबले रुपया 30 पैसे लुढ़ककर 86.73 पर बंद हुआ।

### कल्पतरु का आईपीओ 24 जून को खुलेगा, मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट डेवलपर कल्पतरु लिमिटेड ने अपने 1,590 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 387-414 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 24 जून को खुलेगा और 26 जून का संपन्न होगा। बड़े (एंकर) निवेशक 23 जून को बोली लगा पाएंगे।

### एलेनबैरी इंडस्ट्रियल का आईपीओ 24 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** एलेनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज ने अपने 852 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए 380-400 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। 26 जून को बंद होगा। आईपीओ 400 करोड़ रुपये के नए शेयरों के निर्गम और 452.53 करोड़ रुपये के 1.13 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश का संयोजन है। आईपीओ से हासिल राशि में से कंपनी 210 करोड़ रुपये का उपयोग ऋण भुगतान के लिए करेगी।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए बंद करने की दी धमकी

# धमकियों के बावजूद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को कभी बंद नहीं किया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक तेल एवं गैस परिवहन के लगभग पांचवें हिस्से और भारत की एक-तिहाई से अधिक ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने वाला रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य कभी बंद नहीं हुआ है और ईरान ने सिर्फ कूटनीतिक दबाव के लिए इसे बंद करने की धमकी दी है।

विश्लेषकों ने यह कहा है। उनका यह भी कहना है कि पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति है और मौजूदा ईरान-इजराइल संघर्ष के बावजूद वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के समक्ष कोई खतरा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच स्थित है और यह सऊदी अरब, ईरान, इराक, कुवैत एवं यूएई से तेल निर्यात का मुख्य मार्ग है।

### एलएनजी जहाज इसी मार्ग से गुजरते है

कतर से आने वाले कई तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) जहाज भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। यस सिक्योरिटीज में संस्थागत इक्विटी शोध के रणनीतिकार हितेश जैन ने कहा कि ईरान इस जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकियों का इस्तेमाल केवल एक कूटनीतिक दबाव के तौर पर करता है, क्योंकि इसे बंद करने की रणनीतिक एवं आर्थिक लागत खुद ईरान पर ही अधिक भारी पड़ेगी।


**विश्लेषकों का कहना, अभी भी पेट्रोलियम उत्पादों की अच्छी आपूर्ति**

**मौजूदा ईरान-इजराइल युद्ध के दौरान वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य को खतरा नहीं**

**होर्मुज ईरान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच स्थित**

### तेल बाजार में अच्छी आपूर्ति

जैन ने कहा कि तेल बाजार में फिलहाल अच्छी आपूर्ति है। तेल निर्यातक देशों के समूह ओपेक की 40 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) की क्षमता बढ़ाने और संघर्ष शुरू होने के पहले 90 लाख बीपीडी का वैश्विक अधिशेष होने से एक महत्वपूर्ण बफर बना हुआ है। इसके अलावा अमेरिकी शैल तेल के उत्पादन में वृद्धि ने भी वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लचीलापन बढ़ाया है।



*वैश्विक तेल मांग नरम पड़ रहे :* मांग के मोर्चे पर, महामारी के बाद चीन में आर्थिक पुनरुद्धार कमजोर रहने और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर संरचनात्मक बदलाव होने से भी वैश्विक तेल मांग के अनुमानों नरम पड़ रहे हैं।

### चालू खाता घाटा बढ़ने के आसार

हालांकि पश्चिम एशिया में लगातार तनाव बने रहने की सूरत में कच्चे तेल के दाम इस अनुमान से अधिक जा सकते हैं। इक्रा ने कहा, ।"कच्चे तेल की औसत कीमत में 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होने पर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान शुद्ध तेल आयात बिल में 13-14 अरब डॉलर की वृद्धि हो जाएगी। ऐसा होने पर देश के चालू खाता घाटा में 0.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी।।"

### भारत का 85 फीसदी हिस्सा आयात से

भारत अपनी तेल जरूरतों को 85 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात से पूरा करता है। ऐसे में कच्चे तेल के दाम बढ़ने से उसके आयात बिल पर सीधा असर पड़ेगा। जैन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद न किए जाने या खाड़ी के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमला न होने तक कच्चे तेल का 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना मुश्किल है।

### इक्रा ने दी चेतावनी

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाला तेल भारत के कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 40-45 प्रतिशत और प्राकृतिक गैस आयात का 60 प्रतिशत है। इक्रा ने चेतावनी दी है कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने का पेट्रोलियम उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

## भारत में इस वर्ष अमेजन 2000 करोड़ रुपए का करेगी निवेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन ने अपने अखिल भारतीय परिचालन नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 2025 में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की।

अमेजन ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, निवेश से नेटवर्क विस्तार एवं उन्नयन में सहायता मिलेगी, जिससे ग्राहकों को अधिक तेजी से और अधिक विश्वसनीय सेवा प्रदान की जा सकेगी। साथ ही प्रौद्योगिकी तथा नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और कर्मचारियों व सहयोगियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।''

कंपनी ने 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की घोषणा करते हुए कहा कि यह नया निवेश परिचालन नेटवर्क बनाने में किए गए निवेश के अतिरिक्त है, जो कंपनी को समूचे भारत में सभी सेवा योग्य क्षेत्रों तक आपूर्ति करने में मदद करेगा। अमेजन ने साथ ही कहा कि वह आपूर्ति करने वाले सहयोगियों और साझेदारों को सचेत करने और उन्हें आराम के लिए उचित समय देते रहेगा। साथ ही नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल करके सड़क सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा।

### राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की

कंपनी ने हाल ही में, 2025 के अंत तक चिकित्सकीय शिविरों के माध्यम से 80,000 से अधिक आपूर्ति सहयोगियों व साझेदारों को मुफ्त स्वास्थ्य जांच प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की है।

**PUBLIC NOTICE**

I Amul Gupta S/o Kalicharan Gupta, R/o 1/156, Babu Gulab Rai Marg, Delhi Gate, Agra, Uttar Pradesh, 282002, have purchased a property bearing No. NE Central - 2702, in project called Supertech North Eye situated at GH -01/A, Sector-74, Noida 201301. I have lost the original allotment letter & Payment receipts of the above said property, I request M/s Supertech Limited, to issue the duplicate allotment letter of the said property, if anybody or financial Institutions have objection, he/she may contact to M/s Supertech Limited office Plot no-C-2, Sector 96, Noida- 201303 UP, Within Fifteen Day.

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 05/2025–26 दिनांक 17.04.2025

ii) निविदा संख्या 15245006A, 14.07.2025 को देय है।


उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, 01 संलग्न दस्तावेजों को हटा दिया गया है और 02 नए दस्तावेजों को संलग्न किया गया है।

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1837/25

## पश्चिम एशिया में जारी तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



■ सेंसेक्स में 83 अंक और निफ्टी में 19 अंक की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और दोनों मानक सूचकांक नीचे आ गए। बीएसई सेंसेक्स जहां 83 अंक के नुकसान में रहा, वहीं एनएसई निफ्टी 19 अंक नीचे आया। ईरान-इजराइल के बीच जारी संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ घरेलू बाजार में गिरावट आई।

विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने के निर्णय से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक की गिरावट के साथ 81,361.87 अंक पर बंद हुआ। बीएसई के 3,018 शेयर नुकसान में जबकि 959 बढ़त में रहे। वहीं 140 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर सूचकांक में नकारात्मक रुख के साथ सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव रहा। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में अमेरिका की संभावित भागीदारी को लेकर चिंताओं के कारण दुनियाभर में निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।'' एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार बुधवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, नेस्ले और टाटा स्टील प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल और मारुति के शेयर लाभ में रहे।

## सीमेंस लिमिटेड अलग इकाई के रूप में शेयर बाजार में सूचीबद्ध

■ बीएसई पर 2,850 रुपए पर कारोबार किया शुरू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सीमेंस लिमिटेड का ऊर्जा कारोबार अलग होने के बाद सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड (एसईआईएल) बृहस्पतिवार को घरेलू शेयर बाजारों पर सूचीबद्ध हो गई।

सीमेंस एनर्जी इंडिया लिमिटेड के शेयर ने बीएसई पर 2,850 रुपये पर कारोबार शुरू किया। बाद में, यह 2,992.45 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया, जो शुरुआती कीमत से पांच प्रतिशत अधिक था। बाद में कंपनी का शेयर 3.92 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,738.35 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 2,840 रुपये पर खुला और बाद में कारोबार के दौरान पांच प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,982 रुपये की ऊपरी सर्किट सीमा को छू गया। कंपनी का शेयर 3.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,735 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 97,518.26 करोड़ रुपये रहा। सीमेंस लिमिटेड ने दिसंबर, 2023 में कहा था कि उसके निदेशक मंडल ने अपने ऊर्जा कारोबार को एक अलग इकाई में विभाजित करने को मंजूरी दे दी है।जहां जर्मनी स्थित सीमेंस एजी और इसकी अनुषंगी कंपनियों के पास एसईआईएल में 69 प्रतिशत हिस्सेदारी है, वहीं सीमेंस एनर्जी एजी की अनुषंगी कंपनियों के पास छह प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### एसईआईएल तेजी से करेगा काम

शेष शेयर खुले बाजार में खरीदने और बेचने के लिए उपलब्ध हैं। बयान के अनुसार, सूचीबद्ध होने के साथ एसईआईएल अब अधिक तेजी, पारदर्शिता और मजबूत रणनीतिक के साथ काम करने की स्थिति में है। साथ ही दुनिया के सबसे गतिशील और सबसे तेजी से बढ़ते ऊर्जा बाजार में से एक का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।

## पश्चिमी नेपाल में मीथेन गैस का विशाल भंडार मिला

**एजेंसी : काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में कुल मीथेन गैस भंडार लगभग 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है, जो संभवतः देश की गैस की मांग को लगभग 50 वर्षों तक पूरा करने के लिए पर्याप्त है। बृहस्पतिवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। सरकारी दैनिक गोरखापत्र के अनुसार, चीन भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (सीजीएस) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट में दैलेख जिले के जलजले क्षेत्र में लक्षित चार कुओं में से केवल एक से प्रारंभिक निष्कर्ष पेश किए गए हैं। इससे देश के घरेलू ऊर्जा स्रोतों का दोहन करने की संभावना बढ़ गई है। बृहस्पतिवार को नेपाल सरकार के साथ निष्कर्ष साझा किए गए। यह अन्वेषण नेपाल और चीन के बीच 2019 में हस्ताक्षरित एक द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है, "पहला खुदाई अभियान 11 मई, 2021 को शुरू किया गया, जो 4,000 मीटर से अधिक की गहराई तक पहुंच गया। इससे एक ही कुएं में अनुमानित 1.12 अरब घन मीटर मीथेन का पता चला। गोरखापत्र ने कहा, "रिपोर्ट में चार लक्षित कुओं में से सिर्फ एक से प्राप्त प्रारंभिक निष्कर्षों को दर्शाया गया है। शुरुआती अनुमानों के आधार पर, इस क्षेत्र में कुल भंडार 430 अरब घन मीटर तक पहुंच सकता है।

न्यायालय में उपस्थित होने की सूचना

जहाँ तक आपका संबंध है, प्रतिवादी संख्या 3, प्रभू सिंह पुत्र मिलाप सिंह, निवासी 50, ब्लॉक सी, नांगली विहार एक्सटेंशन, बापरोला, दिल्ली। यह आपको सूचित किया जाता है कि **FIR No. 58/2017, U/s 279/304A IPC** शीर्षक प्रतिवादी संख्या 3 **प्रभू सिंह** के रूप में, की सुनवाई दिनांक 04.07.2025 को माननीय न्यायालय, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली में सूचीबद्ध है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि आपकी उपस्थिति न्यायालय में दिनांक 04.07.2025 को आवश्यक है।

आदेशानुसार
सचिन गुप्ता
पीओ–एमएसीटी–02(प.), टीएचसी
दिल्ली / 03.05.2025(एसकेएम)

DP/7961/OD/2025
(Court Matter)

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **नदीम खान पुत्रः मुन्ने खान उर्फ मुनव्वर खान, पताः** 1779, पहली मंजिल, हौज खास, सुईवालान, दरिया गंज, नई दिल्ली, और 75, गली ग्यासुद्दीन, मटिया महल, जामा मस्जिद, दिल्ली, **FIR No. 854/2014, U/s 3(x) Sc/ST (POA) Act,** थानाः पॉडव नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नदीम खान** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नदीम खान** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 854/2014, U/s 3(x) Sc/ST (POA) Act,** थानाः पॉडव नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **नदीम खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आलोक शुक्ला
अति. सत्र न्यायाधीश+2
विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस पूर्व
कमरा नं. 311, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7600/ED/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। लाभ में कमी रहेगी।

**वृष** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**कर्क** — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सन्तान की ओर से कोई सुखद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वाद खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — कारोबार में सुधार होगा। किसी मित्र का सहयोग मिलेगा। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मानसिकता हो सकती है। वाणी में सौम्यता रहेगी।

**कन्या** — किसी मित्र के सहयोग से नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पिता से धन प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। सेहत का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाए रखें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**धनु** — भाई-बहनों से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता-पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में मेहनत अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। वाहन सुख में वृद्धि होगी। खर्चों की अधिकता से परेशान रहेंगे।

**कुंभ** — कारोबार में कुछ परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। यात्रा खर्च बढ़ेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। अपनी भावनाओं का वश में रखें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

## आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड ने खोला पार्किंसंस बीमारी के उपचार का द्वार

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों द्वारा सी एलीगेंस पर किए गए नवीन शोध ने यह पुष्टि की है कि आयुर्वेदिक औषधि न्यूरोग्रिट गोल्ड कैप्सूल न केवल पार्किंसंस बीमारी के कारण हुए स्मृति लोप को सुधारने में मदद करती है, अपितु यह जीवों की आयु को बढ़ाने में भी सहायक है, वहीं इनकी लम्बाई और प्रजनन क्षमता पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालती है। यह अनुकरणीय शोध अंतरराष्ट्रीय विले प्रकाशन के रिसर्च जर्नल सीएनएस न्यूरोसाइंस एंड थैरेप्यूटिक्स में प्रकाशित हुआ है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पार्किंसंस बीमारी में व्यक्ति मानसिक रूप से तो अस्वस्थ्य होता ही है। परन्तु, क्या कोई ऐसा उपाय है जिससे अस्वस्थ्य व्यक्ति पुनः ठीक हो सके और अपने दैनिक कार्यकलाप भली भांति बिना किसी सहायता कर सके। अब हम पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि हाँ, अब यह संभव है। आचार्य जी ने कहा कि न्यूरोग्रिट गोल्ड हमारी धरोहर आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान का अनुपम मेल है। यह शोध प्रदर्शित करता है कि अगर प्राकृतिक जड़ी-बूटियों का वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विश्लेषण किया जाए तो इस आधुनिक युग की समस्याओं को दूर करने में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि न्यूरोग्रिट गोल्ड ज्योतिष्मती और गिलोय आदि प्राकृतिक जड़ी-बूटियों के साथ ही एकांगवीर रस, मोती पिष्टी, रजत भस्म, वसंत कुसुमाकर रस, रसराज रस आदि से निर्मित है।जोकि मस्तिष्क विकारों में लाभकारी मानी गई है। पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष और प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि सी एलीगेंस पर यह अभिनव प्रयोग पहली बार किसी आयुर्वेदिक औषधि के साथ किया गया है, और इसके परिणाम न केवल विज्ञान जगत के लिए रोमांचक हैं, बल्कि आने वाले समय में मानव स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि डोपामाइन हमारे मस्तिष्क का एक महत्वपूर्ण न्यूरोट्रांसमित्तर और हार्मोन है, जो हमारे शारीरिक तंत्र और क्रिया को नियंत्रित करता है।

## आने वाले कल के इंजीनियरों को दे रहे नया आयामः गलगोटिया युनिवर्सिटी और टाटा टेक्नोलॉजीज़ ने लॉन्च किया स्पेशलाइज़्ड प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट हब


**नोएडा।** गलगोटिया युनिवर्सिटी और टाटा टेक्नोलॉजीज़ ने प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट लर्निंग सेंटर के लॉन्च की घोषणा की है। उद्योग एवं अकादमिक जगत के बीच यह साझेदारी इंजीनियरिंग प्रोफेशनल्स को भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि है। सेंटर का उद्घाटन श्री पवन भागेरिया, ग्लोबल प्रेज़ीडेन्ट- एचआर, आईटी एण्ड एजुकेशन, टाटा टेक्नोलॉजीज़ तथा डॉ ध्रुव गलगोटिया, सीईओ, गलगोटिया युनिवर्सिटी द्वारा किया गया। यह आधुनिक लर्निंग सेंटर मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग के छात्रों को एमसीएडी/पीएलएम, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) टेक्नोलॉजी एवं अन्य उभरते क्षेत्रों में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। यह पहल व्यवहारिक एवं नौकरी-उन्मुख तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज़ के विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त आई जीईटी आईटी प्लेटफॉर्म के अनुरूप है। अध्यापन में सर्वोच्च मानक सुनिश्चित करने और इसे वास्तविक दुनिया के अनुसार प्रासंगिक बनाए रखने के लिए टाटा टेक्नोलॉजीज़ द्वारा नियमित रूप से फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम और सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट सैशन आयोजित किए जाएंगे।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 4, एम.सी. रोहतक में जी.टी. कवर, मैनहोल, जाल के सिविल कार्य और फिक्सिंग। | 18.06.2025 25.06.2025 | 11.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 13, नगर निगम, रोहतक में सीएट टायर्स से अंगलीशा ब्यूटी पार्लर तक सी.सी. गली का निर्माण + 3 कार्य। | 17.06.2025 25.06.2025 | 100.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | डीएलएफ कॉलोनी वार्ड नं. 16, एम.सी. रोहतक में एसबीआई मेन ब्रांच वाया डीएलएफ सर्कल से 60' रोड तक रोड का सौन्दर्यकरण और ग्रास पेवर का पी/फिक्सिंग + 6 कार्य। | 17.06.2025 25.06.2025 | 331.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/35798/I/88/7 दि. 19.06.25

## शब्द पहेली - 5903




**बाएँ से दाए**
1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**
1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

### शब्द पहेली - 5902 का हल







रोहतक। राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित छठी गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का हाथ मिला कर शुभारंभ करते भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु, पूर्व ओलंपियन अखिल कुमार व साई के डायरेक्टर सचिन। फोटो: हरिभूमि





## राजीव गांधी खेल परिसर में शुरू हुए मुकाबलों में भाग लेंगे 800 से अधिक बॉक्सर

# छठी जूनियर ब्वॉयज-गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप का भव्य आगाज

### मुक्केबाजी में नाम कमा रहे देश के खिलाड़ी: धर्मबीर सिंह

### चैंपियनशिप का 25 जून को होगा समापन, खूब चलेंगे पंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप का गुरूवार को रोहतक में शुभारम्भ हुआ। राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में इस चैंपियनशिप में अंडर-17 वर्ग में देश भर के सभी राज्यों के लड़के व लड़कियां विभिन्न भार वर्ग में भाग ले रही हैं। इस चैंपियनशिप का शुभारंभ भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी सांसद धर्मबीर सिंह ने किया। इसका आयोजन हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से किया गया है। यह चैंपियनशिप 25 जून तक चलेगी। जिसमें में 700 से अधिक मुक्केबाज, तकनीकी अधिकारी, कोच व रैफरी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सांसद धर्मबीर सिंह ने बॉक्सर्स की हौसला अफजाई की। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि इस प्रतियोगिता में देश के हर राज्य से बॉक्सर भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के लिए बॉक्सिंग नया खेल है, इसके बावजूद भारतीय मुक्केबाज बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार को भी बॉक्सिंग संघ को पूरा सहयोग करना चाहिए। उन्होंने नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु को बधाई दी। वहीं, पूर्व ओलंपियन अखिल कुमार ने बॉक्सर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेने से बॉक्सर्स में प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए। इसी के साथ अखिल कुमार ने युवाओं में बढ़ती नशे की समस्या पर भी चिंता जताई। इसके अलावा उन्होंने कहा कि रोहतक की तर्ज पर भिवानी में भी नेशनल बाक्सिंग अकादमी स्थापित होनी चाहिए क्योंकि भिवानी के मुक्केबाजों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है।

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर बीएफआई के चेयरमैन अजय सिंह, साई के डायरेक्टर सचिन, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार तथा रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा मौजूद रहे। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय शिविर के लिए मुक्केबाजों का चयन किया जाएगा, जो बाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे।*

#### लड़कियों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम**
प्रियांशी सैनी
एम नंदनी
मोनिका डोले
क्रिशमिरा देवी

**46 से 48 किलोग्राम**
तारह यारम
सुहानी बोराडे
गिताली पेगू
सुमन पाटिल

**48 से 50 किलोग्राम**
सिमरन
भक्ति
लिथारसना वी
अध्या एन

**50 से 52 किलोग्राम**
अशमा मुजावर
सुनैना
राधिका
जागृति कुमारी

**52 से 54 किलोग्राम**
नमिता सिंह
सुकशिता सी
निशा हलदार

**54 से 57 किलोग्राम**
सुहानी यादव
पूजा

**57 से 60 किलोग्राम**
इशिका
हर्षिका
चेतन्या
गजल

**60 से 63 किलोग्राम**
जानवी

**75 से 80 किलोग्राम**
अक्षरा भारद्वाज

**80 से ज्यादा-किलोग्राम में**
साधना एस

#### लड़कों के परिणाम

**44 से 46 किलोग्राम**
सूरज कुमार यादव

**46 से 48 किलोग्राम**
जस्टिन एम
रिद्धम शर्मा
अम्बेकर
वीके प्रणव
फलक

**48 से 50 किलोग्राम**
दिव्यांश यादव
अमन पंवार
अमन देव
लांचेबा सिंह

**50 से 52 किलोग्राम**
रिवांशु गौड़
याहया खान
लवसन सिंह
आदित्य
मंथोइबा

**52 से 54 किलोग्राम**
आशिन
श्रीविष्णु जीएम
मिर्जा अली बेग
एसडी सिंह

**54 से 57 किलोग्राम**
अध्विन
बी संजय
करूंघ
फरदीन

**57 से 60 किलोग्राम**
साहिल दुहन

**60 से 63 किलोग्राम**
अभिषेक कुमार
येला यशवंत चीना
लक्ष्य बलहारा
जी सुनिल कुमार

**63 से 66 किलोग्राम**
कैफ खान
कार्तिक बसे

**70 से 75 किलोग्राम**
रोवान जोसफ

**75 से 80 किलोग्राम**
साई कृष्णा

### खबर संक्षेप

#### विश्व कप की मेजबानी के लिए हुआ समझौता

**चेन्नई।** हॉकी इंडिया ने इस साल 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच पुरुष जूनियर विश्व कप की सह मेजबानी के लिए गुरुवार को तमिलनाडु सरकार के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। टूर्नामेंट की घोषणा कार्यक्रम के दौरान यहां आधिकारिक 'लोगो' का भी अनावरण किया गया। इस चरण में पहली बार दुनिया भर से 24 टीमें भाग लेंगी जिससे यह अब तक का सबसे प्रतिस्पर्धी चरण होगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, 'एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु 2025 अंतरराष्ट्रीय हॉकी कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है जिससे भविष्य के स्टार निकलते हैं।

#### सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में, पदक किया पक्का

**कुचिंग (मलेशिया)।** भारतीय खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई स्क्वाश चैंपियनशिप 2025 में सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पुरुष एकल में 45वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जोआचिम चुआ को 3-0 (11-7 11-6 11-6) से हराया। सेंथिलकुमार अब सेमीफाइनल में हांगकांग के दूसरे वरीय लाउ त्स क्वान से खेलेंगे। भारतीय खिलाड़ी ने 2023 में महाद्वीपीय प्रतियोगिता के पिछले चरण में मलेशिया के एनजी ईन यो से हारने के बाद रजत जीता था।

## अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया भारत

# शुभ मन से नए युग का आगाज आज भारत-इंग्लैंड के बीच होगी टेस्ट जंग

एजेंसी ▶▶ लीड्स

नया कप्तान, दृढ़ निश्चयी कोच, कुछ पुराने और कुछ नए चेहरे अगले 45 दिनों में एक दिलचस्प कहानी गढ़ने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। भारत शुक्रवार से यहां एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जाने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत अभी तक इंग्लैंड में केवल तीन बार टेस्ट श्रृंखला जीत पाया है। उसने 1971 में अजीत वाडेकर, 1986 में कपिल देव और 2007 में राहुल द्रविड़ की अगुवाई में यह उपलब्धि हासिल की थी। अब शुभमन गिल इस सूची में अपना नाम लिखवाने के लिए बेताब होंगे। लेकिन यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के कारण भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। इससे वह अनुभव के मामले में थोड़ा कमजोर नजर आती है। पच्चीस वर्षीय गिल के लिए यह श्रृंखला अग्निपरीक्षा से कम नहीं होगी, क्योंकि इंग्लैंड की टीम ने ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग और बेन स्टोक्स की कप्तानी में टेस्ट मैच की बल्लेबाजी की परंपराओं को बदल दिया है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम उनके आक्रामक रवैये का किस तरह से जवाब देती है।



प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर दोपहर 3.30 बजे से

#### पिच बल्लेबाजों की मददगार

भारत के 37वें टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का चयन इस बात पर अधिक आधारित था कि उनसे क्या अपेक्षा की जा सकती है। उनको यहां काफी कुछ साबित करना है। असामान्य रूप से गर्म लीड्स और हेडिंग्ले की आठ मिमी घास से भरी 22 गज की पिच इंग्लैंड के लिए बहुत भाग्यशाली नहीं रही है। ऐसे में जो भी टीम अच्छी बल्लेबाजी करेगी उसकी जीत की संभावना बढ़ जाएगी।

#### भारतीय आक्रमण मजबूत

टेस्ट क्रिकेट में 36 शतकों सहित 13,000 से अधिक रन बनाने वाले जो रूट की मौजूदगी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी कागजों पर भारत की तुलना में बेहतर नजर आती है। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल (58 टेस्ट, 3257 रन) हैं। लेकिन जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाला भारतीय गेंदबाजी आक्रमण इंग्लैंड की तुलना में मजबूत नजर आता है जिससे दोनों टीमों की स्थिति बराबर लगती है। ऐसा तब है जबकि तेज गेंदबाज बुमराह केवल तीन टेस्ट मैचों के लिए उपलब्ध है।

#### इंग्लैंड के गेंदबाज कमजोर

कोहली और रोहित की अनुपस्थिति के बावजूद भारत इंग्लैंड के गेंदबाजों को दबाव में ला सकता है। जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के संन्यास लेने तथा कुछ अन्य गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण इंग्लैंड का आक्रमण कमजोर नजर आता है। क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर तथा कप्तान स्टोक्स का गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी टीम में कोई खौफ पैदा नहीं करता।

#### टीम इस प्रकार हैं

**भारत:** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**इंग्लैंड (अंतिम एकादश):** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

### पेरिस डायमंड लीग

# सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶ पेरिस



नब्बे मीटर की बाधा पार कर चुके दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की नजरें सत्र के पहले बड़े खिताब पर होगी। वह शुक्रवार को यहां सितारों से भरी पेरिस डायमंड लीग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। डायमंड लीग के दूसरे चरण में भालाफेंक स्पर्धा में चोपड़ा के साथ जर्मनी के जूलियन वेबर, दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स भी आठ दावेदारों में होंगे। इनमें से पांच 90 मीटर का आंकड़ा छू चुके हैं।

■ सत्र के पहले बड़े खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे नीरज

वेबर ने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में चोपड़ा को हराया था जिसमें चोपड़ा ने 90 मीटर से ऊपर का थ्रो फेंका था। वेबर ने आखिरी थ्रो 91.06 मीटर का फेंककर पहला स्थान हासिल किया। चोपड़ा 90.23 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 31 वर्ष के वेबर ने 23 मई को पोलैंड में जानुज कुसोसिंकी मेमोरियल स्पर्धा में भी चोपड़ा को हराया था। वेबर ने 86.12 मीटर और चोपड़ा ने 84.14 मीटर का थ्रो फेंका था। पीटर्स दोनों में तीसरे स्थान पर रहे थे। पेरिस में चोपड़ा की नजरें वेबर से पिछली दोनों हार का बदला चुकता करने की होगी। वह डायमंड लीग के पेरिस चरण में आठ साल बाद खेलेंगे। उन्होंने पिछले साल ओलंपिक पर फोकस करने के लिए पेरिस डायमंड लीग में भाग नहीं लिया। पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर के थ्रो के साथ उन्होंने रजत पदक जीता था।

#### अन्य प्रतिद्वंद्वी भी 90 मीटर पार

चोपड़ा और वेबर के अलावा पीटर्स भी 2022 में 90 मीटर की बाधा पार कर चुके हैं। कीनिया के 2015 विश्व चैंपियन जूलियस येगो और त्रिनिदाद और टोबैगो के 2012 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता केशोर्न वालकॉट भी 90 मीटर क्लब में शामिल हैं जिन्होंने 2015 में यह कारनामा किया था। इनके अलावा पेरिस डायमंड लीग में ब्राजील के लुईज मौरिशियो डा सिल्वा, मोलडोवा के एड्रियन मारडारे और फ्रांस के रेमी रूजेटे भी भाग लेंगे। पेरिस डायमंड लीग के बाद चोपड़ा 24 जून से चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स मीट में भाग लेंगे। इसके बाद पांच जुलाई को बेंगलुरु में नीरज चोपड़ा क्लासिक खेलेंगे।

## तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 17 साल बाद बदला ट्रॉफी का नाम

**ट्रॉफी में सचिन का कवर ड्राइव और एंडरसन की सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि अंकित**

एजेंसी ▶▶ लंदन



सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन ने गुरुवार को नई 'एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी' का अनावरण किया। भारत और इंग्लैंड के बीच द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में जीतने वाली टीम को यह ट्रॉफी दी जाएगी। इससे पहले इस ट्रॉफी को पटौदी ट्रॉफी के नाम से जाना जाता था। पटौदी ट्रॉफी की शुरुआत 2007 में हुई थी। पटौदी सीनियर इंग्लैंड और भारत के लिए क्रिकेट खेले थे। वहीं टाइगर पटौदी ने भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी की थी। ट्रॉफी में तेंदुलकर के प्रतिष्ठित कवर ड्राइव और एंडरसन के सिग्नेचर बॉलिंग एक्शन की छवि के साथ-साथ दोनों महान क्रिकेटरों के साइन हैं। दोनों क्रिकेट बोर्डों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के बीच एक संयुक्त पहल है, जो अब इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाली सभी भविष्य की टेस्ट सीरीज का प्रतिनिधित्व करेगी।

#### सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन।** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए। इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया। इससे पहले ओन्स जाबेउर ने दूसरे दौर में चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 6-1, 6-3 से हराया था।



### सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 5-1 से हराया

# एशिया कप के पांच फाइनल मैच में पहुंचे भारतीय तीरंदाज

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में पांच स्पर्धाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा।

विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाया। रिकर्व मिश्रित टीम स्पर्धा में वैष्णवी पवार और विष्णु चौधरी ने सिंगापुर की तबीथा एर्न लिन येओ और यू लोंग ली को 5-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया। कुशल दलाल, गणेश थिरुमुरु और मिहिर अपार की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त



ऑस्ट्रेलिया को हराया। इसका फैसला शूट-ऑफ (30-29) से हुआ। फाइनल में भारत का मुकाबला कजाकिस्तान से होगा। शानमुखी बुड्डे, तेजल साल्वे और तनिष्का थोकल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने भी सेमीफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान को 230-229 से हराकर पदक पक्का किया। शानमुखी और कुशाल की शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय मिश्रित जोड़ी ने भी इंडोनेशिया की नूरिसा डियान अशरीफा और प्राइमा विष्णु वर्धना को एक रोमांचक सेमीफाइनल में 155-154 से हराकर एक और पदक पक्का कर लिया।

#### चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भारतीय

भारतीय तीरंदाज चार व्यक्तिगत पदकों की दौड़ में भी शामिल हैं। महिलाओं का कंपाउंड फाइनल भारत की दो खिलाड़ियों शानमुखी और तेजल के बीच खेला जाएगा। इस तरह से इस मुकाबले में भारत का स्वर्ण पदक जीतना तय है। पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में भारत स्वर्ण और कांस्य पदक दोनों के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा। कुशाल का सामना स्वर्ण पदक के लिए आस्ट्रेलिया के जोशुआ महोन से जबकि सचिन चेची का सामना कांस्य पदक के लिए बांग्लादेश के हिमू बछार से होगा।




**पीएम मोदी की कनाडा साइप्रस, क्रोएशिया यात्रा पूरी**


*अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। यात्रा के दौरान उन्होंने साइप्रस, कनाडा के जी-7 शिखर सम्मेलन और क्रोएशिया में जिन-जिन नेताओं से मुलाकात की, सभी को उपहार भेंट किए*

# नेताओं को दिए खास पारंपरिक तोहफे, भारत के आठ राज्यों से है गहरा नाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की यात्रा पूरी हो गई है। पीएम मोदी ने साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस से मुलाकात की। इसके बाद कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इसके बाद पीएम मोदी क्रोएशिया पहुंचे और वहां राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच से मुलाकात की। अपने दौरे पर पीएम मोदी देश के पारंपरिक उपहार लेकर गए थे। पीएम नरेंद्र मोदी ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग को मधुबनी पेंटिंग भेंट की। मधुबनी पेंटिंग को मिथिला कला भी कहा जाता है।

## ओडिशा का पट्टचित्र



क्रोएशिया के राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच को ओडिशा की एक पट्टचित्र पेंटिंग उपहार में दी। पट्टचित्र ओडिशा की पारंपरिक कला रूप है। ये कलाकृतियां आमतौर पर भारतीय पौराणिक कथाओं, खासकर भगवान कृष्ण और जगन्नाथ परंपरा से जुड़ी हैं। कलाकार प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित ब्रश का उपयोग करते हैं।

## सिल्वर कैंडल स्टैंड



पीएम मोदी ने क्रोएशिया के पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच को सिल्वर कैंडल स्टैंड उपहार में दिया। राजस्थान का यह सिल्वर कैंडल स्टैंड क्षेत्र की पारंपरिक धातु कला का सुंदर उदाहरण है। कुशल कारीगरों द्वारा हस्तनिर्मित और उत्कीर्णन तकनीकों का उपयोग करके बनाए गए विस्तृत पुष्प और ज्यामितीय डिजाइन हैं।

## पीतल का बोधि वृक्ष



पीएम मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को पीतल का बोधि वृक्ष भेंट किया। बिहार से पीतल का यह बोधि वृक्ष मूर्ति कला का एक सुंदर और सार्थक नमूना है। पीतल से हाथ से बनाया गया। यह पवित्र बोधि वृक्ष उस स्थान को दिखाता है जहा बुद्ध को बोधगया में ज्ञान प्राप्त हुआ था।

## कोल्हापुरी सिल्वर पॉट



ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज़ को कोल्हापुरी सिल्वर पॉट भेंट किया। यह खूबसूरत कोल्हापुरी सिल्वर पॉट महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बना है। जो चांदी की शिल्पकला की अपनी समृद्ध परंपरा के लिए जाना जाता है। शुद्ध चांदी से बने इस बर्तन को विस्तृत पुष्प और पैस्ले डिज़ाइनों से सजाया गया है।

## सोने की पत्ती से बना पेपर माचे बॉक्स



अल्बर्टा की लेफ्टिनेंट गवर्नर सलमा लखानी को सोने की पत्ती से बना एक पेपर माचे बॉक्स उपहार में दिया। जम्मू और कश्मीर का यह पेपर माचे बॉक्स इस क्षेत्र की समृद्ध कला परंपरा का एक सुंदर उदाहरण है। यह एक सजावटी वस्तु है।

## डोकरा नंदी मूर्ति



पीएम नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को डोकरा नंदी की मूर्ति भेंट की। तमिलनाडु की यह खूबसूरत डोकरा नंदी मूर्ति पारंपरिक धातु शिल्प और आध्यात्मिक कला का बेहतरीन मिश्रण है। यह प्राचीन खोई हुई मोम विधि का उपयोग करके बनाई गई है।

## हंस मूर्ति के साथ बेंत और बांस की नाव



ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा को हंस की मूर्ति के साथ बेंत और बांस की नाव उपहार में दी। हंस की मूर्ति के साथ बेंत और बांस की यह नाव मेघालय का एक सुंदर हस्तनिर्मित शिल्प है। बेंत और बांस जैसी प्राकृतिक सामग्रियों का उपयोग करके बनाई गई यह नाव पर्यावरण के अनुकूल है।

**ईरान ने यूएस को बीच में न आने की सलाह दी**

*◆ उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं*

# ईरान पर हमले की पूरी तैयारी, रवाना हुए अमेरिकी लड़ाकू विमान, दूतावास के लिए जारी हुआ अलर्ट



*पुतिन ने कहा कि रूस के ईरान के साथ अच्छे संबंध हैं और ईरान के बुशेहर में पहला परमाणु पावर प्लांट लगाने में भी रूस ने मदद की थी। रूस के 200 कर्मचारी बुशेहर में दो अन्य परमाणु प्लांट बनाने में ईरान की मदद कर रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच युद्ध जारी है, जिसमें ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिका ने स्थिति पर सख्त रुख अपनाया है और सुरक्षाबलों की तैनाती शुरू कर दी है। इसके साथ ही अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी है। अमेरिका भी ईरान को चेतावनी दे रहा है और ईरान के सर्वोच्च नेता को सरेंडर करने के लिए कह रहा है लेकिन ईरान ने अमेरिका को बीच में न आने की सलाह दी है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर हमले की तैयारी के मद्देनजर बड़ी संख्या में अमेरिका द्वारा लड़ाकू विमान और मालवाहक विमान मध्य पूर्व रवाना किए गए हैं। अमेरिका ने और अधिक सुरक्षा बलों को सेंट्रल कमांड के संचालन क्षेत्र में तैनात कर दिया है।

इजराइल में अमेरिकी दूतावास से गैर-जरूरी राजनयिकों और उनके परिवारों की निकासी शुरू कर दी

2 अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर और एक ब्रिटिश कैरियर इजराइल और ईरान के पास तैनात होंगे

### अमेरिका ईरान को चेता रहा है और उसे सरेंडर करने को कह रहा है



**पुतिन का मानना है...**



### शांति समझौते से परमाणु कार्यक्रम भी चलता रहेगा व इजराइल की सुरक्षा चिंताएं भी खत्म हो जाएंगी

उधर, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को पेशकश की कि वे ईरान और इजराइल के बीच जारी जंग में मध्यस्थता करा सकते हैं। पुतिन ने कहा कि मॉस्को ऐसा समझौता करा सकता है, जिससे ईरान शांतिपूर्ण तरीके से अपना परमाणु कार्यक्रम भी संचालित कर सकेगा और इजराइल की सुरक्षा संबंधी चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

*इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी*

### खामनेई पर हमला तो मिडिल ईस्ट जल उठेगा

इस बीच इराक के शीर्ष शिया धर्मगुरु अयातुल्ला अली सिस्तानी ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान के नेतृत्व को निशाना बनाया जाता है तो क्षेत्र में अराजकता फैल जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र में लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी और सभी के हितों को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे इस युद्ध को समाप्त करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण समाधान खोजने के लिए हर संभव कोशिश करें।



# कारोबारी मस्क के स्टारशिप में बड़ा धमाका, टेस्टिंग के दौरान फटा रॉकेट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क का स्टारशिप-36 रॉकेट टेक्सास के स्टारबेस टेस्टिंग साइट पर अचानक धमाके के साथ फट गया। इसकी लपटें और धुआं दूर-दूर तक दिखाई दिया। ये धमाका भारतीय समयानुसार 19 जून को सुबह करीब 09:30 बजे हुआ। धमाका उस वक्त हुआ जब 29 जून को होने वाले स्टारशिप के 10वें टेस्ट फ्लाइट से पहले रॉकेट का दूसरा स्टैटिक फायर टेस्ट चल रहा था। इस टेस्ट में रॉकेट को जमीन पर ही रखकर उसके इंजन को चालू किया जाता है, ताकि लॉन्च से पहले सब कुछ ठीक हो, ये चेक किया जा सके। टेस्ट शुरू होने से ठीक पहले, रॉकेट के ऊपरी हिस्से में, जहां फ्यूल टैंक होते हैं, अचानक विस्फोट शुरू हुआ। देखते ही देखते पूरा रॉकेट आग के गोले में बदल गया। आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि धमाका इतना जोरदार था कि उनके घरों की खिड़कियां हिल गईं। इस धमाके का जो वीडियो सामने आया है उसमें दिख रहा है कि रॉकेट के नोज यानी, ऊपरी हिस्से से अचानक आग की लपटें निकलती हैं और फिर पूरा रॉकेट धमाके के साथ फट जाता है।

### कोई हताहत नहीं, लेकिन नुकसान बड़ा

स्पेसएक्स ने इस हादसे के बाद बयान जारी कर बताया कि टेस्ट साइट के आसपास पहले से ही सुरक्षा का पूरा इंतजाम था। सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और आसपास के इलाकों में रहने वालों को भी कोई नुकसान नहीं हुआ। कंपनी ने लोगों से अपील की है कि वो टेस्ट साइट के पास न जाएं, क्योंकि अभी भी वहां आग बुझाने और सफाई का काम चल रहा है।




इंडिया ग्लोबल फोरम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल बोले

# भारत दे सकता है यूके की अर्थव्यवस्था को रफ्तार, एफटीए से मजबूत होंगे रिश्ते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था को तेजी से बढ़ने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इंडिया ग्लोबल फोरम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया संकटों और चुनौतियों से भरी है। फिर भी भारत स्थिरता, तेज विकास के दौर में है। यहां के लोग अपने शांत स्वभाव के कारण पूरे विश्वभर में जाने जाते हैं। चार करोड़ भारतीय विश्व के अलग-अलग देशों में रहते हैं जिन्हें उनकी प्रतिभा और कौशल के लिए पहचाना जाता है।

मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत भारत 90 प्रतिशत ब्रिटिश वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेगा, जिसमें 85 प्रतिशत दस वर्ष की अवधि में पूरी तरह से शुल्क मुक्त हो जाएंगे। इसके बदले में ब्रिटेन ने भारत के कुछ उत्पादों पर टैरिफ को कम करने पर सहमति जताई है। इससे 99 प्रतिशत भारतीय वस्तुओं पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।

### ब्रिटेन मंत्री लिसा नंदी से की मुलाकात



पीयूष गोयल दो दिवसीय यूके दौर पर हैं। वहां उन्होंने ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मंत्री लिसा नंदी से मुलाकात की। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बैठक से संबंधित पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि लीसा नंदी के साथ अच्छी चर्चा हुई। दो महान लोकतंत्रों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए अधिक अवसरों की खोज की। हमारे जीवंत द्विपक्षीय संबंधों के एक आवश्यक स्तंभ, अधिक सांस्कृतिक सहयोग और रचनात्मक अदान-प्रदान के लिए रास्ते तलाशे।

केदारनाथ धाम यात्राः हेलीकॉप्टर सेवा पर संशय

# मानसून के चलते लग सकता है ब्रेक, 22 जून के बाद बुकिंग नहीं



एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

केदारनाथ धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा पर एक बार फिर ब्रेक लग सकता है। इस बार मानसून के चलते आगे सेवा बाधित हो सकती है। 22 जून के बाद केदारनाथ हेली सेवा की टिकट बुकिंग पर संशय बना हुआ है। अभी तक उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण व आईआरसीटीसी ने तीसरे चरण के स्लॉट में टिकट बुकिंग की डेट जारी नहीं की है। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलने के साथ ही हेली सेवा शुरू हो गई थी।

### *राज्य सरकार ने एसओपी तैयार की*

*पहले स्लॉट में दो से 31 मई की यात्रा के लिए टिकट बुकिंग की गई। जबकि दूसरे स्लॉट में एक से 22 जून तक की यात्रा की टिकट बुकिंग की गई। 22 जून तक के टिकट फुल है। इससे आगे के लिए हेली टिकटों की बुकिंग पर संशय बना हुआ है। केदारनाथ धाम में हुए हेलीकॉप्टर हादसे के बाद से सीएम धामी के निर्देश पर प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जा रही है। जिसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109